

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

■ रायपुर,बुधवार 25 अक्टूबर 2023 ■ आश्विन शुक्ल पक्ष-11 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-207 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 26 अक्टूबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### पोलिंग बूथ में नक्सलियों ने फेंके पोस्टर

**सुकमा,25 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। जैसै-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है वैसे-वैसे राजनीतिक पार्टी तो सक्रिय हो ही रही है साथ ही नक्सली भी सक्रिय हो गए हैं। विधानसभा चुनाव के बीच नक्सलियों का विरोध लगातार जारी है। कुछ दिन पहले भी नक्लियों ने चुनाव के विरोध में पोस्टर लगाया था, जिसके बाद आज नक्सलियों की दक्षिण बस्तर सब जोनल ब्यूरो ने पोस्टर लगाया है। बता दें कि नक्सलियों ने चिंतलनार पोलिंग बूथ के सामने ही चुनाव के विरोध में पोस्टर लगाया है और लोगों से चुनाव का बहिष्कार करने की अपील की है। जारी किए गए पोस्टर में नक्सलियों ने लिखा है, कि छत्तीसगढ़ फर्जी विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करें! वैकल्पिक राजसत्ता- क्रांतिकारी जनताना सरकार को मजबूत करें।

### भूपेश बघेल की नामांकन रैली में शामिल होंगी प्रियंका

**रायपुर,25 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव का प्रचार जोर पकड़ने लगा है. कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी एक बार फिर छत्तीसगढ़ आएंगी. बता दें कि 30 अक्टूबर को दुर्ग में पाटन से सीएम भूपेश बघेल अपना नामांकन भरेंगे. इसमें प्रियंका गांधी शामिल होंगी. चुनावी सभा को भी संबोधित करेंगी. 30 अक्टूबर को सीएम भूपेश बघेल के साथ दुर्ग जिले के सभी प्रत्याशी एक साथ नामांकन भरेंगे. इस दौरान नामांकन रैली के बहाने सीएम बघेल अपना शक्ति प्रदर्शन करेंगे. इसके लिए कांग्रेस के क्षेत्रीय संगठन ने तैयारी की है.

### दो पिकअप में टक्कर एक की मौत,

**भानुप्रतापपुर,25 अक्टूबर।** भानुप्रतापपुर-कोरर मार्ग में मंगलवार को दो पिकअप आपस में भिड़ गए. हादसे में 1 की मौत हो गई है. वहीं 6 घायल हैं. बताया जा रहा है कि भानुप्रतापपुर और भानबेडा के बीच ये दुर्घटना हुई है. टक्कर के बाद दोनों वाहन पलट गए. इस एक्सीडेंट में वाहन चालक सतउ राम नेताम, निवासी खड़गांव मानपुर की भानुप्रतापपुर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई और 6 घायलों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है. सतउ राम पिकअप पिकअप में आधे घंटे तक फंसा रहा. कड़ी मशक्कत के बाद लोगों ने उसे बाहर निकाला था. वहीं समय पर एम्बुलेंस नहीं पहुंचने पर पुलिस ने घायलों को अपने वाहन में भानुप्रतापपुर अस्पताल पहुचाया था. जानकारी के मुताबिक भानुप्रतापपुर से जल जीवन मिशन के तहत केशकाल की ओर पिकअप से सामान लेकर वाहन जा रहा था.

### हवाई मार्ग से जुड़ेगा रायपुर जैसलमेर और दुर्गापुर

**रायपुर,25 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में अगले सप्ताह से रायपुर से जैसलमेर व दुर्गापुर के लिए नई फ्लाइट चलने वाली है। इंडिगो एयरलाइंस द्वारा 29 अक्टूबर से इन शहरों के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट शुरू की जा रही है। जानकारी के अनुसार फ्लाइट क्रमांक 2191 सुबह 9.35 बजे से रायपुर से दिल्ली के लिए उड़ान भरेगी और 11.30 बजे वहां पहुंचेगी। इसके बाद फ्लाइट क्रमांक 729 दिल्ली से दुर्गापुर के लिए दोपहर 14.30 बजे उड़ान भरेगी और 16.30 बजे दुर्गापुर पहुंचेगी। ट्रैवल्स संचालकों से मिली जानकारी के अनुसार फ्लाइट क्रमांक 2191 सुबह 9.20 बजे रायपुर से दिल्ली उड़ान भरेगी।

**विधानसभा चुनाव नामांकन**



रायपुर दक्षिण से भाजपा उम्मीदवार बृजमोहन अग्रवाल,ग्रामीण से कांग्रेस प्रत्याशी पंकज शर्मा अपने पिता विधायक सत्यनारायण शर्मा के साथ पश्चिम से भाजपा के राजेश मूणत तथा अभनपुर से कांग्रेस के धनेन्द्र साहू नामांकन भरने कलेक्टोरेट पहुंचे। यहां सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गये हैं।

## हिंदुओं की जीत पढ़ाओ और देश को लिखो भारत

### एनसीईआरटी की किताबों पर समिति का सुझाव

**नई दिल्ली,25 अक्टूबर।** एनसीईआरटी यानी नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग की किताबों में जल्द ही 'इंडिया' की जगह 'भारत' लिखा नजर आ सकता है। खबर है कि एनसीईआरटी की तरफ से एक गठित समिति इसकी सिफारिश की है। साथ ही एंशिएंट हिस्ट्री (प्राचीन इतिहास) की जगह किताबों में क्लासिकल हिस्ट्री (शास्त्रीय इतिहास) को भी शामिल किए जाने की संभावनाएं हैं। समिति ने हिंदू योद्धाओं की वीरगाथाओं को भी किताब का हिस्सा बनाने का सुझाव दिया है। एनसीईआरटी राष्ट्रीय शिक्षा नीति की तर्ज पर अपने पाठ्यक्रम में संशोधन कर रहा है। इसे तय करने के लिए 19 सदस्यीय नेशनल सिलेबस एंड टीचिंग लर्निंग मटेरियल कमेटी गठित की गई थी। बुधवार को समिति के अध्यक्ष सीआई आइजैक ने कहा, इंडिया शब्द का आमतौर पर इस्तेमाल ईस्ट इंडिया कंपनी और 1757 के प्लासी के युद्ध के बाद होना शुरू हुआ था। जबकि, भारत का जिक्र विष्णु पुराण जैसे प्राचीन लेखों में मिलता है, जो 7 हजार साल पुराने हैं। ऐसे में समिति ने आम सहमति से सिफारिश की है कि सभी कक्षाओं की किताबों में भारत के नाम का इस्तेमाल होना चाहिए। उन्होंने बताया, अंग्रेजों ने भारतीय इतिहास को प्राचीन, मध्यकालीन और आधुनिक में बांटा है। अब एंशिएंट का मतलब प्राचीन होता है। वो दिखाता है कि देश अंधेरे में था, जैसे कि उसमें कोई वैज्ञानिक जागरूकता थी ही नहीं। सौर मंडल पर आर्यभट्ट के काम समेत ऐसे कई उदाहरण भी हैं। हमने सुझाव दिया है कि मध्यकाल और आधुनिक के साथ-साथ क्लासिकल हिस्ट्री को पढ़ाया जाना चाहिए। समिति ने किताबों में हिंदू योद्धाओं की जीत के बारे में भी पढ़ाने की सिफारिश की है। उन्होंने कहा, फिलहाल, किताबों में हमारी असफलताएं शामिल की गई हैं। लेकिन मुगलों और सुल्तानों पर हमारी जीत के बारे में नहीं बताया गया। उदाहरण के लिए किताबों में बताया गया है कि मोहम्मद गौरी ने भारत पर आक्रमण किया था। उन्होंने कहा, जबकि, यह बहुत कम बताया गया है कि उसके भारत से जाने के पहले ही कोकारी जनजाति ने उसे मार दिया था। साथ ही समिति ने इंडियन नॉलेज सिस्टम को भी शामिल करने की सिफारिश की है।

## सिम्स की बदहाली: सरकार व कलेक्टर की रिपोर्ट पर हाईकोर्ट नाराज

**बिलासपुर,25 अक्टूबर।** मंगलवार को अवकाश के दिन चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल की स्पेशल डिवीजन बेंच में सिम्स की अव्यवस्था को लेकर सुनवाई हुई। राज्य शासन की ओर से अतिरिक्त मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, ने मंगलवार को हाई कोर्ट के समक्ष हलफनामा दायर कर जानकारी दी। कलेक्टर बिलासपुर ने पेन ड्राइव के साथ विस्तृत रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट देखकर कोर्ट ने नाराजगी जताई। तीन अधिवक्ताओं को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करते हुए जांच का निर्देश दिया है। 26 व 27 अक्टूबर को कोर्ट कमिश्नर सिम्स का निरीक्षण करेंगे व रिपोर्ट पेश करेंगे। डिवीजन बेंच ने मामले की सुनवाई के लिए एक नवम्बर की तिथि तय कर दी है। कोर्ट ने जनहित याचिका को नियमित बेंच के समक्ष पेश करने का निर्देश रजिस्ट्रार जनरल को दिया है।

मंगलवार को चीफ जस्टिस रमेश सिंह व जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल के डिवीजन बेंच में सुनवाई प्रारम्भ हुई। कोर्ट ने कहा कि राज्य शासन के रिपोर्ट से स्पष्ट है कि मेडिकल कॉलेज के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराया गया है, हालांकि, अतिरिक्त मुख्य सचिव ने न्यायालय के समक्ष यह खुलासा नहीं किया है कि क्या छत्तीसगढ़



इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (सिम्स) बिलासपुर में बुनियादी ढांचा और मशीनरी व उपकरण उपलब्ध हैं। कोर्ट ने कहा कि कलेक्टर अवनीश शरण ने 23. अक्टूबर 2023 के कवरिंग मेमो के साथ एक रिपोर्ट पेश की है। रिपोर्ट के साथ, एक पेन-ड्राइव में तस्वीरें भी प्रस्तुत की गई हैं। रिपोर्ट में जो प्रस्तुत किया गया है उससे एक अलग ही तस्वीर है। पूरे सिम्स की हालत बेहद खराब नजर आ रही है। कलेक्टर द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट और पेन ड्राइव में उपलब्ध फोटो एक दूसरे से मेल नहीं खाते हैं. तस्वीरें बहुत कुछ कहती हैं। कोर्ट ने कहा कि तस्वीरों को देखने से साफ है कि सिम्स में स्थापित शिकायत पेटी जंग लगी हालत में इमारत की एक जर्जर दीवार पर लटकी हुई थी। शिकायत पेटी कोई कोरी औपचारिकता नहीं है, बल्कि शिकायत पेटी में आम जनता से प्राप्त फीडबैक और शिकायतें संस्था को स्वयं सुधार, उन्नयन और सुधारात्मक उपाय करने में मदद करती हैं। कलेक्टर द्वारा पेश तस्वीरों को देखकर बहुत दुख और पीड़ा हुई है कि एक चिकित्सा संस्थान जो एक मेडिकल कालेज भी है, जहां हर दिन बड़ी संख्या में मरीज आते हैं, जो ज्यादातर वंचित होते हैं, सस्ती और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं पाने की उम्मीद के साथ आते हैं । ऐसी दुखद स्थितियों से गुजरना पड़ता है और यह समझा जा सकता है कि सीआईएमएस द्वारा प्रदान किए जा रहे उपचार की गुणवत्ता क्या होगी, जब माहौल, पूरा सामान और बुनियादी ढांचा खराब स्थिति में है।

## भाजपा विपक्ष में बैठने के लिए मानसिक रूप से है तैयार: भूपेश बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,25 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है. कांग्रेस ने पिछली बार की तरह इस बार भी किसानों के लिए कर्जमाफी का ऐलान किया है. घोषणा होने के बाद भाजपा सवाल उठा रही है. इसको लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर निशाना साधा है. सीएम बघेल ने कहा कि बीजेपी अभी से विपक्ष में बैठने के लिए मानसिक रूप से तैयार हो गई है. इसलिए अभी से सवाल कर रही है. हम किसानों के लिए काम किए हैं और करते रहेंगे. इससे छत्तीसगढ़ मजबूत होगा.



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बालोद के लिए रवाना हो गए है. यहां सीएम चुनावी सभा में शामिल होंगे. आज सीएम बघेल बालोद और बेमेतरा जिले में आमसभा को संबोधित करेंगे. बता दें कि आज दोनो स्थानों पर नामांकन है और आमसभा भी होनी है. कर्जमाफी की घोषणा पर बीजेपी के सवालों पर सीएम बघेल ने कहा कि बीजेपी के लोगों को धन्यवाद. अभी भी वो सवाल कर रहे हैं तो विपक्ष में बैठने के लिए मानसिक रूप से तैयार है. किसानों के लिए हमने काम किया है. किसान मजबूत होगा तो छग मजबूत होगा, इसलिए ये घोषणा की गई है.

पूर्व सीएम रमन सिंह के आवास देने की घोषणा पर सीएम बघेल ने प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि आवास हमने दे दिया है, केंद्र सरकार ने जो सर्वे किया था उनमें भी 47 हजार लोगों को हमने आवास की राशि दे दिया. सबको राशि दे दी गई है, इसके बाद हमारे सर्वे के हिसाब से 10 लाख लोग पात्र है उन्हे भी देंगे, कुल 17.5 लाख लोगों को आवास दिया जाएगा.श्री राम नाम से ध्रुवीकरण के मुद्दे पर सीएम ने कहा कि ये छग, माता कौशल्या का स्थल है इसका कभी बीजेपी ने संरक्षण और विकास नहीं किया. बीजेपी को कभी याद नहीं आई, ये लोग राम नाम से नोट और वोट मांगते है, राम हमारे आस्था का विषय है. हम नोट और वोट नही मांगते. अपने बूते पर बीजेपी कुछ नही कर सकती, बीजेपी में पर भरोसा तीन परोसा की नीति है.

मणिपुर में बाहरी ताकतों के हाथ होने की बात पर सीएम ने कहा कि विश्व गुरु कहते है भारत सुरक्षित है, भागवत जी कहते हैं बाहरी ताकत आ रही है, दोनों की बातों में विरोधाभाष है, दोनों मिल के गुमराह कर रहे हैं. आरक्षण बिल के लंबित होने पर सीएम ने कहा कि आरक्षण की बात हम पहले भी करते थे, आगे भी करेंगे, हम अभी भी मांग कर रहे हैं. जातिगत आरक्षण की भी मांग हम कर रहे हैं.ईडी की छापेमारी और चावल घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि यह सब भाजपा नेता और गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर हो रहा है। एक्स (ट्वीटर) पर उन्होंने लिखा कि ईडी ने एक बार फिर मनगढंत आरोप लगाकर भाजपा को एक चुनावी मुद्दा दिया है। शाह के इशारे पर ही अब की बार वे चावल घोटाले की बात कर रहे हैं। ईडी ने 10-12 राइस मिलरों से बयान लेकर अनुमान लगा लिया है।

## पांचों राज्यों में कांग्रेस की बनेगी सरकार: खड़गे

**नई दिल्ली,25 अक्टूबर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सबसे पुरानी पार्टी अगले महीने होने वाले सभी पांच राज्यों में सरकार बनाएगी। इसके साथ ही उन्होंने दादा किया कि भारतीय जनता पार्टी शासित मध्य प्रदेश में सत्ता विरोधी लहर है। खड़गे ने कहा कि छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारें अपना काम ठीक से कर रही हैं और वहां के लोगों को किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ रहा है। आपको बता दें कि नवंबर में पांच राज्यों - तेलंगाना, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मिजोरम - में एक या दो चरणों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन राज्यों में कांग्रेस लगातार अपनी ताकत लगा रही है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का सीधा मुकाबला भाजपा से है।



खड़गे ने कहा कि पांच राज्यों में होने वाले चुनाव को लेकर कांग्रेस की तैयारियां अच्छी चल रही हैं। हमें विश्वास है कि हम सभी राज्यों में जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्य रूप से मुद्रास्फीति और बेरोजगारी के कारण भाजपा के लिए सत्ता विरोधी लहर रही है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में लोग शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के खिलाफ हो रहे हैं। कांग्रेस प्रमुख ने केंद्र में बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी ने अपना कोई भी चुनावी वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा, जो भी वादे किए गए, भाजपा ने एक भी वादा पूरा नहीं किया। चाहे वह बेरोजगारी हो, किसानों की आय दोगुनी करना हो या निवेश हो।खड़गे अपने गृह जिले कलबुर्गी, कर्नाटक के दौरे पर हैं। वहां से उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार कर्नाटक की उपेक्षा कर रही है। उन्होंने कहा, (कर्नाटक को) कोई केंद्रीय परियोजना नहीं दी जा रही है।

## बाइक-ट्रक में टक्कर,तीन की मौत

**सूरजपुर,25 अक्टूबर।** दशहरे की रात उस वक्त तीन परिवारों की खुशियां मातम में बदल गई, जब बाइक सवार तीन युवकों की सड़क हादसे में मौत हो गई. बस और बाइक में जोरदार टक्कर होने से तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं बाइक के परखच्चे उड़ गए. घटना की सूचना पर भटगांव पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पीएम के लिए भेजकर मामले की जांच में जुटी. मिली जानकारी के मुताबिक, सोनगरा के रहने वाले अविनाश राजवाड़े ,परमेश्वर राजवाड़े और प्रेमसाय राजवाड़े तीनों एक बाइक पर सवार होकर दशहरा देखकर अपने घर जा रहे थे. इस दौरान विपरीत दिशा से महान थ्री खदान से एसईसीएल कर्मचारियों को लेकर वापस आ रही बस से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई, जिससे बाइक के परखच्चे उड़ गए. वहीं बाइक सवार तीनों युवकों ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया. हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची भटगांव पुलिस देर रात होने के कारण शवों को मरचुरी में रखवाया. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. वहीं इस हादसे के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है.

## भाला फेंक में मिले दो मेडल

**नई दिल्ली,25 अक्टूबर।** भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल ने बुधवार को इतिहास की किताबों को फिर से लिखा है. उन्होंने पुरुषों की F64 श्रेणी में एशियाई पैरा खेलों में न केवल स्वर्ण पदक जीता, बल्कि अपने विश्व रिकॉर्ड को भी बेहतर बनाया. उन्होंने 73.29 मीटर की शानदार दूरी हासिल की और अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ 70.83 मीटर को पीछे छोड़ दिया, जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में पेरिस में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था. वहीं पुष्पेंद्र सिंह ने भी कांस्य पदक जीता. उन्होंने 62.06 मीटर की सर्वश्रेष्ठ दूरी हासिल की. श्रीलंका की कोडिथुवाक्कू अराचिगे समिता डी ने 64.09 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक जीता. मैदान में एक और भारतीय, संदीप पदक से बाहर थे और चौथे स्थान पर रहे.

## जमीन विवाद में युवक पर चढ़ाया आठ बार ट्रैक्टर, मौत

**जयपुर,25 अक्टूबर।** भरतपुर में जमीनी विवाद में ट्रैक्टर से कुचलकर युवक की हत्या कर दी गई। आरोपी ट्रैक्टर चालक ने जमीन पर पड़े युवक पर 8 बार ट्रैक्टर का चढ़ाया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हत्या के उपरांत गांव में तनाव की स्थिति है। भरतपुर के बयाना क्षेत्र का मामला। आपको बता दें कि अड्डा गांव के बहादुर गुर्जर और अतर सिंह गुर्जर पक्षों में लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद को लेकर बुधवार सुबह करीब 8 बजे दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला करने के साथ ही पथराव किया। झगड़े के दौरान निरपत गुर्जर (35) पुत्र अतर सिंह जमीन पर गिर गया। तभी बहादुर पक्ष के एक युवक ने निरपत के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। रोकने के बावजूद आरोपी ट्रैक्टर ड्राइवर नहीं रुका और जमीन पर गिरे निरपत के ऊपर 8 बार ट्रैक्टर का पहिया चढ़ा दिया। जिससे निरपत की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। मर्डर के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। मृतक निरपत गुर्जर के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बयाना सीएचसी भेजा गया है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। झगड़े में दो बच्चों समेत 11 लोग घायल हुए है।

## पोल्ट्री फार्म में आग

**बेमेतरा,25 अक्टूबर।** कुसमी सुशांत पोल्ट्री फार्म बेमेतरा में भीषण आग लग गई। आगजनी से पोल्ट्री फार्म में करोड़ों का नुकसान हो गया है। वहीं बताया जा रहा है कि सूचना देने पर भी दमकल की टीम मौके पर नहीं पहुंची। पूरी घटना बेरला थाना क्षेत्र के ग्राम कुसमी की है। वहीं बलरामपुर जिले के ग्राम पंचायत सनावर में भी एक दुकान में सिलेंडर ब्लास्ट होने की वजह से भीषण आग लग गई। इस घटना में दो लोग आग की चपेट में आ गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। डायरेक्टर विकास ने कहा कि सुबह 11 बजे अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण फार्म के अंदर ब्लास्ट हुआ और आग लग गई। फार्म के अंदर नए चूजों को लाने के लिए तैयारी की जा रही थी। डायरेक्टर ने कहा कि, आग देखते ही देखते पूरे पोल्ट्री फार्म में फैल गई। इसकी जानकारी जिला प्रशासन को दी गई, जिसके बाद बेमेतरा जिला मुख्यालय से फायर ब्रिगेड की टीम आई, लेकिन तब तक करोड़ों रुपए के सामान जलकर राख हो गए थे।

## 55 गांव के ग्रामीणों ने मतदान का किया बहिष्कार

**नारायणपुर,25 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में आगामी 7 और 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव का मतदान किया जाना जाना है. एसे में बस्तर के अंदरूनी इलाकों में इन दिनों क्या चल रहा है, अबूझमाड़ नारायणपुर जिले का वह इलाका है, जहां सरकार की दखल आजादी के दशकों बाद अब भी नहीं है. यहां देश के विशेष पिछड़ी जनजाति अबूझमाड़िया जनजाति के आदिवासी निवासरत है, जो प्रकृति के साथ अपना जीवन साझा करते हैं. हम अबूझमाड़ के कच्चापाल गांव में पहुंचे, जहां सैकड़ों ग्रामीण बीते एक साल से धरने पर बैठे हुए हैं. यहां ग्रामीणों से जब हमने बात की तो ग्रामीणों ने पूर्णतः चुनाव का बहिष्कार करने की बात करते नजर आए. ग्रामीणों का कहना है कि 55 गांव से अधिक गांव के ग्रामीण अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठे हुए है. वहीं सरकार इनकी मांगों को लेकर गंभीर नहीं है, ग्रामीण सरकार पर अनदेखी का आरोप लगा रहे हैं और पूर्ण रूप से मतदान नहीं करने की बात कह रहे हैं. ग्रामीणों का कहना है कि जब उनकी मांगों को लेकर सरकार गंभीर नहीं है तो वे सरकार क्यों चुने?

नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में 5 जगह ब्रेहबेड़ा, कच्चापाल, मडोनार, ओरछा और तोयामेटा गांव में हजारों की संख्या में ग्रामीण अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं. ग्रामीणों की प्रमुख मांग, ग्राम पंचायत के प्रस्ताव के बिना सरकार की किसी भी प्रकार की दखल उनके ग्रामीण इलाको में ना हो, थाना और पुलिस कैंप ग्रामीण इलाकों में ना खुले, नए वन संरक्षण अधिनियम को रद्द करने और पेसा एक्ट जो ग्रामीणों के लिए बनाया गया है, उसे सुचारू रूप से लागू करने और पालन करने जैसी ग्रामीणों की मांग है. ग्रामीण इन मांगों को लेकर समय-समय पर जिला मुख्यालय में पहुंच कर ज्ञापन के माध्यम से रखते हैं, लेकिन साल बीतने के बाद उनकी कोई सुनने वाला नहीं है. अबूझमाड़ के ग्रामीण धरना स्थल पर अस्थाई झोपड़ियों का निर्माण किया है, जहां वे रात गुजारते हैं.

ग्रामीणों ने हमारी टीम से बातचीत में बताया कि उनके गांवों में सचिव सरपंच और कोई भी जनप्रतिनिधि चुनाव जितने के बाद नहीं पहुंचता है. ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल पाती है. अबूझमाड़िया बच्चे जाती निवास प्रमाण पत्र नहीं बन पाने के चलते शाला त्यागी हो रहे हैं,

जिनकी संख्या सैकड़ों में है. यहां स्कूल तो खोले गए हैं, लेकिन स्कूलों में शिक्षक भी नहीं आते हैं. वृद्ध ग्रामीणों को वृद्धा पेंशन भी नहीं मिल पाता है. सरकार ना पेय जल का इंतजाम कर पाती है ना ही स्वास्थ सुविधा का. हम जिस पंचायत कच्चापाल में गए हुए थे, वहां पंचायत चुनाव के बाद से अब तक ग्रामीणों की ओर से चुना गया सरपंच नहीं आया, सरपंच मुख्यालय में निवासरत है. ग्राम पंचायत का सचिव भी ग्रामीणों की सुध नहीं लेता है. इतना ही नहीं जब ग्रामीण अपनी समस्या को लेकर मुख्यालय उनके निवास तक पहुंचते हैं तो भी उनके समस्या का निराकरण ना ही सरपंच करते हैं और ना ही सचिव करते हैं.

वहीं, अबूझमाड़ के 5 जगहों पर धरने पर बैठे ग्रामीणों का मतदान बहिष्कार का ऐलान इस विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत में गिरावट लाएगा. नारायणपुर जिले के लगभग 4,000 वर्ग किलोमीटर में बसे अबूझमाड़ के हजारों मतदाता दंतेवाड़ा और बीजापुर विधानसभा से भी जुड़ा हुआ है. इसमें ग्रामीणों का चुनाव बहिष्कार सरकार की विफलता का एक सबसे बड़ा उदाहरण है. देखना यह है कि धरने पर बैठे ग्रामीण इस विधानसभा चुनाव में मतदान को लेकर कितना असर डाल पाते हैं.

## बाइक पेड़ से टकराई, दो युवकों की मौत

**जगदलपुर,25 अक्टूबर।** शहर के धरमपुरा मार्ग में पल्ली नाका के आगे पेड़ में बीती रात एक तेज रफ्तार बाइक पेड़ में जा टकराई, इस हादसे में बाइक में सवार दोनों युवक की मौके पर ही मौत हो गई, रात होने के वजह से लोगों ने नही देखा, सुबह युवकों के शव को देखने के बाद परपा पुलिस को मामले की जानकारी दिया गया, जहां शव को पीएम के लिए मेकाज भिजवाया गया, मामले के बारे में पुलिस ने बताया की पल्ली नाका फारेस्ट डिपो के पास सुबह लोगों ने देखा कि एक केटीएम बाइक पेड़ में टकराने के साथ ही एक युवक का शव पड़ा हुआ था। इसके अलावा कुछ दूरी पर दूसरा शव था। मामले के बारे में लोगों ने तत्काल ही पुलिस को दिया, पुलिस को मौके से दो मोबाइल भी बरामद हुआ, लेकिन फोन चालू नही होने के कारण पहचान नही होने के कारण जब उनके पेंट की तलाशी लिया गया तो एक युवक के जेब से एक आधार कार्ड मिला, जिसमें हेमंत जोसफ केरकेटा पिता एम केरकेटा 20 वर्ष निवासी बीजापुर भट्टीपारा पाया गया, वही दूसरे के बारे में अब तक पहचान नही हो पाया है, पुलिस ने दोनों शव को पीएम के लिए मेकाज भिजवाया, वही परिजनों का पता लगाया जा रहा है, जिससे सूचना दिया जा सके।

एक नजर

## कुत्ते ने काटा तो मालिक पर जुर्म दर्ज

**भिलाई, 25 अक्टूबर।** भिलाई कुत्ते के काटने से मालिक पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है मामले में पुलिस ने धारा 289 के तहत जुर्म दर्ज किया है पुलिस ने बताया कि आर्य नगर कोहका निवासी मोहनलाल सूर्यवंशी का बेटा रूद्रांश सुर्यवंशी को अमरनाथ जंघेल कोहका निवासी के कुत्ते ने काट लिया साक्षी सूर्यवंशी और रुद्रांश सुर्यवंशी चिप्स लेने के लिए परदेशी पान भंडार गये थे। तभी पान भंडार के सामने मोहल्ले के अमरनाथ जंघेल के घर से एक युवती पालतु कुत्ता को लेकर पान भंडार की ओर आई थी। इस दौरान पालतु कुत्ते ने रूद्रांश के बाये हाथ, कोहनी से लेकर हथेली तक तीन जगह काट दिया घटना की जानकारी रुद्रांश ने परिजनों को दी ।

## ताला तोड़कर मकान से चोरी

**भिलाई, 25 अक्टूबर।** भिलाई दुर्ग सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र मकान में ताला जड़कर नवरात्रि कार्यक्रम देखने गए परिवार के यहां नगदी और सोना चांदी के जेवरात पार हो गया शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि कायस्थ पारा वार्ड 6 निवासी मनोज तिवारी साइंस कालेज में सहायक ग्रेड 2 पद पर पदस्थ है। नवरात्रि कार्यक्रम के लिए परिवार समेत घूमने निकले थे। 20 अक्टूबर की मकान का आलमारी को देखने पर सोने का सिक्का 10 ग्राम, अंगूठी 5 ग्राम पुरानी और नगदी 50 हजार रुपए गायब मिला चोरी हुए कुल सामानों की कीमत 75 हजार रुपए आंकी गई है ।

## हथियार लेकर घूम रहा था गिरफ्तार



**भिलाई, 25 अक्टूबर।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र धारदार हथियार लेकर गुण्डागर्दी करने वाला आदतन बदमाश को सुपेला ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक धारदार चाकू बरामद कर लिया है सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मिलन चौक राधिका नगर सुपेला के पास आम जगह में धारदार हथियार चाकू लेकर आने-जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है सूचना मिलते ही सुपेला पुलिस ने तत्काल संदेही को घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपी के कब्जे से एक लोहे का धारदार चाकू जब्त किया गया आरोपी भोला गायकवाड़ निवासी न्यू कृष्णा नगर सुपेला को गिरफ्तार किया गया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के मुख्य आतिथ्य में मनाया जाएगा विजयादशमी का पर्व

**भिलाई।** पोटियाकला वार्ड 54 दुर्ग में वार्डवासियों ने हर्ष उल्लास के साथ एकता की भावना, संगठित होकर, भेदभाव को मिटाकर, धार्मिक,सामाजिक, राष्ट्रीय कार्यो में रूचि उत्पन्न करने के उद्देश्य से एवं परपंरा के निर्वहन हेतु गोविन्द नवयुवक समिति पोटियाकला के तत्वावधान में एवं समस्त वार्डवासियों के सहयोग से विगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी दशहरा महोत्सव 57वां वर्ष का आयोजन 25 अक्टूबर बुधवार को दशहरा मैदान में संध्या 7 बजे से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ताम्रध्वज साहू गृहमंत्री, छत्तीसगढ शासन तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता अरूण वोरा विधायक दुर्ग शहर एवं विशिष्ट अतिथि धीरज बाकलीवाल महापौर नगर निगम दुर्ग, राजेन्द्र साहू महामंत्री, प्रदेश कांग्रेस कमेटी, गिरधर मढरिया राष्ट्रीय अध्यक्ष, पिछडा समाज पार्टी (यू) मदन जैन जी अध्यक्ष, छ.ग.सराफा एसो. कांग्रेसनेता, गजेन्द्र यादव प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा, बसंत कुमार माण्डले, वरिष्ठ समाजसेवी, नेता प्रतिपक्ष नगर पालिक निगम, दुर्ग अजय वर्मा तथा वार्ड पार्षद अनूप चंदानिया एवं अन्य गणमान्य नागरिकगण सहित समिति के सभी पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे ।

# अरुण वोरा, गजेन्द्र यादव दुर्ग विधानसभा क्षेत्र से आमने-सामने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**दुर्ग।** शहर में चुनाव लड रहे अरूण वोरा जहां कटटर कांग्रेसी है वहीं भाजपा प्रत्याषी गजेन्द्र यादव आरएसएस के कार्यकर्ता है। अरूण वोरा का पक्ष कांग्रेसी ही कमजोर कर रहे हैं, अधिकतर कांग्रेसी कार्यकर्ता दबे मन से यह कहने में जरा भी संकोच नही कर रहे हैं कि कांग्रेस के लिए रात दिन एक करने वाले राजनेता को जब तक अरूण वोरा है तब तक षायद ही टिकिट मिले, अर्थात कांग्रेस की टिकिट बपौती बन चुकी है। भले ही तीन बार लगातार हारने के बाद भी कांग्रेस की टिकिट उनके चरण पादुका तक पहुंच गई थी, जिसका उन्हें फायदा भी मिला और फिर विधायक दुर्ग षहर बने गये। अब पुनः विधायक पद की दौड में कांग्रेस का दामन थाम कर चुनावी समर 2023 में कूद पडे है। पिछले विधानसभा चुनाव में तो उन्हें उनके पिताश्री मोतीलाल वोरा का भरपूर समर्थन मिला था जिसके कारण जीत का स्वाद चखे थे, लेकिन इस बार पूर्व मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा नही है इसका भी भारी प्रभाव इस बार पडेगा। इस बार अब उनको कौन संरक्षण देता है, वह इस चुनाव 2023 में पता चल जायेगा। क्योंकि दबे जुबान से वरिष्ठ कांग्रेसियों विषेष कर युवा कांग्रेसी यह कहने से नही चूक रहे हैं कि क्या कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उनकी सुध लेंगे और सांसद विधायक का तमगा लगायेंगे। दूसरी ओर भाजपा ने एक ऐसे युवा को टिकिट दिया है जो खांटी आरएसएस बनाम भाजपाई है। दुर्ग षहर के आम जन उससे उतना ही अपरिचित है जितना कि उनके पिताश्री बिसराराम यादव परिचित है। श्री यादव आरएसएस के छत्तीसगढ प्रभारी भी रहे हैं। भाजपा ने इस बार टकढी चाल चली है वह यह है कि एक बार हिन्दुत्व की छबि वाले व्यक्ति गजेन्द्र यादव को टिकिट दी गई है। श्री यादव भले ही आरएसएस से जुडे हुए है, बल्कि स्काउट गाईड का प्रतिनिधित्व भी करते रहे है। यदि पूर्व मंत्री हेमचंद यादव के समर्थक खुले दिल से मतदान करते हैं तो गजेन्द्र यादव चुनाव जीत जाए उसमें किसी को षंका नही होगी। वैसे भी गजेन्द्र यादव ओबीसी समुदाय का प्रतिनिधित्व करते है, जिसकी इस चुनाव क्षेत्र में 52 प्रतिषत है। यादव समाज के लोग भी बहुतायत में है, इस कारण अरूण वोरा जैसे विधायक को कडी टक्कर देने में गजेन्द्र यादव सक्षम है। षायद यही कारण है कि भाजपा ने हेमचंद यादव के परिवार के बदले बिसराराम यादव परिवार को महत्व दिया है।

## चंद्राकर व डोमनलाल कोर्सेवाडा ने शुभ मुहूर्त में भरा नामांकन



**भिलाई।** दुर्ग जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशियों ने सोमवार को शुभमुहूर्त में नामांकन दाखिल किया है। दुर्ग लोकसभा के सांसद व पाटन से भाजपा के प्रत्याशी विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण से भाजपा उम्मीदवार ललित चंद्राकर, अहिवारा से भाजपा के उम्मीदवार पूर्व विधायक डोमन लाल कोसेवाडा ने नामांकन भरा। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, भिलाई अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया, भाजपा नेता राजेंद्र पाध्ये सहित अन्य भाजपा नेता उपस्थित थे।

## जेपी यादव ने बढाई भाजपा की टेंशन वैशालीनगर से भरा नामांकन



भिलाई। भारतीय जनता पार्टी द्वारा पार्षद रिकेष सेन को टिकिट दिये जाने से बहुत लोगों में नाराजगी है। कई लोग तो खुलकर भाजपा प्रत्याषी को विरोध कर रहे हैं। इसमें इंजीनियर एवं भाजपा के पूर्व पार्षद जय प्रकाष यादव भी षामिल है। अन्य लोगों की तरह जे पी यादव का भी कहना है कि भाजपा रिकेष की जगह किसी को भी टिकिट दे दे उन्हें और सभी असंतुष्टों को स्वीकार हैं। भाजपा द्वारा रिकेष को टिकिट दिये जाने से क्षुब्ध जय प्रकाष यादव ने आज अपना निर्दलीय प्रत्याषी के रूप में कलेक्टोरेट पहुंचकर वैशालीनगर विधानसभा 66 क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर निषाद समाज से अनिल निषाद,कुर्मी समाज से र बिहारी समाज से विजय प्रसाद, ब्राह्मण समाज से आशीष तिवारी सहित अन्य शामिल थे।

# मुख्य निर्वाचन ने पदाधिकारियों विडियों कांफ्रेंस से जरिये अधिकारियों की बैठक ली और दिए निर्देश

**राजनांदगांव 25 अक्टूबर ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत आदर्श मतदान केन्द्र, संगवारी एवं दिव्यांग एवं युवा मतदान केन्द्रों, मतदान दिवस पर सहायता हेतु मतदाता मित्रों की ड्यूटी, वेबकास्टिंग, मतदाता सूचना पर्ची के मुद्रण एवं वितरण तथा अन्य निर्वाचन विषय पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले द्वारा आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं स्वीप नोडल अधिकारियों के साथ बैठक लेकर निर्वाचन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह, जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री अमित कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर, सहायक नोडल अधिकारी स्वीप श्रीमती रश्मि सिंह जुड़े रहे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने आदर्श मतदान केन्द्रों को मॉडल मतदान केन्द्र के रूप में जिले के धरोहर प्रदर्शित या अन्य अच्छी थीम पर प्रदर्शित करते हुए मतदान केन्द्र बनाने के निर्देश दिए। जिससे मतदान करने वाले मतदाताओं को आकर्षित किया जा सके। उन्होंने संगवारी मतदान केन्द्रों में महिला कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने और रिजर्व में भी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी महिला कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। इसके साथ दिव्यांग मतदान केन्द्र और युवा मतदान केन्द्रों के संचालन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने मतदान दिवस पर सहायता के लिए मतदाता मित्रों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान में पारदर्शिता लाने के लिए चिन्हांकित मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग किया जाएगा। उन्होंने मतदाता सूचना पर्ची के मुद्रण एवं वितरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बीएलओ को घर-घर जाकर जिम्मेदारीपूर्वक मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची वितरण करने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने ग्राम बोरी के दो मतदान केन्द्र का किया निरीक्षण

राजनांदगांव । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बोरी के दो मतदान केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। ग्राम बोरी में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला और शासकीय प्राथमिक शाला को मतदान केन्द्र बनाया गया है। इसके साथ ही संगवारी मतदान केन्द्रों के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने मतदान केन्द्र में प्रदर्शित जानकारी को पढ़कर प्रशंसा की। उन्होंने मतदान केन्द्र में प्रदर्शित विधानसभा का नाम, मतदान केन्द्र क्रमांक, मतदान केन्द्र में सम्मिलित क्षेत्र, मतदान तिथि, मतदान का समय और मतदाताओं की संख्या सहित अन्य जानकारी का अवलोकन किया। जिससे मतदाताओं को सुविधा होगी। उन्होंने दिव्यांग मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्र में रैम्प और दो-दो व्हीलचेयर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने होम वोटिंग के संबंध में बीएलओ से जानकारी ली। मतदान केन्द्र में वेबकास्टिंग, प्रकाश, पानी, शौचालय, दिव्यांगों के रैम्प की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने बीएलओ को दिए जाने वाले दायित्वों को जिम्मेदारीपूर्वक भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ को घर-घर जाकर जिम्मेदारीपूर्वक मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची वितरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार श्री मनीष वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## ग्राम मुड़िया में भाजपा पर ग्रामीणों ने जताया भरोसा, 40 ग्रामीणों ने किया भाजपा प्रवेश



**कवर्धा, 25 अक्टूबर।** विधासभा प्रत्याशी विजय शर्मा ने बोड़ला ब्लाक के सुदूर क्षेत्र में किया धुंधाधार जनसम्पर्क । इस दौरान भाजपा के राष्ट्रवादी,शुसासन और विकासोन्मुख कार्यशैली से प्रभावित होकर लगभग 40 ग्रामीणों ने भाजपा प्रवेश किया । भाजपा प्रत्याशी ने भगवा गमछा पहनाकर उनका स्वागत अभिनन्दन कर भाजपा में प्रवेश दिलाया । भाजपा से विजय शर्मा को प्रत्याशी बनाये जाने के बाद पूरे विधानसभा में उत्साह का वातावरण बना है । लोग भाजपा को समर्थन देने के साथ साथ बड़ी संख्या में पार्टी में सदस्यता भी ले रहे है । मंडल अध्यक्ष काशीराम उइके,पूर्व मंडल अध्यक्ष बरसाती राम वर्मा,विदेशी राम धुर्वे,संतराम धुर्वे,बलदाऊ चंद्रवंशी, डॉ रूप नाथ मानिकपुरी,रामजी मानिकपूरी, नव निर्मलकर, सुनील,दिलीप वर्मा,विजय पाटिल,प्रताप धुर्वे,राजेश साहू,चंदन ,कैलाश झारिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण,कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## सीएम की कर्जमाफी की घोषणा से किसानों में हर्ष : राजकुमार



**कवर्धा, 25 अक्टूबर।** कवर्धा शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने बताया की सीएम के कर्जमाफी की घोषणा से किसानों में खुशी की लहर है और मोहम्मद अकबर को भी बधाई देते है क्योंकि घोषणा समिति के अध्यक्ष मोहम्मद अकबर थे । प्रदेश के किसान खुशहाल होंगे ।

## सीएम की किसानों को कर्जमाफी लालीपाप:संतोष पटेल



**कवर्धा, 25 अक्टूबर।** कांग्रेसी नेताओं के कर्जमाफी से किसानों में खुशी है ।

इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा महामंत्री संतोष पटेल ने कहा कर्जमाफी सिर्फ लालिपाप है और विकास यदि धरातल पर होती तो कर्जमाफ़ की घोषणा नही करनी होती ।

# सिंटर प्लांट और प्लेट मिल ने दैनिक उत्पादन में बनाया नया रिकार्ड



**भिलाई।** भिलाई इस्पात सयंत्र के सिंटर प्लांट और प्लेट मिल ने दैनिक उत्पादन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्षन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सिंटर प्लांट ने 22 अक्टूबर 2023 को सर्वश्रेष्ठ दैनिक उत्पादन का आंकड़ा पार कर लिया। सिंटर प्लांट टीम ने 27049 टन सिंटर के उत्पादन के साथ, अपने 11 मार्च 2021 के 27017 टन सिंटर उत्पादन के विगत सर्वश्रेष्ठ आंकड़े को पीछे छोड़ दिया। सिंटर प्लांट -3 से 17525 टन सिंटर और सिंटर प्लांट -2 से 9524 टन सिंटर का उत्पादन कर टीम ने अपने प्रयासों से सिंटर निर्माण में गौरव बढ़ाया है। जिसे सिंटर प्लांट बिरादरी आगामी दिनों में बनाए रखने का प्रयास करेगी। सिंटर प्लांट टीम बिरादरी और सभी सहयोगी विभागों के सहयोग से यह उपलब्धि हासिल हो पायी है। इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। उल्लेखनीय है कि वित्त वर्ष 2023-24 की प्रथम छिमाही अप्रेल से सितम्बर के दौरान भी सिंटर प्लांट ने 29,87,719 टन सिंटर का उत्पादन दर्ज किया था। भिलाई इस्पात संयंत्र का प्लेट मिल विभाग बाजार में प्लेट की बढ़ती मांग को देखते हुए आपूर्ति पर जोर दे रही है। इसी का परिणाम है कि 21 अक्टूबर को 6562 टन का सर्वश्रेष्ठ दैनिक उत्पादन कर रिकॉर्ड दर्ज किया है। ज्ञातव्य हो कि प्लेट मिल ने विगत 21 अक्टूबर को प्रथम पाली में 422 स्लैब रोलिंग की ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की थी। त्यौहारों के बीच भी अपनी कर्मठ टीम की मदद से एक ही शिफ्ट में 400 से अधिक स्लैब रोलिंग करके एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। प्लेट मिल बिरादरी ने बेहतर प्लानिंग और अपनी तालमेल से, प्रथम पाली में 422 स्लैब की सफलतापूर्वक रोलिंग की है। इस रोलिंग के साथ, पिछले वर्ष द्वीतीय पाली में बनाये 355 स्लैब 03 अक्टूबर 2022 के अपने ही रिकॉर्ड को धवस्त कर दिया। इसके साथ ही अपने 373 फिनिश्ड प्लेटों के पुराने कीर्तिमान को ध्वस्त करते हुये, 502 प्लेटों की फिनिशिंग का रिकॉर्ड दर्ज कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जिसमें पाली का सर्वोच्च उत्पादन 2613 टन रहा। प्लेट मिल ने अपने इतिहास में पहली बार एक ही पाली में 400 का आंकड़ा पार कर लिया है। इस उपलब्धि पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने सम्बंधित विभागों एवं कार्मिकों को बधाई दी।

## विजयादशमी पर किया शस्त्रपूजन



**भिलाई।** भिलाई विजयदशमी पर्व के अवसर पर मंगलवार को पुलिस लाइन में एसएसपी राम गोपाल गर्ग ने मां दुर्गा और शस्त्रों की पूजा अर्चना की जिले में सुख शांति की कामना की इसके बाद हर्ष फायरिंग से रक्षित केन्द्र गूंज उठा पुलिस लाइन दुर्ग में शस्त्र पूजा के लिए विशेष इंतजाम किया गया था। एसएसपी रामगोपाल गर्ग के साथ शहर एएसी अभिषेक झा, ग्रामीण एएसपी अनंत कुमार साहू, आईसीयूडब्ल्यू एएसपी मीता पवार, भिलाईनगर सीएसपी विश्वदीपक त्रिपाठी समेत अन्य अधिकारी शामिल रहे। पंडित ने मंत्रोचारण कर पूजा अर्चना कराई सबसे पहले एसएसपी ने माता दुर्गा की पूजा कर शस्त्रों की पूजा की। उन्होंने मौके पर पुलिस अधिकारियों को विजयदशमी पर्व पर पूजा अर्चना क्योंकी जाती है इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद सभी अधिकारियों को साथ में लेकर हर्ष फायरिंग की ताकि बुराई का अंत कर अच्छाई पर जीत प्राप्त की जा सके। सभी को विजयदशमी की शुभकामनाएं दी कार्यक्रम में डीएसपी हेडक्वार्टर अलेक्जेंडर किरो, डीएसपी राजीव शर्मा, जिला सेनानी एवं जिला अग्नि शमन अधिकारी नगर सेना दुर्ग नागेन्द्र कुमार सिंह, वैशाली नगर टीआई ममता अली शर्मा, भट्ठी टीआई विपिन रंगारी, कुम्हारी टीआई संजीव मिश्रा, सिटी कोतवाली टीआई महेश धुरव, जामुल टीआई केशव राम कोसले सहित प्रशांत शुक्ला उपस्थित थे ।

# 15 दिवसीय मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम का समापन, तेलंगाना,असम, पंजाब, हावडा के विद्यार्थियों ने लिया भाग

**भिलाई।** स्वामी श्री स्वरुपानंद सरस्वती महाविद्यालय, हुडको, भिलाई में माईक्रोबायोलॉजिस्ट सोसायटी, इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में फिजिको कैमिकल और माईक्रोबायोलॉजिकल एनालिसिस ऑफ ड्रिंकिंग वाटरपर 15 दिवसीय मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम का समापन समारोह संपन्न हुआ। इस पाठ्यक्रम में महाविद्यालय के पैतालीस छात्रो के अलावा राष्टीय स्तर पर भी छात्रो ने भाग लिया जिसमे तेलगाना के टीएसडब्लूआरडीसी महाविद्यालय के छियालीस छात्र, डॉन बास्को विश्वविद्यालय असम, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब, पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, संतरागाची हावड़ा पश्चिम बंगाल से शोधार्थियों ने भी भाग लिया। विभिन्न जल स्त्रोतों जैसे शिवनाथ नदी, दुर्ग-भिलाई के तालाब, नल, कुए एवं बोर के पानी का रासायनिक एवं सूक्ष्मजीव परीक्षण किया गया जिससे ज्ञात हुआ कि दुर्ग-भिलाई के ब्यानवें प्रतिशत जलाशयों का पानी पीने योग्य है। शिवनाथ नदी का पानी शुद्धिकरण के पश्चात पीने हेतु उपयोग में लेना चाहिये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आर.एन. सिंग, प्राचार्य शासकीय वी.व्हाय.टी.पी.जी. स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग थे तथा अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने किया। कार्यक्रम की संयोजिका विभागाध्यक्ष सूक्ष्यजीव विज्ञान डॉ. शमा ए. बेग ने 15 दिवसीय मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम का सारगर्भित वक्तव्य पढ़ा और बताया कि अतिथि व्याख्यान हुए और रासायनिक एवं सूक्ष्य जैविक प्रायोगिक परीक्षण किये गये। रासायनिक जल परीक्षण महाविद्यालय एवं बीआईटी की रसायन शास्त्र प्रयोगशाला में किया गया। डॉ. संतोष सार डीन एवं विभागाध्यक्ष, रसायन शास्त्र बीआईटी, दुर्ग और स.प्रा. मोनिका मेश्राम के मार्गदर्शन में रासायनिक परीक्षण किये गये। विभिन्न स्थलों से एकत्र किये गये जल में से 37 स्त्रोतों का जल पीने योग्य पाया गया। छात्रों को जल शोधन संयंत्र का भ्रमण व्यावहारिक ज्ञान हेतु कराया गया जहां उन्होंने पानी के शुद्धिकरण की प्रक्रिया देखी। यह प्रक्रिया श्री दिनेश मिश्रा एवं सुश्री सुरुचि ताम्रकार ने समझायी। छात्रों को अंजोरा स्थित बिसलेरी उद्योग का भ्रमण कराया गया जहॉ उन्होंने भूमिगत जल के शोधन प्रक्रिया एवं बिसलेरी बॉटल निर्माण से लेकर पैकिंग तक की प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक देखा एवं उससे लाभान्वित हुये। महाविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. दीपक शर्मा एवं डॉ. मोनिषा शमा ने सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग को जल पर 15 दिवसीय मूल्य वर्धक पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु बधाई दी और छात्र ऐसे पाठ्यक्रमों में भाग लेकर विषय का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर सकते है। मुख्य अतिथि डॉ. आर.एन. सिंग ने मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम को विस्तारित करते हुये अपने व्याख्यान में पानी की महत्ता एवं मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम की उपयोगिता एवं उद्देश्यों से छात्रों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जिस पाठ्यक्रम में व्यावहारिक ज्ञान, प्रायोगिक ज्ञान, जागरुकता क्रमबद्ध सम्मिलित हो वह मूल्य वर्धक पाठ्यक्रम होते है और छात्रों को इस तरह के कोर्स में भाग लेकर उसे अपने कौशल विकास एवं जीवकोपार्जन के लिये उपयोग करना चाहिए। उन्होंने छात्रों को पानी के संचयन एवं पुर्नउपयोग के लिये प्रेरित किया और कहा कि तृतीय विश्व युद्ध पानी के लिये होगा ऐसा संभावित है क्योंकि तेल का विकल्प हमें मिल गया है परन्तु पानी का नहीं। पानी अमूल्य धरोहर है। अतः हमें इसे सहेजना और संरक्षित करना होगा उन्होंने ऐसे मूल्य वर्धक कार्यक्रम के लिये प्राचार्य एवं समस्त सूक्ष्मजीव विज्ञान के शिक्षकों को बधाई दी। प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग के द्वारा कराया गया यह जल पर 15 दिवसीय फिजिको कैमिकल एवं माईक्रोबॉयोलॉजिकल कोर्स अत्यधिक व्यवस्थित, आईक्यूएसी द्वारा मान्य, व्यावहारिक, मूल्यवर्धक एवं रोजगारमूलक है। इस पाठ्यक्रम में छात्रों ने पानी की महत्ता, रासायनिक गुणवत्ता, सूक्ष्मजीवों द्वारा जल जनित रोगों और उसके समाधान का सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त किया। छात्रों का मूल्यांकन कौशल परीक्षा द्वारा तीन चरणों में किया गया, जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता, बहुवैकल्पिक प्रश्न तथा तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता थे जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता में छात्रों में वी. सुष्मिता, बीएससी, शांति कुमारी द्वितीय वर्ष बीएससी टी एस डब्ल्यू आरडीसी, केसर पटेल बीएससी तृतीय वर्ष, सूक्ष्मजीवविज्ञान, स्वरूपानंद महाविद्यालय तथा के पुष्पीथा बीएससी टीएस डब्ल्यू आरडीसी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया तथा शोधार्थियों में सुखमनजीत कौर, पंजाब एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय, तनवीर, लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय तथा रक्तीम, पश्चिम बंगाल ने प्राप्त किया तथा तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में सैय्यदा तमन्ना यासमीन शोधार्थी डॉन बास्को विश्वविद्यालय असम ने प्रथम, बी. माधवी बीएससी टीएसडब्ल्यू आरडीसी, तेलंगाना ने द्वितीय व आदिती पाण्डेय, बीएससी द्वितीय वर्ष सूक्ष्मजीवविज्ञान, स्वरूपानंद महाविद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इन तीनों चरणों तथा सक्रिय सहभागिता के आधार पर सभी प्रतिभागियों को ग्रेड प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सभी छात्र-छात्राओं तथा अतिथि व्याख्याता एवं विभिन्न प्रतियोगिता के निर्णायकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। समापन सत्र में डॉ. संजू सिंह और डॉ. अल्का मिश्रा स. प्रा. जीव विज्ञान शासकीय वी.व्हाय.टी.पी.जी. स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग विशेष रूप से उपस्थित हुए । छात्रों ने अपना अनुभव साझा किया जिसमे सुश्री हर्षा सिंह एमएससी तृतीय वर्ष ने कहा इस पाठ्यक्रम के द्वारा मैंने जल परीक्षण एक जल शोधन कि प्रकिया की प्रथम बार प्रायोगिक रुप में देखा अब यह प्रक्रिया मुझे कंठस्थ हो गयी है। सुश्री शैरी एमएससी प्रथम सेमेस्टर ने कहा कि इन पंद्रह दिनों ने उसे जल के विभिन्न जल जनित रोगों एवं उससे बचाव की जानकारी प्राप्त की। बिसलेरी उद्योग के भ्रमण से मैंने भूमिगत जल से मिनिरल वाटर के निर्माण एवं उसके पैकेजिंग के बारे में जाना और यह अनुभव मेरे लिए अत्यधिक उत्साह वर्धक रहा जिसे मैंने बहुत मन से सीखा और यह मुझे अत्यंत सरल लगा। कार्यक्रम में मंच संचालन सुश्री समीक्षा मिश्रा द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन सुश्री योगिता लोखण्डे द्वारा किया गया।

## छूटे हुए लोग 30 अक्टूबर तक मतदाता सूची में जुडवा सकते हैं नाम:अमित जैन

**भिलाई।** वैशाली नगर विधानसभा के कांग्रेसी नेता अमित जैन से अपने सभी कार्यकर्ताओं से आव्हान किया है कि मतदाता सूची में इस विधानसभा में मतदान के लिए अंतिम बार नाम जोडने के लिए पोर्टल ओपन किया गया है।

सभी कार्यकर्ताओं के पास बूथ का मतदाता सूची है, वे इसकी जांच कर ले और जिन जिन का नाम इसमें जिस कारण भी छूट गया है वे जरूर नाम जुडवा लें। इसके लिए वे बीएलओ या अपने नजदीक के च्वाईस सेंटरों में जाकर 30 अक्टूबर तक जुडवा सकते हैं।

## एक नजर

### रक्षित केन्द्र राजनांदगांव में पुलिस अधीक्षक ने विजयादशमी पर्व पर की विधी विधान से शस्त्रों की पूजा



**राजनांदगांव 25 अक्टूबर।** विजयदशमी पर्व के शुभ अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी राजनांदगांव पुलिस लाईन-शस्त्रागार में प्रात 10:00 बजे पूरे विधि-विधान से अस्त्र-शस्त्रों की पूजा अर्चना एसपी श्री मोहित गर्ग द्वारा किया गया। शस्त्र पूजा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सोनिया उके, नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल, उप पुलिस अधीक्षक श्री दिलीप सिंह सिसोदिया, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री अजीत ओगरे, उप पुलिस अधीक्षक सुश्री तनुप्रिया, एवं थाना प्रभारी कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, सोमनी, तुमड़ीबोड़ व रक्षित निरीक्षक पुलिस लाईन, रक्षित केन्द्र के अधिकारी कर्मचारी, पूजा में शामिल हुए और किसी निर्दोष पर शस्त्र का कभी भी उपयोग न करने तथा असहाय आम जनों की रक्षा करने का संकल्प राजनांदगांव पुलिस द्वारा लिया गया। उपस्थित स्टाफ को प्रसाद का वितरण किया गया। इसके अलावा जिले के समस्त थाना/चौकी/कैम्पों में भी शस्त्र पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना प्रभारियों ने स्टाफ की मौजूदगी में शस्त्रपूजन किया।

### अवैध शराब बिक्री पर अंकुश पुलिस निरंतर कर रही है कार्रवाई

**राजनांदगांव 25 अक्टूबर।** धनंजय गोस्वामी डोंगरगांव ङ्क दिनांक 23.10.2023 को



पुलिस अधीक्षक महोदय, जिला राजनांदगांव मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव, उप पुलिस अधीक्षक राज0 दिलीप सिंह सीसोदिया, के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी निरी0 उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे डोगरगांव पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री करने व ले जाने वालो के खिलाफ जारी अभियान के तहत रेड कार्यवाही के दौरान आरोपी (1) बिहारी लाल साहू पिता स्व0 चन्द्रभान साहू, उम्र 40 वर्ष, निवासी रातापायली, (2) रवि ठाकुर पिता पंचराम ठाकुर, उम्र 23 वर्ष, निवासी बडगांव चारभाठा थाना डोगरगांव जिला राजनांदगांव,छ0ग0 को अवैध रूप से देशी प्लेन शराब बिक्री करते रंगे हाथों पकड़ा, आरोपी बिहारी लाल साहू के कब्जे से 22 पौवा देशी प्लेन शराब, 340/- बिक्री रकम नगदी एवं आरोपी रवि ठाकुर के कब्जे से 20 पौवा देशी प्लेन शराब 200/- बिक्री रकम नगदी को जप्?त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया, आरोपी को मौके पर गिर0 कर विधिवत कार्यवाही की गई है । रेडकार्यवाही मे सउनि रवि शंकर पैंकरा बेदराम चन्द्रवंशी, आर0 1433 कौशल सुधाकर, आर. 960 गौरव शेण्डे की विशेष भुमिका रही है ।

### जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 61 अभ्यर्थी लड़ेंगे चुनाव

**राजनांदगांव 25 अक्टूबर ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत राजनांदगांव जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 61 अभ्यर्थी चुनाव लड़ेंगे। नामांकन वापसी के दिन 12 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन वापस लिया। मतदान मंगलवार 7 नवम्बर 2023 को तथा मतगणना रविवार 3 दिसम्बर 2023 को किया जाएगा। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74 - डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत 3 अभ्यर्थी ने अपना नामांकन वापस लिया। नामांकन वापस लेने वाले अभ्यर्थियों में श्री राजेश श्यामकर, श्री दुर्जन लाल खरे एवं श्री धीरज कुमार मेश्राम शामिल है। डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से 10 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75- राजनांदगांव अंतर्गत 6 अभ्यर्थी ने अपना नामांकन वापस लिया। नामांकन वापस लेने वाले अभ्यर्थियों में श्री ताराचंद कुर्रे, श्री धीरज तिवारी, श्री नरेश डाकलिया, श्री राजेन्द्र टोडर, श्रीमती लक्ष्मी साहू एवं श्री हरीश खण्डेलवाल शामिल है। राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र से कुल 29 अभ्यर्थियों के मध्य निर्वाचन होगा। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत 3 अभ्यर्थी ने अपना नामांकन वापस लिया। नामांकन वापस लेने वाले अभ्यर्थियों में श्री बसंत लाल चन्द्रवंशी, श्री कोमल राम साहू एवं श्री मंगलदास मारकण्डे शामिल है। डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र से 12 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77- खुज्जी अंतर्गत किसी भी अभ्यर्थी ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र से 10 अभ्यर्थियों के मध्य निर्वाचन होगा।

# नम आंखों से विसर्जित किए गए दुर्गा प्रतिमा व जोत-जंवारा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**अंवरी 25 अक्टूबर।** नवमी को हवन पूजनपश्चात विजयादशमी को जंवारा एवं माता दुर्गा के प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया । माता के विसर्जन के लिए भक्तों की भारी भीड़ बांधा तालाब मे उमड़ पड़ी। भक्तों ने नवरात्रि विजयादशमी के मौके पर नम आंखों के साथ मां आदि शक्ति को विदा किया। नवरात्र के नौ दिनों के अनुष्ठान के बाद मंगलवार को जब माता के विदाई की बेला आई, तो मां से दूर होने का गम कमोबेश हर भक्तों के अश्रुपूरित आंखें स्पष्ट बता रही थी। श्रद्धालुओं ने माता को विदा कर सुख-समृद्धि और निरोग रहने की कामना की। भैसबोड़ के बांधा तालाब जाने वाले मार्ग में देवी भक्त एवं पुरे गांव के चौक चौराहो में खड़े होकर जंवारा एवं प्रतिमाओं को देखकर जयकारा लगाते रहे। इस दौरान विभिन्न चौक-



चौराहों के पंडालों में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाओं और जंवारा लेकर समिति वाले कतार बद्ध विसर्जन किये ।माता के सेवा एवं जसगीत गाते, ढोल-मजीरों के साथ एक तरफ जहां बाना लिए भक्त झूम रहे थे, तो दूसरी ओर कामना पूर्ति के लिए सिर पर जंवारा लिए युवक युवतियों- महिलाओं की टोली कतारबद्ध होकर चल रही थी । कई युवतियां एवं महिलाएं ऐसी भी थी, जो जँवारा के रास्ते जमीन पर लेटकर अपनी श्रद्धा प्रकट कर रहे थे। जंवारा और कलश लिए युवकों और महिलाओं की टोली इनके ऊपर से पार होकर जा रही थी। मान्यता है कि ऐसा करने से माता सभी शारीरिक कष्टो को हर लेती है। दुर्गा पंडालों से निकलने वाले माता की प्रतिमाओं को ट्रेक्टर, मेटाडोर अन्य वाहन में सवार कर नन्हें बच्चे, मुहल्ले की महिलाएं, देवी मां के भक्त झूमते हुए चल रहे थे। तालाब के जिस घाट में विसर्जित करने की परंपरा रही है, उसी के अनुरूप एक- एक कर प्रतिमाओं तथा जंवारा को विसर्जन किया गया । बांधा तालाब मार्ग पर कई जगह ठंडा पेय और शुद्ध पानी का इंतजाम माता के भक्तों ने कर रखा था। इस अवसर पर दुर्गा पंडालो के पंडा सुरुजभान तारक, जागेश्वर, तोरण साहू, गंगाराम तारक, दशरू यादव, नर्सिंग यादव, बिदेशी राम, रोहित साहू, तोरण नागारची, जिनेन्द्र साहू, दौलत राम, मोहेंद्र, केदार, दुलार, सेउकजन दुलरवा राम, हरिश साहू, कुम्भकरण, रविकुमार, बिसहत, बिरसिंग, लीलेश, शत्रुहन, भागवत, गजानंद, नीलकंठ, गजेंद्र साहू, कुमान राम, गणेश राम, शीतला पंडा रामप्रसाद ध्रुव, रोहित कंवर,समिति के सदस्यगण डेमन साहू, गंगाराम, होमेंद्र साहू, लोकेश साहू (पटवारी), दिलीप साहू, पुरण, एवन, दिनूराम, अस्वनी, हिमांचल, ओमप्रकाश, लक्ष्मीनारायण यादव, तेजराम साहू, सहित समस्त ग्रामवाशी उपस्थित रहें।

# अभिव्यक्ति कला मंच ने किया रामलीला मंचन-रावण दहन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद 25 अक्टूबर।** विजया दशमी पर्व 24 अक्टूबर को अभिव्यक्ति कला मंच द्वारा रामलीला मंचन-रावण दहन कार्यक्रम, कुरूद के गणेश समितियों द्वारा रामसेतु का आकर्षक झांकी प्रदर्शन प्रतिवर्ष परंपरानुसार लगातर 24 वर्षों से दशहरा उत्सव इस वर्ष भी नगर दशहरा उत्सव समिति द्वारा कुरुद दशहरा महोत्सव 2023 का आयोजन किया गया, जिसमें दिनांक 24 अक्टूबर को दशहरा महोत्सव के संरक्षक मंडल एवं पदाधिकारियों के आतिथ्य मे सम्पन्न हुआ ! महोत्सव मे मुख्य अतिथि के रूप मे आशीष शुभकामनाएँ महोत्सव समिति के संरक्षक-विधायक अजय चन्द्राकर जी, अध्यक्षता के रूप मे संरक्षक- न.प.अध्यक्ष तपन चन्द्राकर जी एवं आयोजन समिति की ओर से अध्यक्ष कुशल सुखरामणी जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, विशिष्ट अतिथिगणों मे संरक्षकगण-पूर्व न.प. अध्यक्षगण राजकुमारी दीवान जी, निरंजन सिन्हा जी, ज्योति चन्द्राकर जी, रविकान्त चन्द्राकर जी, न.प. उपाध्यक्ष मंजु प्रमोद साहु जी, दशहरा महोत्सव समिति के पदाधिकारीगण- संरक्षक अनिल चन्द्राकर जी, महासचिव भानु चन्द्राकर जी, कोषाध्यक्ष बसंत सिन्हा के आतिथ्य मे खेल मैदान कुरूद में सम्पन्न हुआ ! महोत्सव मे आतिथ्य सम्मान पश्चात अभिव्यक्ति कला मंच कुरुद द्वारा रामलीला मंचन एवं रावन दहन कार्यक्रम की सुंदर प्रस्तुति हुई, महोत्सव समिति द्वारा सभी अतिथियों, श्रद्धालुओं, जनसहयोगियों, प्रशासन, मिडिया सबका आभार व्यक्त महासचिव भानु चन्द्राकर ने एवं मंच संचालन प्रभात बैस, हरीश देवांगन ने किया ! इस अवसर पर कुरूद नगर के गणमान्य नागरिकगण, क्षेत्र के नागरिकगण, बाहर से आये अतिथि-मेहमान, शासन प्रशासन के कर्मचारी-अधिकारीगण आयोजन समिति के सदस्यों सहित 24 वर्षों के इतिहास मे सर्वाधिक विशाल जनसमूह 20 हज़ार से अधिक संख्या में श्रद्धालुजन महोत्सव के विजयादशमी पर्व में सम्मिलित हुए।



### सुन्दर नगर कॉलोनी में 50 फीट ऊंचे रावण दहन के साथ 1 घण्टे की आकर्षक आतिशबाजीः मृत्युंजय दुबे

**रायपुर 25 अक्टूबर।** सुन्दर नगर कॉलोनी के दशहरा मैदान में शाम 7 बजे सांसद सुनील सोनी , क्षेत्रीय विधायक बृजमोहन अग्रवाल , डॉक्टर सुरेन्द्र शुक्ला , पार्षद मृत्युंजय दुबे ने 50 फिट ऊँचे रावण का दहन किया । रावण दहन के तुरंत बाद आकर्षक मनमोहक आतिशबाजी का हजारों नागरिकों ने आनन्द लिया । सांस्कृतिक एवम सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति सुन्दर नगर कॉलोनी के द्वारा दूसरे वर्ष रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें लगभग 10 हजार से ज्यादा नागरिकों ने हिस्सा लिया ।



### सुहागिनों ने सिंदूर खेलकर मां दुर्गा को दी नम आँखों से विदाई



**रायपुर 25 अक्टूबर।** श्री श्री शारदीय दुर्गोत्सव त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति राजेंद्र नगर स्थित मंदिर परिसर में विजयदशमी के दिन 24 अक्टूबर को सिंदुर उत्सव का आयोजन किया गया। सुहागिनों ने सिंदूर खेलकर मां दुर्गा को नम आँखों से विदाई दी व अखण्ड सौभाग्यवती होने का वरदान मांगा। इसके साथ ही सभी भक्तों ने विश्व शांति की कामना भी की श्री श्री शारदीय दुर्गोत्सव त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति राजेंद्र नगर के सचिव श्री विवेक बर्धन ने बताया कि मंदिर प्रांगण में बंगाली समाज के साथ ही अन्य समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में माँ दुर्गा को सिंदूर लगाकर पूजा-अर्चना की एवं एक-दूसरे को भी सिंदूर लगाया। महिलाओं ने पांरपरिक नृत्य और गीत गाकर माँ दुर्गा को विदाई दी। सिंदूर खेला को देवी सिंदूर वरन के नाम से भी जाना जाता है। सिंदूर खेल का आयोजन शाम पाँच बजे से किया गया। श्री बर्धन ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार मां दुर्गा जब मायके से विदा होकर ससुराल जाती है तो उनकी मांग सिंदुर से सजाई जाती है। इसके बाद सुहागिन स्त्रियां एक-दूसरे को सिंदुर लगाकर शुभकामनाएं देती हैं। मान्यता है कि सुहागिनों को सौभाग्यवती होने का वरदान प्राप्त होता है। सिंदूर खेला के साथ ही सभी भक्तों ने सर्वे भवन्तु सुखीनः की प्रार्थना के साथ विश्व शांति की कामना भी की।

# सुपेला में सांग-बाना के साथ किया दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन

**अंवरी 25 अक्टूबर।** ग्राम सुपेला में दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन मंगलवार को गांव मे शोभायात्रा निकाल कर किया गया। गाँव में विराजित दुर्गा प्रतिमा को मादर के धुन व जसगीत सेवा गीत, भजन कीर्तन के साथ पूजा पाठ कर शुभारंभ किया। कई भक्तों ने बाजे की धुन में थिरकते झुकते हुए तलाब तक पहुंचे । विदाई की धुन भक्तिमय गीतों से गुंजी रही थी। दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगी रही। शरीर के विभिन्न अंगों में सांग बाना लेने वाले भक्त आकर्षक के केंद्र रहे। सेवा वाले भाइयो के द्वारा देवी मां की जसगीत भजन गाती हुई चलते रहें। शरीर में सांग, बाना धारण किए माता के भक्तों का उत्साह देखा गया। श्रद्धालुओं ने जवारा एवं देवी की पूजा कर परिवार में सुख एवं शांति के लिए आशीर्वाद मांगा।



गाँव के तालाब में विसर्जन किया गया। विसर्जन में पंडा खिलेश साहू व सुख राम साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन विसर्जन यात्रा में सम्मिलित हुए और माता रानी को नम आंखों से विदाई दी।

### सांग-बाना के साथ हुआ ज्योत जंवारा एवं दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन

**अंवरी 25 अक्टूबर।** ग्राम अंवरी में ज्योत जंवारा एवं दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन सोमवार को गांव मे शोभायात्रा निकाल कर किया गया। बाजार चौक विराजित दुर्गा प्रतिमा एवं महामाया मंदिर में बोये हुये जंवारा की सुबह आठ बजे पूजा आरती कर शोभायात्रा निकाली गई। मादर के धुन व जसगीत सेवा गीत, भजन कीर्तन के साथ कुल देवी महामाया मंदिर में पूजा पाठ कर शुभारंभ किया। इस दौरान महिलाओं ने ज्योत जंवारा का शोभायात्रा निकाला गया जिसमें पहले सेऊक भाई फिर सांग बाना वाले माताओं द्वारा जोत जवारा को अपने सिर पर रखे हुए कतार वध तरीके से गांव के सभी देवी देवताओं के पूजा पाठ करते हुए। शीतला मंदिर से होते हुए बजरंग चौक से गांव के बांधा तालाब विसर्जन के लिए गए वहीं कई भक्तों ने बाजे की धुन में थिरकते झुकते हुए तलाब तक पहुंचे । विदाई की धुन भक्तिमय गीतों से गुंजी रही थी। दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगी रही। शरीर के विभिन्न अंगों में सांग बाना लेने वाले भक्त आकर्षक के केंद्र रहे। जोत जंवारा का शोभायात्रा विसर्जन के लिए गांव के बाजार चौक से निकाल कर बजरंग चौक से होते हुए विसर्जन स्थल तक ले जाये गए।

### राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की ली बैठक

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 25 अक्टूबर।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय मोहला में विधानसभा चुनाव 2023 पुलिस पर्यवेक्षक महोदय विनोद कुमार , अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (भापुसे-1997 बैच,आसाम केडर) राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली गई। मीटिंग में राजनीतिक दल प्रतिनिधि व जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मॉनपुर मयंक तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ताजेश्वर दीवान, सम्मलित हुए, पुलिस पर्यवेक्षक ने जिला मोहला मॉनपुर अं चौकी में विधानसभा चुनाव 2023 को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए चुनाव को प्रभावित करने वाले आदर्श आचार संहिता के उलंघन सम्बन्धी सभी प्रकार की शिकायत अविलम्ब सम्बंधित अधिकारियों को अवगत कराने कहा गया एवं शिकायत निराकरण में अनावश्यक विलम्ब होने या सम्बंधित अधिकारियों से सार्थक उत्तर नही मिलने की स्थिति के लिए अपने मोबाइल नम्बर 7587016483 बताते हुए बेझिझक सम्पर्क कर या प्रत्यक्ष मिलकर वस्तुस्थिति/परिस्थिति/शिकायत से अवगत कराने का सुझाव दिए हैं।



# सामान्य प्रेक्षक ने दो विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव 25 अक्टूबर।** विधानसभा क्षेत्र डोंगरगांव एवं खुज्जी के सामान्य निर्वाचन प्रेक्षक श्री मुकेश कुमार ने डोंगरगांव के स्ट्रांग रूम एवं डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। सामान्य निर्वाचन प्रेक्षक श्री मुकेश कुमार ने डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 186 आरी, 187 आरी, 189 डोंगरगांव, 190 डोंगरगांव, 192 डोंगरगांव, 195 डोंगरगांव, 212 मोहड़, 213 मोहड़, 214 डोंगरगांव, 215 डोंगरगांव, 216 मटिया, 217 मटिया के मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केन्द्रों में पेयजल, विद्युत, रैम्प सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निर्वाचन प्रेक्षक श्री मुकेश कुमार ने खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट कल्लूबंजारी का निरीक्षण किया। उन्होंने चेकपोस्ट पर तैनात स्थैतिक निगरानी दल एवं सभी टीम को सतर्कता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थैतिक निगरानी दल से कहा कि अंतर्राज्यीय सीमा से जुड़े होने के कारण यहां से अवैध शराब परिवहन, नगदी एवं अन्य अवैध सामग्री का परिवहन हो सकता है। इसके लिए सभी को सजग रहकर सभी वाहनों की जांच करने के निर्देश दिए। निर्वाचन प्रेक्षक श्री मुकेश कुमार ने खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के दूरस्थ मतदान केन्द्र क्रमांक 14 लालूटोला, मतदान केन्द्र क्रमांक 15 डूमरडीह, मतदान केन्द्र क्रमांक 37 घोघरे, मतदान केन्द्र क्रमांक 56 बम्हनीचारभांठा, मतदान केन्द्र क्रमांक 86 दामाबंजारी, मतदान केन्द्र क्रमांक 33 छुरिया, मतदान केन्द्र क्रमांक 34 छुरिया का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी मतदान केन्द्रों में पेयजल, विद्युत सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



### नवरात्रि पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया



**राजनांदगांव 25 अक्टूबर।** जगह जगह पहुंचे राजनांदगांव से संयुक्त महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव योगेन्द्र दास वैष्णव ने राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र ग्राम धामनसरा ढोडिया भोथीपार खुर्द नया पारा भोथीपार खुर्द पुराना पारा दुर्गा काली शारदा पुजा अर्चना कर ढोडिया में सरपंच दिललु साहू के नेतृत्व भंडारा आयोजित किया गया था जिसमें सभी को थाली गिलास के उपयोग किया गया प्रदुषण मुक्त करने तथा केमिकल युक्त दोना पत्ता बंद करने सुझाव दिया नवरात्रि पर्व बड़ी धूमधाम मनाया जा रहा है साथ में डामन वैष्णव आई टी सेल जिलाध्यक्ष कृत लाल पटेल संयुक्त महामंत्री ब्लांक कांग्रेस रितेश पटेल केशव साहू राजु देशु पटेल सहित आयोजन समिति सदस्य ग्रामवासियों उपस्थित रहा।

### विजयादशमी के पर जीवनदान सेवा संस्था ने वोटर जागरूकता अभियान की शुरुआत की

**राजनांदगांव 25 अक्टूबर।** जीवनदान सेवा संस्था ने विजयदशमी के पावन पर्व पर मतदाताओं को जागरूक करने हेतु वोटर जागरूकता अभियान की शुरुआत की एवं लोगों से अपील की अपने मताधिकार का उपयोग कर सही प्रतिनिधि चुने, जिसके लिए संस्था ने लोगों से जुड़ने की अपील की है अपने आसपास के लोगों को जागरूक करें एवं अपने परिवार को सुरक्षित करें संस्था ने तीन जनहित मुद्दों को लोगों के समीप रखा जिसमें अपराधी घटना बेटी की सुरक्षा, शिक्षा के क्षेत्र में सही कार्य, स्वास्थ्य के क्षेत्र में सही कार्य इन जनहित मुद्दों को पूर्ण करने की जवाबदारी जो भी प्रतिनिधि लेंगे मतदाता उसे ही अपना मत दे, आज इसकी शुरुआत करते हुए संस्था ने लोगों से अपील की जिसमें यात्री वाहनों के मालिकों ने इसमें सहयोग कर अपने वाहनों में फ्लेक्स लगवाकर संस्था के इस मुहिम में सहभागी बने। इसकी शुरुआत दिग्विजय महाविद्यालय परिसर में स्थित रियासत कालीन प्राचीन बलदेव जी राधा कृष्ण मंदिर में राजपुरोहित दिलीप दास वैष्णव जी के द्वारा पूजा अर्चना कर शुरुआत की गई। इसमें प्रमुख रूप से संस्था के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र लाल जंघेल, प्रदेश महासचिव हरीश भानुशाली, प्रदेश उपाध्यक्ष भारत भूषण दास वैष्णव, सूरज गुप्ता, किशोर साहू, अमित चौहान, भूखन वर्मा, रतीलाल साहू, राजकुमार टंडन, बलराम पाटिला, गणेशु जांगड़े, हेमंत मिठिया, रौनक बाफना, शांतिलाल शांडिल,हुमन लाल सिंहा, प्रफुल्ल चंद्राकर, अभय जंघेल, संजय रामटेके आदि उपस्थित रहे।



# विधान सभा निर्वाचन के मद्देनजर पुलिस ने 162 मामले में की कार्रवाई

**राजनांदगांव 25 अक्टूबर।** रंगीन नंबर प्लेट वाहनों के 15 प्रकरण, प्रेशर हॉर्न वाहनों के 12 प्रकरण, बीना नंबर प्लेट के 02 प्रकरणों और अन्य मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 162 प्रकरणों में कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के उद्देश्य से वाहनों पर नंबर प्लेट में पद/नाम लिखे व रंगीन नंबर प्लेट, प्रेशर हॉर्न, तीन सवारी, वाहनों का कागजात नही होना, बिना सीट बेल्ट लगाये वाहन चालाने, शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों पर लगातार वाहनों की चेकिंग करने हेतु आदेश दिया गया था। जिस पर दिनांक 22.10.2023 को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा रंगीन नंबर प्लेट की 04 प्रकरण, प्रेशर हॉर्न के 02 प्रकरण एवं अन्य मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 05 प्रकरण, थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा रंगीन नंबर प्लेट के 02 प्रकरण, बिना नंबर प्लेट के 01 प्रकरण एवं अन्य मोटर व्हीकल एक्ट के 6 प्रकरण, ओपी सुरगी पुलिस द्वारा प्रेशर हॉर्न के 01 प्रकरण, अन्य मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 04 प्रकरण, थाना लालबाग पुलिस द्वारा बिना नंबर प्लेट के 01 प्रकरण, मोटर व्हीकल एक्ट के 11 प्रकरण, थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा प्रेशर हॉर्न के 09 प्रकरण, रंगीन नंबर प्लेट के 9 प्रकरण और अन्य अन्य मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 16 प्रकरण, थाना सोमनी पुलिस द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 08 प्रकरण, ओपी चिचोला पुलिस द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट के 12 प्रकरण, यातायात राजनांदगांव पुलिस द्वारा 120 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने हेतु यातायात नियमों का उल्लंघंटन करने वालों के विरूद्ध यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।



संपादकीय

# बीस साल बाद भारत ने न्यूजीलैंड को हराया

विश्व कप में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी है। भारत ने लगातार अपना पांचवा मैच जीतकर बता दिया है कि इस बार उसका मुकाबला अब तक तो कोई नहीं कर सका है। भारतीय टीम बैंटिंग व बालिंग के मामले में संतुलित हैं तथा दोनों अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे हैं। पहले बल्लेबाजी करनी हो तो बैट्समैन इतना रन बना देते हैं कि विपक्षी टीम उतने रन बना पाती है। भारतीय बालर उनको उतने रन से पहले आउट कर देते हैं। अगर विरोधी टीम पहले बल्ले बाजी करती है तो भारतीय बालर उनको ज्यादा रन बनाने नहीं देते हैं और बैट्समैन उतना रन आसानी से बनाकर मैच जीत जाते हैं। भारतीय टीम की जीत में बालरों व बैटंसमैन, फील्डिंग सबका सराहनीय योगदान है। किसी भी टीम में जब हर क्षेत्र में खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो टीम एक के बाद एक मैच जीतती जाती है। इस विश्वकप में भारती पांच टीमों से मैच खेल चुकी है, और सभी को हराकर बता दिया है कि इस बार उसका इरादा तीसरा विश्वकप जीतने का है। भारत न्यूजीलैंड का मुकाबला इसलिए अहम था कि भारत पिछले 20 साल विश्वकप में न्यूजीलैंड को हरा ही नहीं सका था। वह विश्वकप में न्यूजीलैंड से हार जाता था। न्यूजीलैंड को हराना भारत का बड़ा सपना था और यह सपना रोहित शर्मा की कप्तानी में पूरा हो गया है। इसी के साथ अंकतालिका में भारत सबसे ऊपर हो गया है। वह अकेला ऐसा देश है जो एक मैच भी नहीं हारा है। बाकी सब टीम एक से ज्यादा मैचा हार चुके हैं। न्यूजीलैंट एक मैच, द.अफ्रीका एक मैच,आस्ट्रलिया दो मैच,पाकिस्तान दो मैच,बांगला देश तीन मैच, नीदरलैंट तीन मैच, इंगलैंड तीन मैच,अफगानिस्तान तीन मैच हार चुके हैं। अजेय न्यूजीलैंड को हराने को भारतीय बालरो, बैट्समैन दोनों की सराहनीय भूमिका रही।न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए है 50 ओवर में 273 रन बनाए। एक खिलाड़ी ने शतक लगाया। न्यूजीलैंट वाले कुछ रन और बना सकते थे लेकिन भारतीय गेंदबाजों की शानदार गेंदबाजी के कारण वह इतना ही रन बना सके। शमी ने पांच विकेट लेकर विश्वकप में पांच विकेट दो बार लेने का रिकार्ड बनाया। न्यूजीलैंड की पारी के जवाब में भारतीय बैट्समैन ने अच्छी शुरुआत की। कप्तान रोहित शर्मा ने आक्रामक पारी खेलते हुए जीत के लिए मजबूत नींव रखी। वह 46 रन बनाकर आउट हुए। तब तक उन्होने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को हावी नहीं होने दिया। इसके बाद बाकी का काम विराट कोहली ने कर दिया। वह एक छोर पर मजबूती से जमे रहे और भारत को जीत की दहलीज पर पहुंचाया और वह छक्के के साथ शतक पूरा करने के चक्कर में 95 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद तो भारत की जीत एक औपचारिकता भर रह गई थी। विराट कोहली शतक नहीं बना सके लेकिन तीन लोगों को पचास पचास रन की साझेदार कर भारतीय पारी को मजबूती दी, इससे भारत की जीत का रास्ता प्रशस्त हुआ।यह विश्वकप में भारत की न्यूजीलैंड पर चौथी जीत है। इससे पहले भारत ने न्यूजीलैंड को 2003 में हराया था। अब बीस साल बाद चौथी बार हराने में सफल रहा है। न्यूजीलैंड व लगातार पांचवी जीत से भारतीय खिलाड़ियों का आत्मविश्वास और बढ़ेगा तथा वह अब जो भी मैच होगा उसे भी जीतने का प्रयास करेंगे। भारत अब तक विश्वकप में आस्ट्रेलिया,अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश,न्यूजीलैंट को हरा चुका है। उसने आस्ट्रेलिया को हराकर अपने जीत की शुरुआत की। आने वाले दिनों में उसे द.अफ्रीका, इंग्लौंड, श्रीलंका, नीदरलैंड को हराना है। इनमें द.अफ्रीकी की टीम ही भारत को टक्कर दे सकती है। बाकी टीमों से भारत आसानी से जीत सकता है। यानी चार मैचे से तीन मैच भी जीत जाता है तो भारत सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा। उस तीसरा विश्वकप जीतना है तो सेमीफाइनल तो हर हाल में जीतना होगा। नहीं तो इतने शानदार प्रदर्शन का कोई मतलब नहीं रह जाएगी। तीसरा विश्वकप जीतना भारत का सपना है, इस बार यह पूरा हो सकता

# ख़ास लोगों की बनती जा रही आमजन की ट्रेन ?

बदलाव
निर्मल रानी



**रैपिड रेल में यात्रियों को कई विशेष सुविधाएं दिये जाने की भी ख़बर है। मिसाल के तौर पर इसमें ओवरहेड लगेज रैक, वाई-फ़ाई और हर सीट पर एक मोबाइल और लैपटॉप चार्जिंग सॉकेट जैसी यात्री सुविधायें तो होंगी ही साथ ही यह कई सुरक्षा सुविधाओं से भी युक्त होगी। इसमें आम यात्रियों की सुविधा के लिए शताब्दी ट्रेन या हवाई जहाज़ की इकोनॉमी क्लास जैसी रिक्लाइनिंग सीटें लगाई गई हैं।**

नवरात्रि के अवसर पर पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की पहली रैपिड रेल सेवा का उद्घाटन किया। नमो भारत के नाम से चलने वाली यह रैपिड रेल सेवा अपने पहले व शुरुआती चरण में ग़ाज़ियाबाद के साहिबाबाद व दुहाई डिपो के बीच संचालित होगी। रैपिड रेल सेवा के इस पहले फेज़ में 5 स्टेशन होंगे। इसकी गति 100 किलोमीटर प्रति घंटे से 160 किलोमीटर प्रति घंटे तक होगी। यह हर 15 मिनट में उपलब्ध होगी । और प्रत्येक स्टेशन पर केवल 30 सेकंड के लिए रुकेगी। इसमें मेट्रो की तरह महिलाओं के लिए अलग कोच होगा। इस हाई स्पीड ट्रेन में फ़िलहाल कुल 6 कोच होंगे। इस ट्रेन के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री ने एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ÷मुझे छोटे सपने देखने की आदत नहीं है। न ही मुझे मरते-मरते चलने की आदत है। दिल्ली-मेरठ का रैपिड ट्रेन की यह शुरुआत है। पहले फेज़ में दिल्ली, क्क हरियाणा, राजस्थान के इलाक़े नमो भारत से कनेक्ट होंगे। देश के बाक़ी हिस्सों में ऐसा ही सिस्टम बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मैंने तो बचपन रेलवे ट्रैक पर बिताया है। आज रेलवे का ये नया रूप मुझे सबसे ज़्यादा आनंदित करता है। ये अनुभव प्रफुल्लित करने वाला है।% प्रधानमंत्री ने कहा कि -%नमो भारत ट्रेन में आधुनिकता भी है, अद्भुत स्पीड भी है। ये ट्रेन नए भारत के नए सफ़र और नए संकल्पों को परिभाषित कर रही है। दिल्ली-मेरठ क्क्क्ष्ल्र कॉरिडोर 82 किलोमीटर लंबा है। इस प्रोजेक्ट पर क़रीब 30 हज़ार करोड़ रुपए ख़र्च हो रहे हैं %। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह भी कहा कि-% इस दशक के अंत तक आपको भारत की ट्रेनों और रेलवे की सूरत बदलती नज़रआएगी।% देश को तीव्र गामी अति आधुनिक रेल मिलना निश्चित रूप से गर्व की बात है। मेट्रो की सुविधाओं की ही तरह मेरठ-दिल्ली रुट पर चलने वाले दैनिक यात्री ख़ास तौर से इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। परन्तु जब प्रधानमंत्री इस दशक के अंत तक भारत की ट्रेनों और रेलवे की सूरत बदलने की बात करते हैं तो देश के उन करोड़ों दैनिक रेल यात्रियों पर नज़र जाना स्वभाविक है जो कोविड काल से अब तक रेल दुर्व्यवस्था का शिकार हैं। देश के कई इलाक़ों में स्थानीय स्तर पर चलने वाली कई दैनिक सवारी रेल गाड़ियां बंद पड़ी हुई हैं। अनेक क्षेत्रों में रेल विभाग मनमानी तरीक़े से जब चाहे ट्रेन कैंसिल होने की घोषणा कर देता है। उदाहरण के तौर पर छत्तीसगढ़ के बस्तर, रायपुर ,भुवनेश्वर लाइन की कई सवारी रेल गाड़ियां अक्सर कैंसिल हो जाती हैं। जिससे ज़रूरतमंद यात्रियों को बसों से जाना पड़ता है। उधर बस सेवा प्रदान करने वाले इसे %आपदा में अवसर % मानकर परेशान यात्रियों से मनमाने पैसे वसूलने लगते हैं। कोविड काल के बाद सैकड़ों यात्री गाड़ियों को स्पेशल ट्रेन का नाम दे दिया गया है। जबकि उनका रुट,स्टॉपेज,छूटने पहुँचने का समय ,गति आदि सब कुछ पूर्ववत है। परन्तु केवल स्पेशल% का टैग लगने मात्र से इसका किराया दस रूपये की जगह तीस रूपये कर दिया गया है। उदाहरण के तौर पर इस श्रेणी में अम्बाला -कुरुक्षेत्र,सहारनपुर,नांगल डैम,लुधियाना आदि रुट पर चलने वाली डेमू व ईमू जैसी अनेक सवारी गाड़ियों को देखा जा सकता है। क्या देश के आम यात्रियों को परेशानी में डालने की शर्त पर ही भारत की ट्रेनों और रेलवे की सूरत बदलने की योजना है ? आम रेलयात्रियों को परेशान करने वाले कई फ़ैसले सरकार ख़ामोशी से भी ले लेती है। जबकि सरकार किसी नयी योजना का जमकर ढिंढोरा पीटने में कोई कसर बाक़ी नहीं रखती। उदाहरण के तौर पर श्रीगंगानगर-ऋषिकेश -गंगानगर रुट पर दशकों से 14712 /14711 नंबर वाली इंटरसिटी ट्रेन परिचालित होती थी। इसमें एक डिब्बा ए सी चेयर कार का होता था जबकि शेष ट्रेन का पूरा रैक सामान्य क्लास का होता था। विगत कुछ समय से इसी ट्रेन पर बाड़मेर -ऋषिकेश -बाड़मेर के बोर्ड लगे नज़र आने लगे जबकि ट्रेन का नंबर वही 14712 /14711 ही रहा। हाँ ट्रेन के रैक में एक बड़ा परिवर्तन ज़रूर हुआ। अब इसमें तीन कोच ए सी के लग गए, और अधिकांश कोच आरक्षित स्लीपर क्लास के कर दिए गये। जबकि ट्रेन के आगे और पीछे केवल दो दो कोच सामान्य यात्रियों ( अनारक्षित ) के लिये छोड़े गये। और अब इसी 1 अक्टूबर से इस ट्रेन का नंबर भी अचानक बदल कर 14816 /14815 कर दिया गया। ज़रा सोचिये कि जो ट्रेन गंगानगर हरिद्वार रुट पर गंगा स्नान करने वाले आम यात्रियों को लती ले जाती हो ,जिस ट्रेन से इस पूरे मार्ग के लोग अपने मृत जनों की अस्थियां लेकर आते आते हों,कांवड़ यात्रा के दिनों में जिसपर लाखों कांवड़ यात्री आते जाते हों ,यदि उसी गाड़ी के अधिकांश कोच स्लीपर क्लास के लिये आरक्षित कर दिए जाएँ , इससे बड़ा अन्याय आम रेल यात्रियों के साथ और क्या हो सकता है। ख़बर है कि 14712 /11 व एक अन्य ट्रेन को 14816 /14815 में समाहित कर दिया गया है। यानी दो ट्रेन समाप्त कर एक कर दी गयी है। कहाँ तो सरकार देश के ग़रीबों पर तरस खाकर उन्हें पांच किलो राशन फ़्री या सस्ते में देकर उनके प्रति हमदर्दी जताती है। और इस मुफ़्त राशन के बदले में वोट पाने की भी उम्मीद रखती है। और कहाँ तो उनके गंतव्य तक आने जाने वाले एकमात्र सुलभ साधन को उनकी पहुँच से दूर कर देती है? आख़िर आम रेल यात्रियों के साथ यह कैसा न्याय है ? रैपिड रेल में यात्रियों को कई विशेष सुविधाएं दिये जाने की भी ख़बर है। मिसाल के तौर पर इसमें ओवरहेड लगेज रैक, वाई-फ़ाई और हर सीट पर एक मोबाइल और लैपटॉप चार्जिंग सॉकेट जैसी यात्री सुविधायें तो होंगी ही साथ ही यह कई सुरक्षा सुविधाओं से भी युक्त होगी। इसमें आम यात्रियों की सुविधा के लिए शताब्दी ट्रेन या हवाई जहाज़ की इकोनॉमी क्लास जैसी रिक्लाइनिंग सीटें लगाई गई हैं। हर तरफ़ डिजिटल स्क्रीन लगाई गई हैं, जिससे स्टेशन से जुड़ी जानकारी के साथ ही ट्रेन की टाइम स्पीड का भी पता चलेगा। इस ट्रेन में प्रवेश के लिए हाई-टेक स्वचालित गेट्स लगे हैं और यात्रियों की सुरक्षा हेतु प्लेटफ़ार्म और ट्रेन के ट्रैक के बीच कांच की दीवार भी लगाई गई है। अब ज़रा यात्री गाड़ी और साधारण स्टेशन की इससे तुलना कीजिये। स्टेशन पर गाय ,कुत्तों, भिखारियों व अवांछित तत्वों का साम्राज्य ,ट्रेन में भिखारी या साधूवेषधारी को बिना टिकट चलने की पूरी आज़ादी , तमाम स्टेशन पर पीने के पानी तक की मोहताजगी, सुरक्षा नाम की तो कोई चीज़ ही नहीं,रेलवे स्टेशन पर घटिया खाद्य सामग्री का धड़ल्ले से बिकना,बेटिकट भिखारियों का सीट पर क़ब्ज़ा और बाटिकट मेहनतकश यात्री खड़े होकर यात्रा करे,ज़हर खुरानी जैसे अपराध का धड़ल्ले से होते रहना,ट्रेन में महिलाओं से छेड़ छाड़ यहाँ तक कि बलात्कार तक की ख़बरें सुनाई देना जैसी और भी अनेक समस्यायें हैं जिनसे देश का आम रेल यात्री जूझ रहा है। ऐसे में क्या यह सवाल जायज़ नहीं कि कल तक आम जन की समझी जाने वाली भारतीय रेल क्या अब





## आज का राशिफल

मेष राशि- आज किसी रुके हुए कार्य को पूरा करने में बड़ों की सलाह लेना उचित रहेगा। विवाहित लोगों के जीवन में खुशियों का आगमन होगा। युवाओं के लिए सफलता के नए दरवाजे खुलेंगे। आज आप किसी काम को करने के नएतरीके पर विचार करेंगे, इससे काम समय से व आसानी से पूरा हो जायेगा। आज शाम को आप किसी बर्थडे पार्टी में जाने का प्लान बनाएंगे। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

वृष राशि- आज आपका मन आनंदित रहेगा। आपकी निजी समस्या सुलझ जाने से मानसिक शांति मिलेगी। कार्यस्थल में आपका काम अच्छे से पूरे होंगे। आपको किसी काम में मदद की जरूरत रहेगी, इस मामले में अच्छे दोस्त से सलाह मिल सकती है। जो लोग स्टेशनरी का कार्य करते हैं, उनको आज उम्मीद से अधिक लाभ होने वाला है। पिता जी आपको आज कोई जरुरत का सामान गिफ्ट करेंगे। आज आपको स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।

मिथुन राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सफलता दिला सकता है। आज पारिवारिक रिश्ते में अपनापन बढ़ेगा। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी, आज लोगों के बीच आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। छोटे स्तर पर व्यापार करने को बड़ा लाभ होगा। लवमेट के लिए आज का दिन रिश्तों में मिठास बढ़ाने वाला रहेगा।

कर्क राशि- आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपको संभलकर फैसले लेने की जरूरत है। अगर आप खुद का बिजनेस करते हैं, तो आपको किसी से भी बात करते समय अपने शब्दों पर ध्यान देना चाहिए। आज आप बोलने के बजाए सुनने पर ज्यादा ध्यान दें। इससे आपको कोई जरूरी बातें पता चल सकती हैं। कुछ नए लोग आपकी बात से प्रभावित होकर आपसे जुड़ना चाहेंगे। आपको किसी काम में भाई का सहयोग प्राप्त होगा।

सिंह राशि- आज के दिन आप हर तरह से चिंता मुक्त रहेंगे। महिलाओं के लिए दिन बड़ा ही अच्छा रहेगा। कॉमर्स फील्ड से जुड़े छात्रों को कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा। नौकरी कर रहे लोगों का आज पदोन्नति होने के योग बने हुए है। आज आपको व्यापार में आर्थिक लाभ होने की सम्भावना है। अगर आप वाहन लेने का मन बना रहे है तो आज का दिन अच्छा है।

कन्या राशि- आज हर कोई आपके साथ चलने की कोशिश करेगा। जो लोग कोर्ट-कचहरी के मामलों से जुड़े हैं, उनके कार्य आज समय से हो जायेंगे। आपको ऑफिस में मिले नये प्रोजेक्ट को पूरा करने में जूनियर्स का सहयोग मिलेगा। आज घर पर किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर पर अपना खाली समय बिताएंगे।

तुला राशि- आज आपके रूके हुए जरूरी काम समय से पूरे हो जायेंगे। जो लोग थियेटर से जुड़े हैं, उन्हें आज सुनहरे अवसर मिलने वाले है। राजनीति से जुड़े लोगों को आज नई जिम्मेदारी मिलने वाली हैं। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे। आज आपके दाम्पत्य रिश्तें में मधुरता आयेगी। जो लोग नौकरी कर रहें हैं, उन के प्रमोशन होने के योग बने हुये है।

वृश्चिक राशि- आज पूरे दिन आपके मन में प्रसन्नता बनी रहेगी। आज आप जिस भी काम की शुरुआत करेंगे। वह समय से पूरा हो जायेगा। किसी नए रिश्ते की शुरुआत करने का मौका मिलने की संभावना है। इस राशि के जो लोग सरकारी नौकरी कर रहे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी मिलेगी। अगर आप कोई नया करोबार शुरू करने के बारे में सोच रहे हैं, तो परिवार का सहयोग मिलेगा।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए ख़ास है। आज आपको जीवन में नया मुकाम प्राप्त होगा। आज आपको बिजनेस में लाभ लेने के लिए किसी की मदद लेनी पड़ेगी। साथ ही आज आपको वाद-विवाद से दूर रहना होगा ताकि आप अपना मन काम में लगा सके। जो लोग फैशन डिजाइनर हैं, आज उनके दिमाग में अच्छे क्रिएटिव थॉट आयेंगे। आज आपके द्वारा किये गए सामाजिक कामों की तारीफ होगी। ट्रांसपोर्ट के कार्य से जुड़े लोगों को मुनाफा होगा।

मकर राशि- आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। आँखों की समस्या के समाधान के लिए आज किसी अच्छे डॉक्टर को दिखायेंगे, आपको कुछ अच्छा फील होगा। पूरी मेहनत से काम को करेंगे जिससे उसका परिणाम आपके पक्ष में आएगा। जो लोग बिजनेसमैन हैं, आज उन्हें आर्थिक उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा। अगर लम्बे समय से किसी बात को लेकर उलझन में हैं तो उसे जीवनसाथी के साथ शेयर करें, ।

कुंभ राशि- आज आपका दिन बहुत अच्छा रहने वाला है। आप में साहस बढ़ेगा और साहसपूर्ण काम करने में सक्षम रहेंगे। आपको गृह भूमि का लाभ मिलेगा। जो लोग लेखक हैं, आज उनके विचारों का सम्मान होगा। आज सोशल मीडिया पर एक्टिव रहना आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित होगा। धैर्य से काम करना होगा, जिससे काम का पूरा रिजल्ट मिलेगा। आज आपकी बात किसी पुराने दोस्त से होगी। अविवाहितों को आज विवाह के अच्छे प्रस्ताव आयेंगे।

मीन राशि- आज आप अपने सोचे हुये कार्यों को जल्दी पूरा करने में सफल होंगे। इस राशि के जो लोग लोहे का बिजनेस करते हैं, आज उनको उम्मीद से अधिक मुनाफा होगा। भाई से आज आपको कोई उपहार मिलेगा। आज आपको घर के बुजुर्गों के सेहत का खास ख्याल रखने की जरुरत है। आज आप कार्यक्षेत्र में आपके अनुकूल माहौल में काम करेंगे। उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने की प्रतीक्षा कर रहे छात्रों को उचित अवसर मिलेंगे।

व्यंग्य

# रेडीमेड नेता और शवयात्रा

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



साफ-सुथरी सड़क पर अभी-अभी कचरा डाला गया था। हवा खुद बेशर्म हो चली थी। उससे यह देखा नहीं गया। रह-रहकर उस कचरे को उड़ाने में बदमतीज होती जा रही थी। अधिकारी इस बदमतीजी से परेशान हो-होकर कचरा कहीं उड़ न जाए उसके लिए अपने चमकीले जूतों से रोकने का प्रयास कर रहे थे। नेता जी आए झाड़ू लगाने का ऐसा ढोंग किया कि फोटो में असली वाली फील आ गयी। वैसे घोषणा यह हुई थी कि पुतले की शवयात्रा निकाली जाएगी, लेकिन इरादों के अनुसार नेता जी शक्ति प्रदर्शन करना चाहते थे। हांलाकि उनके पास कितनी शक्ति है इस विषय पर विशेषज्ञों और जानकारों में काफी मतभेद है। कहते हैं प्रदर्शन बाद में निकलते हैं शक्ति पहले दिखानी पड़ती है। इसका मतलब यह है कि प्रदर्शन ही शक्ति है। नेता जी प्रदर्शन का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं, बल्कि मौके को आने में देर हो तो पकड़ कर घसीट लाते हैं। ऐसा ही घसीटा जा रहा मौका इस समय उनका रुतबा बढ़ा रहा है। बहुत समय से नेता जी अपनी पूरी ताकत झोंके जा रहे हैं। लेकिन उन्हें कौन बताए कि झोंकना तभी सफल माना जाता है जब वह देखने वाले को दिखता है। शक्ति प्रदर्शन में तमाम महिलाएं शामिल हैं और सबने एक जैसी साड़ी पहन रखी है। पुरुष, यानी जिनकी जवानी अब जाती रही, सफेद कुर्ते में हैं। युवाओं ने, जिनमें ज्यादातर बारह तेरह साल से सत्रह अठारह साल के हैं लाल टी-शर्ट पहने हुए हैं। चर्चा है कि जोरदार तरीके से नारे लगाए तो शाम को दो-दो सौ रुपए और मिलेंगे सबको। हर हजार बारह सौ फुट की दूरी पर स्वागत-मंच बने हुए हैं, जिस पर नेता जी के पट्ठे दो क्विंटल फूलों के साथ तैनात हैं। सारा मार्ग बड़े-बड़े पोस्टरों से अंटा पड़ा है। सबमें जीवित और दिवंगत राष्ट्रीय नेता अभी-अभी उभर रहे रातों रात इंस्टेट रेडी नेता के साथ उनका समर्थन करते दिखाई दे रहे हैं। मंचों पर उनके पोस्टरों का जलवा अलग है। इनमें रेडीमेड नेता जी सीना ताने, हाथ जोड़े, मां-भैन एक कर देने की मुद्रा में मौजूद हैं। ये खासतौर पर उनके विरोधियों के लिए हैं जो कल अखबार में उनकी फोटो देखने वाले हैं। शवयात्रा के आसपास की भीड़ हाय-हाय के नारे लगा रही है ताकि उन्हें भ्रम बना रहे, शेष नेता जी की जयजयकार लगा रहे हैं कि उन्हें भी भ्रम बना रहे। उन्होंने एक युवा-सेना भी बना रखी है जो इस वक्त लाल टी-शर्ट में दिखाई दे रही है। वे सबसे आगे नारे लगाते चल रहे हैं कि जो नेता जी से टकराएगा, उसका ऐसा-वैसा हो जाएगा। यह भी कि जब तक सूरज चांद रहेगा, उससे ज्यादा नेता जी का मंगल रहेगा। जिस भी मंच के सामने से शक्ति प्रदर्शन हो रहा है वहाँ खूब तोड़-फोड़ हो रही है। पट्ठे फूल मालाएं नेता जी के गले में ठूंसे जा रहे हैं और वे बराबर गधे की तरह लदे-फंदे से नजर आ रहे हैं। लेकिन मजे की बात यह है कि उन्हें मजा आ रहा है, वे छा रहे हैं। उन्हें लग रहा है कि यदि कहीं स्वर्ग है तो बस यहीं है, यहीं है। वे फूले तो पहले से ही थे अब समा भी नहीं रहे हैं। कल से वे सोए नहीं हैं लेकिन चेहरे सुस्ती नहीं है। सारा माहौल उनके पक्ष में फुदक रहा है। शवयात्रा अगर प्रतिक्रिया दे पाती तो पता चलता कि वह कितनी खिन्न और लाचार है। उसे लग रहा है कि शक्ति भगवान में नहीं नेता जी में है और वे शवयात्रा को अपराधी की तरह जलाने जा रहे हैं। शक्ति प्रदर्शन के पीछे बहुत कुछ छूट रहा है। फूल जो नेता जी के चरणों में फेंके गए थे, अब भीड़ द्वारा रौंदे जाने के कारण गन्दगी की श्रेणी में थे। पूरे रास्ते पर पानी के खाली पाउच और इसी तरह का बहुत सा कूड़ा-कचरा बिखरा पड़ा था। इससे ज्यादा कचरा पोस्टरों के रूप में उपर टंगा हुआ था। नारे लिखी हुई दीवारे भी शिकायत करती नज़र आ रही थी। लोगों के मन में बहुत कुछ भरा है लेकिन निकल कुछ नहीं रहा है, मुंह सबके एयर टाइट हैं। वहीं कहीं एक वैद्यराज अपने रोगी से बोल रहे थे कि बीमारी तब तक खत्म नहीं होती जब तक कि उसकी जड़ को खत्म नहीं किया जाए।

गंभीर समस्या

संजीव ठाकुर

# हिंदी हैं हम फिर भी हिंदी राष्ट्रभाषा क्यों नहीं.....







हिंदी संवैधानिक रूप से तो भारत की राजभाषा है,पर इसे राष्ट्रभाषा नहीं बनाया गया है विषय चिंतनीय है ।देश में व्यवहारिक रूप से हिंदी को कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक को सर्वोपरि सम्मान नहीं मिल पाया है जिसकी हिंदी भारत में सर्वाधिक हकदार भाषा है। यह अलग बात है कि भारत देश में अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती है और स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने 22 भाषाओं को संवैधानिक रूप से मान्यता प्रदान की है, पर हमारी हिंदी सर्वाधिक बोली जाने वाली तथा लिखी जाने वाली भाषा है। देश में हिंदी बोलने तथा पढ़ने वालों की संख्या लगभग 65 से 70 करोड़ है, यह भाषा की बहुलता कथा विविधता ही है जिसके कारण भाषाई विवाद की स्थिति उभरी है, और सर्वाधिक नुकसान हिंदी को उठाना पड़ा है। वर्ष 2008 में विश्व हिंदी सम्मेलन न्यूयॉर्क (अमेरिका) में भारतीय साहित्यकारों, कवियों को चिंतकों ,प्रोफ़ेसर, चिंतकों, पत्रकारों ने बड़े जोर शोर से संयुक्त राष्ट्र संघ की अधिकारिक भाषा बनाने हेतु र मान्यता देने के लिए पुरजोर कोशिश की थी। कोशिश तो हमेशा की जानी चाहिए और यह बड़ी ही सार्थक पहल भी थी, पर इसके पूर्व भारत के हिंदी साहित्य के विद्वानों को हिंदी को पहले अपने देश में राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलवाने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने भी कहा है,

निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति के मूल।
बिनु निज भाषा ज्ञान के मिटत ना हिय को शूल।

देश में भाषाई विविधता के कारण हिंदी को सर्वाधिक नुकसान उठाना पड़ा है ।इसके अलावा कुछ स्वार्थी राजनीतिक के लोग नहीं चाहते कि हिंदी को सर्वोच्च सम्मान मिले और इसके लिए विभिन्न प्रकार के विरोध एवं आंदोलन भी करते रहे हैं, इसके अलावा लोगों को उकसा कर जन आंदोलन का रूप भी देने का प्रयास करते रहे हैं जो अत्यंत निंदनीय है।

देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में यह महसूस किया था कि हिंदी दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर सबसे ज्यादा लोगों की संपर्क भाषा थी। देश के विभिन्न भाषा भाषी लोग हिंदी भाषा में ही संपर्क कर के अपने संदेश तथा सूचना एक दूसरों को प्रदान किया करते थे,और हिंदी भाषा के संपर्क सूत्रों के चलते ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अथक मेहनत कर हिंदी की सहायता से स्वतंत्रता प्राप्त की थी। हिंदी की सार्वभौमिक स्थिति एवं बड़े समुदाय द्वारा बोले जाने वाली भाषा के रूप में स्थापित होने के बाद इसे राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया गया था। हिंदी एक व्यापक भाषा है जिस की लिपि देवनागरी होने के कारण अत्यंत सरल एवं आवश्यकता अनुसार दूसरी भाषाओं को और उनके शब्दों को बड़ी सुगमता से आत्मसात करने की क्षमता तथा विशालता है। हिंदी देशवासियों की भावनात्मक भाषा भी है इसका देश की एकता तथा अखंडता में एक का बड़ा योगदान रहा है। हिंदी एक बड़ी सक्षम तथा विशाल भाषा का दर्जा भी रखती है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा कि हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिस जिस ने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का बहिष्कार नहीं किया।14 सितंबर 1949 को संविधान की सभा ने एकमत से हिंदी को भारत की राजभाषा बनाए जाने का निर्णय भी लिया इसीलिए भारत में हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का संकल्प लिया गया। हिंदी दिवस मनाए जाने का एकमात्र उद्देश्य इसके व्यापक प्रचार-प्रसार एवं राजकीय प्रयोजनों में इसके ज्यादा से ज्यादा उपयोग को बढ़ावा देने का है। केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में देखा गया है कि वहां पर स्लोगन दीवारों पर लिखे गए हैं कि हिंदी का उपयोग लिखने एवं पढ़ने के लिए ज्यादा से ज्यादा करें। विडंबना यह है कि भारत में ही हिंदी के प्रचार-प्रसार की हमें आवश्यकता पड़ रही है। यद्यपि ऐसा होना नहीं चाहिए। हिंदी को राष्ट्रभाषा बना कर इसका अनिवार्य रूप से उपयोग शासकीय कार्यालयों तथा जनसभाओं में किया जाना चाहिए देश के पूरे प्रदेशों में इसको समान रूप से स्वीकृत भाषा का दर्जा दिया जाना चाहिए। हमने इंग्लैंड, अमेरिका, स्विजरलैंड और अन्य देशों की यात्राएं भी है पर वहां कहीं भी उनकी अपनी भाषा के उपयोग के लिए कार्यालय में स्लोगन लिखा जाना नहीं देखा गया,तो भारत में ही क्यों। सवाल इसलिए उठता है कि हमारे दक्षिण तथा कुछ अन्य राज्यों में हिंदी को हिकारत की नजर से देख कर हिंदी वासियों से दूरी बनाई रखी जाती है। यह भी हिंदी भाषा तथा देश के लिए विडंबना ही है। एनी बेसेंट ने बिल्कुल सच कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में जो भाषा सर्वाधिक प्रभावशाली बन कर उभरी है वह है हिंदी भाषा। जो व्यक्ति हिंदी जानता है पूरे भारत की यात्रा कर सकता है पर हिंदी बोलने वालों से हर तरह की जानकारी भी प्राप्त कर सकता है। हिंदी का बड़ा नुकसान अंग्रेजी भाषा ने भी किया है दक्षिण में स्थानीय भाषाओं के अलावा अंग्रेजी बहुतायत में बोली जाती है पर ना जाने क्यों हिंदी बोलने से बेशक परहेज करते हैं। सबको अपनी भाषा बोलने का अधिकार है पर हिंदी का अपमान करने का अधिकार देश में किसी को नहीं होना चाहिए। कई विद्वानों के सर्वे में यह तथ्य सामने आया है कि इस विश्व में हिंदी सर्वाधिक बोले जाने वाली भाषा है उसने अंग्रेजी भाषा को पीछे छोड़ दिया है। यह सर्वे की रिपोर्ट कितनी प्रमाणित है यह तो मालूम नहीं लेकिन निकट भविष्य में ऐसी संभावनाएं बन सकती है कि जब हिंदी वैश्विक भाषा बनकर तेजी से उभरेगी। हिंदी को राजभाषा से राष्ट्रभाषा बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर भी शासन ने अनेक योजनाओं को मूर्त रूप दिया है जिनमें कक्षाओं कवि सम्मेलन नाटकों संगोष्ठी में हिंदी अनुसंधान ओ हिंदी टंकण आदि के बढ़ावा देने के साथ हिंदी पत्र-पत्रिकाओं को भी आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रयास किया है ।दूसरी तरफ कंप्यूटर, इंटरनेट, ई बुक, विज्ञापन ,टेलीविजन तथा अन्य मीडिया के साधनों के क्षेत्र में हिंदी का अधिकतम उपयोग करने की समझाइश दी गई है, ताकि इसका विकास एवं संवर्धन किया जा सके। हिंदी भाषा भारत के अलावा मॉरीशस, फिजी, श्रीलंका जैसे देशों में बोली वह समझी जाती है। हिंदी के विशेष प्रचार प्रसार के लिए विश्व हिंदी सम्मेलन अलग-अलग देशों में आयोजित किए जाते रहे हैं। वैसे वैश्विक स्तर पर 10 जनवरी को हिंदी दिवस मनाने की परंपरा लागू की गई है। हिंदी के प्रचार प्रसार तथा संवर्धन के लिए 10 जनवरी 1975 को नागपुर में विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किया गया पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी ने कहा था हिंदी का प्रचार और विकास अब कोई रोक नहीं सकता है।

## एक नजर

### एमसीएच अस्पताल के सामने पेड़ पर लटका मिला युवक का शव



**गीदम, 25 अक्टूबर।** बुधवार सुबह गीदम एमसीएच अस्पताल के सामने सड़क किनारे स्थित एक पेड़ पर 20 वर्षीय युवक का शव लटका पड़ा मिला जिससे इलाके में सनसनी फैल गई । थाने से मिली जानकारी अनुसार मृतक आकाश यादव कटुलनार गांव का रहने वाला बताया जा रहा जो बीती रात अपने ऑटो वाहन से कुछ लोगो के साथ कटुलनार से कासोली गांव दशहरा मनाने जा रहा था तभी हारम बारसुर चौक के पास एक वाहन से ऑटो की टक्कर होना बताया जा रहा । इस घटना से ऑटो में बैठे घायलों को गीदम अस्पताल लाया गया । इधर यह सारी घटना के बाद आज सुबह युवक का शव सड़क किनारे पेड़ पर लटका मिला । फिलहाल पुलिस इस मामले में जांच में जुटी है। शव को बरामद कर पीएम के लिए भेजा गया है। गीदम थाना प्रभारी धनंजय सिंहा ने तरुण छःग को बताया की इस मामले की जांच की जा रही शव को पीएम के लिए भेजा गया है, मृतक युवक ऑटो से कासोली गांव दशहरा मनाने जा रहा था , हारम बारसुर तिराहे के पास एक्सीडेंट होने के बाद घायलों के साथ स्वयं युवक भी गीदम अस्पताल आया था जिसके बाद युवक का शव सुबह पेड़ पर लटका मिला, पूछताछ की जा रही है।

### सामाजिक गतिविधियों के खिलाफ सक्रिय युवाओं ने दशहरा के पहले दिन निकाला बाइक रैली

**रायपुर ।** ग्राम में असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ सक्रिय खौली के युवाओं ने दशहरा पर्व के ठीक एक दिन पहले आज सोमवार को ग्राम में बाइक रैली निकाल नशे से तौबा कर उल्लासपूर्वक त्यौहार मनाने का आग्रह ग्रामवासियों से किया । ज्ञातव्य हो कि बिखरे ग्रामीण व्यवस्था के चलते ग्राम में बेखौफ असामाजिक गतिविधियों के चलने से आक्रोशित युवाओं ने ग्रामीण सभा व ग्राम पंचायत का आशीर्वाद ग्रामीण बैठका में ले बीते कुछ दिनों से इसके खिलाफ अभियान छेड़ दिया है । वे प्रतिदिन समय - बेसमय एक साथ निकल इस धंधे में लिप्त विध्नसंतोषी तत्वों को समझाईश देने के साथ - साथ चौकसी भी कर रहे हैं । इनके इस अभियान का असर भी दिखने लगा है और खुले आम बेखौफ चलने वाले इन गतिविधियों पर लगभग विराम लग चुका है । ग्रामीण सूत्रों के अनुसार कतिपय तत्व अब भी अपने हरकतों से बाज नहीं आ रहे पर युवकों के सक्रियता व दबाव के चलते वे खुले आम शराब बेचने के स्थान पर गुपचुप धंधा चला रहे हैं व अपने खास ग्राहकों तक ही पौव्वा पहुंचा रहे हैं ।

### व्यय प्रेक्षक करेंगे अभ्यर्थियों के व्यय लेखा रजिस्टर का निरीक्षण

**राजनांदगांव 25 अक्टूबर ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक आईआरएस मुग्धा किरण सरदेशपाण्डे तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक आईआरएस डॉ. ललिता कुमारी निर्वाचन लडऩे वाले अभ्यर्थियों के व्यय लेखा रजिस्टर का निरीक्षण करेंगी। व्यय प्रेक्षक द्वारा निर्वाचन लडऩे वाले अभ्यर्थियों का तीन बार निरीक्षण किया जाएगा।इस दौरान व्यय प्रेक्षक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी, नोडल अधिकारी, व्यय अनुवीक्षण, सहायक व्यय प्रेक्षक एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन लडऩे वाले सभी अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर संधारित व्यय लेखा रजिस्टर, समस्त व्हाऊचर, बैंक पासबुक एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित स्वयं या अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से निरीक्षण कराने का आग्रह किया गया है।

# अबूझमाड़ के कटेलघाटी में विधिविधान से किया नवरात्रि का कलश विसर्जन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर, 25 अक्टूबर।** जिले के अबूझमाड़ के करेलघाटी में विधिविधान से हुआ ज्योति कलश का विसर्जन ,ग्रामीणों ने अपनी परम्परा का निर्वहन कर माता रानी से इलाके में सुख शांति और समृद्धि की कामना , वही प्रतिवर्ष वर्ष की भांति पत्रकार हेमंत संचेती ने वान्या फेब्रीकेशन के साथियों के साथ किया भव्य भंडारे का आयोजन , तीन हजार लोगो ने माता के भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया । नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के प्रवेश द्वार करेलघाटी में माता रानी के मंदिर में नवरात्री के अंतिम दिवस माता रानी के भजन कीर्तन के साथ ग्रामीणों ने पारम्परिक रीतिरिवाज के साथ ज्योति कलश का विसर्जन किया गया और नारायणपुर के पत्रकार हेमंत संचेती द्वारा मंदिर प्रांगण में लगाये गए माता रानी के भंडारे का प्रसाद ग्रामीणों ने ग्रहण किया । इस दौरान अबूझमाड़ की इन वादियों में माता रानी के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही थी जिस इलाके में केवल दहशत और भय का माहौल और बंदूक की गोलियों की आवाज ही सुनाई देती रहती है वहा पर नवरात्री के 9 दिन केवल माता रानी के भजन और जयकारों की गूंज से वातावरण पूरा भक्तिमय नजर आया । अबूझमाड़ के करेलघाटी में नवरात्री के अंतिम दिवस ग्रामीणों के चेहरों पर एक अलग ही खुशी की झलक और एक आस नजर आई जो इलाके में शांति बहाली की ओर इशारा कर रही हो । इलाके में शांति का माहौल बनाने और लोगो को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ऐसे आयोजन सैदव होते रहने चाहिए ताकि इन इलाको में चहल पहल बनी रहे और लोग बैखोफ होकर जीवन यापन कर सके अपने तीज त्यौहार खुलकर मना सके । ग्रामीणों ने कहा कि करेलघाटी में माता रानी की कृपा से कई सालों से पूजा अर्चना की जा रही है पहले लोगो को इसकी जानकारी नही होने से कम लोग यहां आते थे लेकिन कुछ सालों से लोगो को जानकारी मिलते ही यहां पर माता के दर्शन के लिए आने लगे है । नारायणपुर से भी कई लोग माता रानी के दर्शन करने पहुचे यहां के इतिहास के बारे में जानकर काफी अचंभित हुए की नारायणपुर में रहकर उन्हें यहां के इतिहास के बारे में पता नही था । भगवान राम अपने वनवास के दौरान दंडकारण्य कहे जाने वाले इस अबूझमाड़ में रुके थे और करेलघाटी में राक्षस का वध किया था जिसके बाद घाटी के दोनों पहाड़ी में माता रानी का वास हुआ जिसके प्रमाण भी यहां मिले है दोनों पहाड़ियों के बीच मे माता का मंदिर है पहाड़ी के ऊपर कुंड भी बना हुआ है राजा जमाने के भी निशाना यहां है जिसे पता चलता है कि यहां वे पूजा अर्चना करने आते थे । नारायणपुर के पत्रकार हेमंत संचेती के द्वारा पिछले पांच सालों से भंडारे का आयोजन कर हम ग्रामीणों का उत्साह वर्धन कर हर वर्ष अच्छे से नवरात्रि का पर्व मनाए ऐसा मनोकामना उत्पन्न करते है ।



## सातधार इंद्रावती में किया गया दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन, लगे जयकारे



**गीदम, 25 अक्टूबर ।** शारदीय नवरात्र समापन के बाद दशमी तिथि पर मंगलवार को सातधार स्थित नदी में विधि विधान से पूजा अर्चना कर माता दुर्गा की प्रतिमा विसर्जित की गई । पूजा अर्चना कर यहां भक्तों ने माता के जयकारे लगाए । गौरतलब है कि गीदम नगर में शारदीय नवरात्र हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम से मनाया गया , जगह-जगह माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई । नवयुवक दुर्गोत्सव समिति गायत्री नगर गीदम समेत पडीडब्ल्यू डी पारा , हारम पारा , अटल आवास गीदम , तहसील साहू समाज गीदम व पुराना नाकापारा में विभिन्न दुर्गोत्सव समितियो द्वारा शारदीय नवरात्र पर माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई थी । इन दिनों पूरे नौ दिनों तक माता की सेवा में भक्त लगे रहे। पदयात्रियों के लिए भी अलग-अलग पंडालों में सेवा जारी रही । इधर पिछले कई वर्षों से गायत्री वार्ड नगर गीदम में भी नवयुवक दुर्गोत्सव समिति द्वारा माता की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। इस वर्ष भी नवरात्र पर्व यहां धूमधाम से मनाया गया । नौ दिनों तक गरबा का आयोजनं हुआ जहा भारी संख्या में भक्तगण गरबा नृत्य में शामिल हुए। इधर मंगलवार को विभिन्न दुर्गोत्सव समितियों द्वारा विसर्जन से पूर्व गीदम नगर में माता की प्रतिमा की झांकी निकाली गई इसके पश्चात विधि-विधान से सातधार इंद्रावती नदी पर माता की पूजा अर्चना कर प्रतिमा विसर्जित की गई ।

# विजयादशमी पर आरएसएस ने किया शस्त्र पूजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 25 अक्टूबर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा विजयादशमी एवं संघ के स्थापना दिवस के अवसर पर परंपरानुसार आज शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ वक्ताओं ने शस्त्र पूजन का महत्व विस्तार से समझाया। शस्त्र पूजन के आयोजन में बाल स्वयंसेवकों की संख्या बहुतायात थी। बड़ी संख्या में स्वयं सेवक भी विजयादशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम में शामिल होने गायत्री मंदिर परिसर हॉल में एकत्र हुए थे।

गौरतलब है कि प्रत्येक वर्ष विजायादशमी पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा शस्त्र पूजन का आयोजन किया जाता है इसी कड़ी में मंगलवार को विजयादशमी के शुभ अवसर पर नगर के गायत्री मंदिर में सुबह 7 बजे से 8 बजे तक शस्त्र पूजन कार्यक्रम किया गया। जिसमें बडी संख्या में बाल स्वयं सेवक भी उपस्थित हुए। इस दौरान भारत मां, आरएसएस के संस्थापक डॉ0 केशव राव बलिराम हेडगवार और द्वितीय सरसंघ चालक माधवराव सदाशिवराव गोलवरकर की तस्वीर के सामने शस्त्र रखकर पुष्प चढ़ाकर पूजन किया गया। शस्त्र पूजन उपरांत स्वयं सेवकों को संबोधित करते विभाग सह कार्यवाह कैलाश सोनी ने कहा कि आरएसएस वर्ष में कुल 6 उत्सव मनाता है। विजयादशमी उसमें से एक है। यह पर्व असत्य पर सत्य की जीत और अंधकार पर प्रकाश की विजय का द्योतक है। संघ पर संक्षिप्त परिचय देते श्री सोनी ने बताया कि विजयादशमी के दिन ही डॉ0 केशव राव बलिराम हेडगवार ने 1925 में नागपुर में संघ की स्थापना की थी। आज संघ के स्थापना के 98 वर्ष हो चुका है। उन्होने कहा कि विजयादशमी पर शक्तिरूपा दुर्गा, काली की पूजा के साथ शस्त्र पूजा की परंपरा हिंदु धर्म में लंबे समय से रही है। मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम भारतीय जनमानस की आत्मा हैं। भगवान राम ने आज ही के दिन असत्य पर सत्य की जीत हासिल किया था। विजयादशमी पर शस्त्र पूजन की परंपरा को आरएसएस ने जीवंत रखा है। उन्होने कहा कि मनुष्यत्व ही हिंदुत्व है, और हिन्दुत्व ही राष्ट्रीयत्व है। शस्त्र पूजन के दौरान संतोष महापात्र ( जिला सह संघ चालक) वेणु गोपाल (नगर संघ चालक) अंकुर भदौरिया (नगर कार्यवाह) शुभम साहू (सह नगर कार्यवाह) मिश्रिलाल झाड़े (विभाग सामाजिक सदभाव प्रमुख) दीपक पाल (नगर व्यवस्था प्रमुख) सनिश्च (खण्ड व्यवस्था प्रमुख) योगेश राय (सेवा प्रमुख) रेखराम साहू (बौद्धिक प्रमुख) चंद्रकांत क्षत्रीय (विहिप कार्यकारी अध्यक्ष) संतोष चौहान, रूपेंद्र वासुदेवा, मोहन भदौरिया, विमल दिक्षित, आदि स्वयं सेवक मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर धाकड़ समाज प्रमुख पारस ठाकुर भी मंचासीन थे।

# जगदलपुर में कांटे की टक्कर

- भाजपा से किरणदेव व कांग्रेस से
- जतिन चुनाव मैदान में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 25 अक्टूबर।** आदिशक्ति माँ दंतेश्वरी की नगरी जगदलपुर में विधानसभा चुनाव के मैदान में चुनावी शूरवीर प्रचार के अस्त्र-शस्त्र और मतदाताओं को लुभाने की सामग्रियों के साथ उतर चुके हैं। आदिवासी व वनाच्छादित जगदलपुर विधानसभा हाईप्रोफाइल सीट मानी जाती है। चुनावी सरगर्मियों के बीच मतदाताओं ने मुंह पर खामोशी का ताला तो जड़ दिया है किंतु मन ही मन में फैसला कर लिया है कि विजयश्री का दीपावली तोहफा किसे देना है। इस बार दोनों ही दलों भाजपा व कांग्रेस ने नए चेहरों पर दांव लगाया है। मजे की बात है कि दोनों दलों के प्रत्याशी पूर्व में महापौर रह चुके हैं। भाजपा ने जहां मिलनसार व लोकप्रिय किरण देव को मैदान में उतारा है वे कांग्रेस ने व्यवहार शील जातिन जायसवाल को मतदाताओं के सामने पेश किया है। भाजपा को किरणदेव में जीत की किरण नजर आ रही हैं। वहीं कांग्रेस को लग रहा है कि जतिन की जय होगी। वैसे इस विधानसभा में टक्कर कांटे की रहेगी दोनों के महापौर कार्यकाल के कार्यों की तुलना होगी। वर्तमान में किरण देव ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी पकड़ बनाने मेहनत कर रहे हैं वहीं जायसवाल शहरी मतदाताओं को रिझाने में लगे हैं। किरण देव भाजपा के प्रभावशाली नेता माने जाते हैं। इनका ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों दोनों में जनाधार है। महापौर के रूप में जायसवाल की साफ सुथरी छवि रही है। दोनों ही प्रत्याशी प्रचार प्रसार में बराबरी पर है। अब देखना यह है कि ऊंट किस करवट बैठता है।

## दशहरा पर नगर में कोई कार्यक्रम नहीं, नगरवासियों में निराशा

**दंतेवाड़ा 24 अक्टूबर ।** शक्तिपीठ दंतेवाड़ा में हमेशा की तरह इस बार भी शारदीय नवरात्र पर पूरे 9 दिनों तक हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ प्रतिदिन मां दंतेश्वरी देवी के दर्शन पूजन के लिए दूर दराज क्षेत्रों से पहुंची थी। इन नौ दिनों तक नगर में चहुंओर भीड़ भाड़ देखी जा रही थी। नवरात्र उत्सव भर नगर में चहल पहल एवं काफी गहमागहमी रही। वहीं जैसे ही नवरात्र संपन्न हुई दशमी के दिन अर्थात दशहरा के दिन नगर में पूरी तरह से सन्नाटा पसर गया जबकि कायदे से दशहरा उत्सव पर और भी ज्यादा उत्साह एवं भीड़ लोगों की उमड़नी चाहिए थी। मगर ऐसा इसलिए न हो सका क्योंकि दंतेवाड़ा नगर में विजयादशमी का पर्व अर्थात रावण दहन कार्यक्रम यहां के सामाजिक संगठनों एवं क्षत्रीय समाज के मर्जी पर निर्भर करता है। बीते कुछ सालों से नगर में अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा तथा मां दुर्गोत्सव समिति के बैनर तले रावण दहन कार्यक्रम किया जा रहा था जो इस वर्ष नहीं किया जा रहा है जिससे नगरवासियों में मायुषी है। यहां के रहवासी दशहरा कार्यक्रम देखने जगदलपुर या फिर बचेली किरंदुल पर निर्भर रहते हैं। शक्तिपीठ होने से दंतेवाड़ा में विजयादशमी का पर्व धुमधाम के साथ मनाया जाना चाहिए लेकिन न तो यहां टेंपल कमेटी इस विषय पर गंभीर है न ही कोई अन्य सामाजिक संगठन एवं समाज ही दशहरा उत्सव को लेकर गंभीर दिखाई पड़ता है। जब जिसे जिस वर्ष इच्छा हुई कार्यक्रम करवा देता है जब इच्छा नहीं हुई कार्यक्रम नहीं करवाया जाता । दंतेवाड़ा जैसे धर्म नगरी में जहां नवरात्र इतने धुमधाम के साथ मनाया जाता है वहां दशहरा में सन्नाटा पसरा देख यहां के लोग काफी उदास एवं निराश हैं लोगों का कहना है कि जब इतने धुमधाम के साथ नवरात्र का कार्यक्रम होता है तो फिर आखिर दशहरा क्यों नहीं मनाया जाता।

## समाचार संक्षेप

### व्यय प्रेक्षक ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक



**सुकमा, 25 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत कोंटा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 90 के भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त निर्वाचन व्यय प्रेक्षक श्री राजीव रंजन कुमार द्वारा सोमवार को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों का बैठक लेकर आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण रूप से मतदान संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील की गई। उन्होंने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के तहत बैंक खाता तथा व्यय की सीमा के संबंध में, लेखा संधारण एवम् व्यय की दैनिक रजिस्टर के लेखा जांच के संबंध में , व्यय के संबंध में जानकारी दी गई।साथ ही निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर अनुदेशों का सार संग्रह के अनुसार विधानसभा कोंटा के अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव संबंधी समस्त व्ययों का लेखा निर्धारित प्रपत्र में संधारित किया जाना अनिवार्य है तथा व्यय रजिस्टर का नामांकन तिथि से मतदान तक प्रेक्षक से कम से कम तीन बार निरीक्षण कराया जाना अनिवार्य है। जिसके तहत प्रथम निरीक्षण के लिए 26 अक्तूबर, द्वितीय निरीक्षण 31 अक्टूबर को एवम् तृतीय निरीक्षण 06 नवंबर 2023 को प्रस्तावित है। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री डीसी बंजारे, डीटीओ श्री प्रवीण भगत अन्य नोडल अधिकारी सहित सभी राजनैतिक दल के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### कांग्रेस प्रत्याशी ने लिया माता का आशीर्वाद



**सुकमा, 25 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम ईरिकपाल स्थित दंतेश्वरी मां के दर्शन कर कांग्रेस प्रत्याशी श्री लखेश्वर बघेल ने आशीर्वाद लिया बस्तरवासियों के कल्याण की कामना की इस दौरान वहां मौजूद लोगों के साथ आनंद के कुछ पल व्यतीत किए इस दौरान मौजूद रहे बालेश दुबे, सरपंच सुकरूराम, बद्रीनाथ जोशी, राजेश कुमार, एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### नामांकन वापसी के बाद 36 अभ्यर्थी मैदान में

**कांकेर 25 अक्टूबर।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के तहत कांकेर जिले में स्थित तीनों विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के नाम तय हो चुके हैं। स्क्रूटनी एवं अभ्यर्थिता से नाम वापसी के उपरांत अब कुल 36 अभ्यर्थी चुनावी समर पर होंगे। विधानसभा क्षेत्र अंतागढ़, भानुप्रतापपुर तथा कांकेर से एक-एक यानी कुल 03 अभ्यर्थियों ने अभ्यर्थिता वापस ले ली है। इनमें अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र से 13, भानुप्रतापपुर से 14 और कांकेर विधानसभा क्षेत्र से 09 अभ्यर्थी अंतिम रूप से प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। रिटर्निंग अधिकारियों के द्वारा नामों की घोषणा के साथ ही सभी अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह आबंटित किए गए हैं।रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार अंतागढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-79 से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय पार्टी और राज्य राजनीतिक दलों से श्री रूपसिंह पोटाई ''मोड्डू'' को हाथ, श्री विक्रम उसेण्डी को कमल, श्री संतराम सलाम को झाड़ू छाप का प्रतीक चिन्ह आबंटित किया गया है। इसी प्रकार पंजीकृत राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों में से सर्वश्री नरहरदेव गावड़े को फुटबॉल, मानचू मण्डावी को बांसुरी, लिलाधर कोरेटी को नारियल फार्म, शिवप्रसाद गोटा को आरी, सुरेन्द्र कुमार दर्रो को कोट तथा अन्य अभ्यर्थी में श्री अनूप नाग को गन्ना किसान, मन्तूराम पवार को अलमारी, रमेश मण्डावी को चारपाई, रामनारायण उसेण्डी को एयर कंडीशनर और श्री संतुराम नुरूटी को प्रतीक चिन्ह के तौर कड़ाही का सिम्बॉल आबंटित किया गया है। उक्त विधानसभा क्षेत्र से सविता पवार ने अपनी अभ्यर्थिता वापस ले ली है।भानुप्रतापपुर निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-80 के मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय पार्टी और राज्य राजनीतिक दलों से सर्वश्री कोमल हुपेण्डी को झाड़ू, गौतम उइके को कमल, जामलसिंह जुर्री को हाथी, श्रीमती सावित्री मनोज मण्डावी को हाथ का प्रतीक चिन्ह आबंटित हुआ है। इसी प्रकार पंजीकृत राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों में से सर्वश्री अकबर कोर्राम को बाल्टी, चन्द्रशेखर कोड़प्पा को अंगूर, श्रीमती निर्मला कोमरे को गन्ना किसान, भोजराम मण्डावी को नारियल फार्म, श्री राजेश्वर प्रसाद कांगे अलमारी, लतीफ कुमार पिद्दा को बांसुरी और श्यामलाल नरेटी को गैस सिलेंडर का प्रतीक चिन्ह प्रदाय किया गया है।

# भाजपा प्रत्याशी चैतराम गांव-गांव में कर रहे जनसंपर्क



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



दंतेवाड़ा 25 अक्टूबर। भाजपा प्रत्याशी एवम कार्यकर्ता अपने चुनावी प्रचार प्रसार अभियान में लगे हुए हैं। चुनावी जनसम्पर्क अभियान के तहत दुर्गम और संवेदनशील क्षेत्रों तक पहुँच ग्रामीणों से मिल भाजपा उम्मीदवार चैतराम अटामी को जीताने संपर्क कर रहे है 7 भाजपा प्रत्याशी चैतराम अटामी खुद जनसम्पर्क में मौजूद रहते है और छेत्र की समस्या को सुनते है तथा ग्रामीणों को आश्वस्त करते है की अगर भाजपा की सरकार बनी तो जरूर तस्वीर बदलेगी 7 भाजपा जिलाध्यक्ष चैतराम अटामी ने कहा की चुनावी वायदे तो हर पार्टी करती है पर हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए की ग्रामीण छेत्र के जो लोग है वो मूलभूत सुविधाएं जैसे शिक्षा,स्वास्थ्य व रोजगार से वंछित न रहे 7 श्री अटामी ने कहा की पेय जल की समस्या का निराकरण के लीये केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन,आवास के लिये प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री सड़क योजना, उज्वला गैस योजना जैसे विभिन्न योजनाए केंद्र सरकार मोदी जी के नेतृत्व में ग्रामीणों के जीवनस्तर को मुख्य धारा से जोड़ने हेतु चला रही है पर राज्य में कांग्रेस सरकार के दोहरी निति के कारण इनका जमीन स्तर पर क्रियान्यवान नहीं हो रहा। अगर भाजपा की सरकार बनती है तो उनकी प्राथमिकता रहेगी की इन योजनाओ का बेहतर लाभ जिले की जनता ले सके और ग्रामीण छेत्र के अंतिम व्यक्ति को इसका लाभ मिले ये उनका प्रयास रहेगा ।

## हार का डर सता रहा है भूपेश बघेल सरकार को:कृष्णा साहू

**राजनांदगांव।** वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्णा साहू ने कहा कि भूपेश बघेल द्वारा हार की डर से कर्ज माफी की घोषणा आगामी विधानसभा चुनाव में भूपेश बघेल द्वारा कर्ज माफी की घोषणा चुनाव के 15 दिन पहले की है उन्हें पता है कि आने वाले चुनाव में गांव के महिलाएं गरीब, मजदूर एवं किसान उनके झूठे वादे में आने वाला नहीं है इस कारण वह फिर से कर्ज माफी की घोषणा की है लेकिन गरीब, मजदूर महिला ने ठान लिया है आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार को भारी शर्मनाक हार झेलनी पड़ेगी क्योंकि उनके द्वारा शराबबंदी की घोषणा की गई वह भी झूठा साबित हो गया। बेरोजगारी भत्ता के नाम पर भी युवाओं को छला गया पेंशन की राशि हजार रुपए करूंगा बोलकर मात्र डेढ़ सौ रुपया ही वृद्धि की गई ।इस कारण सभी एकजुट होकर भूपेश सरकार को ऊखाड फेंकने की तैयारी कर ली है। आगामी विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में पूर्ण बहुमत की भाजपा की सरकार बनना तय है।

एक नजर

## शहर के सभी सार्वजनिक दुर्गोत्सव में शामिल हुए ओपी चौधरी



**रायगढ़, 25 अक्टूबर।** भय आतंक के पर्याय बन चुके राक्षस महिषा सुर का मां अम्बे ने लंबी लड़ाई के बाद वध कर जनता को राहत दिलाई थी।भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी ने मां शक्ति से आराधना करते हुए रायगढ़ में समस्याओं के महिषासुर का वध करने का आह्वान किया। आज भाजयुमो की टीम के साथ दुपहिया वाहन में ही ओपी चौधरी निकले और जोहल पैलेस, लक्ष्मीपुर, ढीमरापुर, रामभाटा राममंदिर,बजरंगपारा, कोतरा रोड थाना चौक, दशरथ पान ठेला, सत्तीगुड़ी चौक, दरोगा पारा, सांसद निवास समीप पास, स्टेशन चौक, गांधी गंज, रामनिवास टाकीज चौक, अंबेडकर चौक, चक्रधर नगर चौक, गौरीशंकर मंदिर, कोष्टपारा सहित अन्य विभिन्न जगहों के सार्वजनिक दुर्गोत्सव में शामिल हुए। सभी पंडालों में जाकर ओपी चौधरी ने मत्था टेका और जनता की खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। पंडाल में पूजा दर्शन के बाद ओपी ने वहां मौजूद भक्तो श्रद्धालुओं से बड़ी ही आत्मीयता से मिले। उनके साथ सेल्फी लेने की होड़ मची रही। आम जनता ने मृदुभाषी युथ आइकॉन ओपी चौधरी को एतिहासिक जीत का आशीर्वाद दिया। सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति के सदस्यों ने श्री चौधरी का श्री गुलदस्ते व तिलक लगाकर भव्य आत्मीय स्वागत किया। उनके साथ भाजपा से डिग्री लाल साहू, मंजूल दीक्षित, सुमीत शर्मा, जुगनू सहित युवा मोर्चा से जुड़े प्रवीण द्विवेदी, सूरज शर्मा अन्य उपस्थित रहे।

## नवीन जिन्दल का शानदार प्रदर्शन, टीम जिन्दल पैंथर ने डेल्टा पोलो को हराया



**रायगढ़, 25 अक्टूबर।** जिन्दल पैंथर कप पोलो फाइनल मैच में नवीन जिन्दल के शानदार प्रदर्शन की बदौलत टीम जिन्दल पैंथर ने 5.5 के मुकाबले 8 गोल से टीम डेल्टा पोलो को हरा दिया। इस रोमांचक मैच में नवीन जिन्दल ने शानदार 2 गोल कर अपनी टीम का हौसला पूरे मैच में बुलंद रखा। नोएडा के जिन्दल पोलो ग्राउंड में कल देर शाम आयोजित जिन्दल पैंथर कप के फाइनल मैच में टीम जिन्दल पैंथर और टीम डेल्टा पोलो का मुकाबला देखने सैकड़ों लोग आए क्योंकि इसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनेक खिलाड़ी भाग ले रहे थे। इनमें अर्जुन पुरस्कार विजेता सिमरन शेरगिल जिंदल पैंथर की ओर से और एक अन्य अर्जुन पुरस्कार विजेता समीर सुहाग डेल्टा पोलो की ओर से खेल रहे थे। मैच के दौरान दोनों ही टीमों ने असाधारण तकनीक और कौशल का प्रदर्शन किया। इस रोमांचक मुकाबले ने पोलो खेल के प्रति नवीन जिन्दल के समर्पण को और मजबूत करते हुए टीम जिन्दल पैंथर को एक नए मुकाम पर पहुंचाया।

## जलाने वाले बदल जाते है लेकिन रावण तो हर बार जलता है

**तिल्दा नेवरा।** नगर में विजय दशमी पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया नेवरा हाई स्कूल मैदान में भव्य तयारी नगर पालिका प्रशासन के चलते मैदान में सफाई लाइटिग के साथ साथ पुलिस की चुस्त व्यस्था में रावण दहन किया गया राम लीला के मंच से शिव पुराण समिति ने राम जी का स्वागत किया खुल कर इस सार्वजनिक त्योहार दशहरा के अवसर पर रावण का वध कर जलाया गया आतिश बाजी के साथ एक दूसरे को बधाई दी गई ।

# एम्बुलेंस में नशीले कैप्सूल छिपाकर ला रहे थे,पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

**रायगढ़, 25 अक्टूबर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर नशे के सौदागरों के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही जारी है । इसी क्रम में कल रात तमनार पुलिस ने सटीक सूचना तंत्र के जरिए एम्बुलेंस वाहन पर रायगढ़ से तमनार की ओर लायी ला रही नशीली दवा की खेप के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है । आरोपियों के कब्जे से बरामद हुई दो अलग.अलग कंपनियों के 629 नग टेबलेट कैप्सूल का बाजार मूल्य 5259 है । जानकारी के मुताबिक जप्त दवाएं डॉक्टर पर्ची के बगैर बिक्री किया जाना प्रतिबंधित है और आरोपियों के पास से इन दवाओं की बड़ी खेप बरामद हुई है । तमनार पुलिस ने दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है ।

तमनार, घरघोड़ा, लैलूंगा क्षेत्र में ऐसी नशीली कैप्सूल की अवैध बिक्री पर पहले भी कार्रवाई की गई है । एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा द्वारा प्रतिबंधित नशीली दवाओं की खरीदी-बिक्री पर निगाह रखने एवं



अवैध रूप से बेचे जाने पर मुखबीर लगाकर रखा गया है । गत दिनों उनके सक्रिय मुखबिर ने तमनार क्षेत्र एवं आसपास क्षेत्र में दो युवकों द्वारा नशीली टेबलेट कैप्सूल विक्रय किए जाने की सूचना दिया गया । सूचना पर एसडीओपी धरमजयगढ़ द्वारा टीआई तमनार को निर्देशित करने पर थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर द्वारा क्षेत्र में अपने मुखबिर एवं स्टाफ को तस्करों पर निगाह रखने नियुक्त किये थे। बीती रात्रि टीआई तमनार को मुखबीर सूचना मिला की दो व्यक्ति एम्बुलेंस वाहन में प्रतिबंधित नशीली टेबलेट को छिपा कर रायगढ की ओर से हमीरपुर, धौराभांठा होते ढोलनारा की ओर जा रहे है, तत्काल टीआई तमनार हमराह स्टाफ के साथ मेन रोड हमीरपुर में घेराबंदी कर संदिग्ध एम्बुलेंस वाहन को पकड़ा गया जिसमें बैठे दो व्यक्ति अपना नाम बताने में आना कानी कर रहे थे, दोनों को कडाई से पुछताछ करने पर चालक सीट में बैठा व्यक्ति अपना नाम अक्षय गुप्ता पिता जितेन्द्र गुप्ता उम्र 25 वर्ष थाना तमनार जिला और ड्रायवर के बगल सीट में बैठा व्यक्ति अपना नाम संदीप चौहान पिता महेत्तर चौहान उम्र 24 वर्ष उरबा दर्रीपारा थाना तमनार जिला रायगढ़ का होना बताये। तलाशी में संदीप चौहान के पास से 529 नग नशीली टेबलेट कैप्सुल तथा अक्षय गुप्ता चालक के पास से 10 पत्ता प्रत्येक पत्ता में 10-10 टेबलेट कुल 100 नग टेबलेट कुल जुमला 629 नग टेबलेट कैप्सुल, कीमती 5,269 रूपये का जप्त किया गया है । आरोपियों के पास प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के परिवहन के संबंध में कोई बिल, डॉक्टर पर्ची नहीं थी, तमनार पुलिस द्वारा एम्बुलेंस वाहन एवं प्रतिबंधित नशीली दवाओं को जप्त कर आरोपी अक्षय गुप्ता एवं संदीप चौहान के खिलाफ थाना तमनार में कार्रवाई कर आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया है ।

एसडीओपी धरमजयगढ़ श्री दीपक मिश्रा के सुपरविजन पर कार्रवाई में थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आर्शीवाद राहटगांवकरए सहायक उप निरीक्षक खेमराज पटेलए आरक्षक भीष्मदेव सागरए अनुप मिंजए पुरूषोत्तम सिदारए अमरदीप एक्का और विद्या सिदार की अहम भूमिका रही है

## जिले में 13अभ्यर्थियों ने लिए नामांकन पत्र



**रायगढ़, 25 अक्टूबर।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत 23 अक्टूबर को जिले की चार विधानसभाओं के लिए कुल 13 नाम निर्देशन पत्र लिए गए। इनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा से 3 अभ्यर्थियों में श्रीमती सुनीति राठिया (भारतीय जनता पार्टी), श्री विश्वनाथ सिदार (निर्दलीय) एवं श्रीमती विद्यावती सिदार (इंडियन नेशनल कांग्रेस) शामिल है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ से 6 अभ्यर्थियों में श्री प्रकाश नायक (इंडियन नेशनल कांग्रेस), श्री ओ.पी.चौधरी (भारतीय जनता पार्टी), श्री शंकर लाल अग्रवाल (निर्दलीय), श्री सफेद कुमार गुप्ता (निर्दलीय), श्री बीर सिंह नागेश (हमर राज पार्टी) एवं श्री गोपाल प्रसाद अग्रवाल (आम आदमी पार्टी) शामिल है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया से 2 अभ्यर्थियों में श्री विनोद चंद्र सिंह राठौर (निर्दलीय) एवं श्री महेश राम साहू (भारतीय जनता पार्टी) तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ से 2 अभ्यर्थियों में श्री हरिशचंद्र राठिया (भारतीय जनता पार्टी) एवं श्री लालजीत सिंह राठिया (इंडियन नेशनल कांग्रेस) शामिल है। 23 अक्टूबर को रायगढ़ के चारों विधानसभा में किसी के द्वारा नामांकन जमा नहीं किया गया है।

# रोटरी क्लब रायगढ़ रॉयल ने किया गरबा का यादगार आयोजन

**रायगढ़, 25 अक्टूबर।** शहर की सामाजिक संस्था रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ रॉयल ने अध्यक्ष ओमप्रकाश मोदी व प्रोग्राम डायरेक्टर सुशील रामदास की अभिनव पहल से नवरात्रि के पावन अवसर पर दो दिवसीय रॉयल गरबा 2023 का शानदार व यादगार आयोजन होटल श्रेष्ठा के प्रांगण में शाम सात बजे से रात दस बजे तक किया जिसमें बॉलीवुड के नामचीन कलाकारों ने शिरकत कर साथ ही मनभावन प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को हर किसी के लिए यादगार बना दिया।

कार्यक्रम तक थिरकते रहे गरबा प्रेमी-नवरात्रि की महानवमीं को रॉयल गरबा का फायनल कार्यक्रम हुआ जिसमें बॉलीवुड के नामचीन कलाकार कार्यक्रम में बॉलीवुड के नामचीन कलाकार इंडियन आइडल फेम एक्टर व सिंगर धरिति शरण, डांडिया क्वीन पूजा ठाकरे, दीपक अंश सिंगर परफार्मर, रिया भट्टाचार्य सिंगर परफार्मर अपनी शानदार अदाकारी से गरबा नाइट्स में शिरकत किए और यादगार प्रस्तुति दी। वहीं मधुर भक्ति गीतों के साथ गजब का समां बांधे जिनके साथ पारंपरिक वेशभूषा में सजकर शहरवासी जमकर थिरके साथ ही श्रेष्ठा का प्रांगण गरबा प्रेमियों की उपस्थिति में भर गया। और निर्धारित समय तक पारिवारिक माहौल में गरबा आयोजन चलता रहा जिसका शहरवासियों ने भरपूर लुत्फ़ उठाया।

**विविध हुई प्रतियोगिता–** गरबा महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत गरबा प्रतियोगिता



आयोजित की गई है । जिसके अंतर्गत 15 वर्ष तक रॉयल सुपर स्टार ब्वॉय, रॉयल सुपर स्टार गर्लए रॉयल बेस्ट ड्रेसअप, 15 वर्ष से ऊपर सभी वर्ग के लिए बेस्ट ग्रुप फर्स्ट एंड सेकंड, बेस्ट ड्रेसअप गर्ल, बेस्ट थीम कॉन्सेप्ट ग्रुप ओनली थीम एंड कॉन्सेप्ट, इसी तरह 45 वर्ष तक प्रथम पुरस्कार रॉयल क्वीन फॉरेवर, वहीं 15 वर्ष तक के सभी वर्ग के लिए रॉयल गरबा क्वीन, रॉयल बेस्ट पेयर, रॉयल बेस्ट ड्रेसअप मेल, रॉयल बेस्ट ड्रेसअप फिमेलए रॉयल बेस्ट ड्रेसअप कपल, रॉयल बेस्ट एक्सप्रेशन के लिए व डांडिया क्वीन और किंग में पुरस्कार हीरे की अंगूठी और अन्य नगद पुरस्कार सभी विजयी प्रतियोगियों को मुख्य अतिथियों के सानिध्य में पुरस्कार दिया गया। जिससे माहौल बेहद खुशनुमा हो गया।

ये हुए विजयी प्रतिभागी-गरबा प्रतियोगिता के अंतर्गत रॉयल गरबा किंग किस्मत चौहानए रॉयल गरबा क्वीन दिव्या अग्रवाल, बेस्ट ड्रेसअप मेल रोहन मोटवानी, फिमेल शिल्पा चोपड़ाए बेस्ट एक्सप्रेशन फिमेल चाहत अग्रवाल, फॉरेवर क्वीन संगीता रतेरियाए बेस्ट पेयर श्रिया अग्रवाल और मुस्कान, बेस्ट पेयर ड्रेसअप अभिषेक और शीतल बेस्ट ग्रुप प्रथम बंजारन ग्रुप, दुर्गा शक्ति सेकेंड, बेस्ट थीम कॉन्सेप्ट गरबा फ्रिन्सए बेस्ट ड्रेसअप नवस्वरुपा, रॉयल सुपर स्टार ब्वाय रचित सोनीए बेस्ट ड्रेसअप सुपर स्टार ब्वॉय विवान महमियाए सुपर स्टार गर्ल सौम्या भारती, बेस्ट ड्रेसअप गर्ल सारवी सलूजा इन प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर के त्रिवेदी प्रिंसिपल ओपी जिंदल स्कूल श्रीमती अर्चना त्रिवेदी के हाथों में सम्मानित किया गया। वहीं जज टीम रोटेरियन विनय अग्रवाल रायपुरए रोटे मनीषा अग्रवाल, रोटेरीयन श्वेता साहू, रोटेरियन मोनिका जग्गी, रुपा ठक्कर खरसिया की विशेष भूमिका रही।रोटेरियन साथियों को दिया गया धन्यवाद-रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ रॉयल के अध्यक्ष ओमप्रकाश मोदी ने कार्यक्रम आयोजन को सफल बनाने के लिए सर्वप्रथम प्रोग्राम डायरेक्टर सुशील रामदास को विशेष धन्यवाद देते हुए कहा कि आपके अथक मेहनत एवं लगन से हमारा रास गरबा का कार्यक्रम एक नयी मंजिल पे पहुंच गया एइस कार्यक्रम ने रोटरी रॉयल क्लब को पूरे रायगढ़ शहर में एक नयी पहचान दिलायी। वहीं उन्होंने कहा कि क्लब सचिव संतोष भाई सारंगढ़ की जितनी तारीफ़ की जाए उतनी कम है, आपने हर समय एहर घड़ी मेरा साथ दिया। डॉ मनीष बेरीवाल के मार्गदर्शन के बिना यह कार्यक्रम संभव नहीं था, आपने स्टेज प्रोग्राम का कार्य बेहतरीन तरीक़े से निभाया। इसी तरह आशीष महमिया पूरे कार्यक्रम की जान थे ऐसी लगन और ऐसी साहस की ही हमें ज़रूरत थी। वहीं आशीष अरोरा भाई एराहुल भाई एवं अंकित भाई सभी का वेन्यू मैनेजमेंट देख कर दिल भर आया। वहीं संदीप भाई टायर, गौरव भाई एरितेश भाई आपके प्रचार प्रसार ने इस कार्यक्रम को घर घर तक पहुँचाया इसके लिए आभार और साधुवाद।वहीं विजय भाई हमारे प्रेरणा स्रोत हैं एहर मीटिंग में हमें नयी ऊर्जा दी। वहीं मनीष भाई गणगौर ने समय-समय पर इतना स्वादिस्ट व्यंजन खिला कर एसभी का मन जीत लिया।

## रामनवमी पर भक्तों ने किया आकर्षक धुनुची नृत्य

**रायपुर।** श्री श्री शारदीय दुर्गोत्सव त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति राजेंद्र नगर के मंदिर परिसर में महानवमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने भव्य धुनुची नृत्य किया। धुनुची नृत्य बंगाली दुर्गा पूजा की परंपरा का अहम हिस्सा है। धुनुची नृत्य में पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी हिस्सा लिया। दुर्गा पूजा के अवसर पर विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।श्री श्री शारदीय दुर्गोत्सव त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति राजेंद्र नगर के सचिव श्री विवेक बर्धन ने बताया कि नवरात्र के अवसर पर धुनुची नृत्य दुर्गा पूजा पंडालों में महानवमी में किया जाने वाला नृत्य है। दुर्गा पूजा के दौरान इस नृत्य की परंपरा सदियों से चली आ रही है। श्री बर्धन ने बताया कि धुनुची नृत्य का सम्बंध महिषासुर वध से है। पुराणों के अनुसार महिषासुर के अंत के लिए देवताओं ने माँ दुर्गा की पूजा-उपासना की थी और माँ ने महिषासुर के वध से पूर्व अपनी शक्ति बढ़ाने के लिए यह धुनुची नृत्य किया था।

# होम वोटिंग की प्रक्रिया को बारीकी से समझें:कलेक्टर

**रायगढ़, 25 अक्टूबर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के दिशा-निर्देशन में आज सृजन सभाकक्ष में मतदान दलों को 80 से अधिक आयु वर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को दी जाने वाली पोस्टल बैलेट की सुविधा के संबंध प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जिला पंचायत सीईओ श्री जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव पाण्डेय उपस्थित रहें।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा इस वर्ष 80 से अधिक आयु वर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर पहुंच मतदान की सुविधा दी जा रही हैं, जो काफी



महत्वपूर्ण हैं। जिससे इस प्रक्रिया में आपकी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। घर-घर जाकर वोटिंग के लिए बहुत सारी सावधानियां बरती जानी हैं, जिसका आपको विशेष ध्यान रखना होगा। यही कारण है कि आपके लिए यह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया हैं, जिससे आपको स्पष्ट हो जाए एवं पोस्टल बैलट से संबंधित प्रक्रिया में शंका होने पर प्रशिक्षण में पूछ कर तत्काल उसका समाधान कर ले। कलेक्टर श्री गोयल ने मतदान दल के अधिकारियों से पोस्टल बैलेट प्रक्रिया से संबंधित प्रश्न पूछते हुए उनका भी समाधान भी किया। इस दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि घर पहुंच मतदान दल में पीठासीन स्तर के एक अधिकारी एवं एक अन्य मतदान अधिकारी, माइक्रो ऑब्जर्वर, वीडियो ग्राफर, सुरक्षा कर्मी मौजूद होंगे। इसके साथ ही बीएलओ इस प्रक्रिया में आपका सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्लान तैयार किया जा रहा है। जिसके अनुसार आपको कार्य करना होगा। उन्होंने मतदाता के घर में होने वाले मतदान की गोपनीयता के संबंध में बारीकी से जानकारी दी। इसके साथ ही निर्वाचन कार्य में संलग्न कर्मचारियों के वोटिंग के लिए बनाए गए सुविधा केंद्र के संबंध में विशेष निर्देश दिए। प्रशिक्षण में डिप्टी कलेक्टर श्री रमेश मोर एवं जिला मास्टर ट्रेनर श्री राजेश डेनियल ने सभी मतदान दल के अधिकारियों को पोस्टल बैलेट की विस्तृत जानकारी देते हुए उनकी शंकाओं का समाधान किया।



## कलेक्टर एवं एसपी ने किया सुदूर क्षेत्रों का निरीक्षण

**बीजापुर 25 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार कटारा एवं पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय ने भैरमगढ़ ब्लाक के सुदूर क्षेत्रों, फरसेगढ़, रानी बोदली सहित विभिन्न गांवो का भ्रमण कर विधानसभा निर्वाचन हेतु सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस दौरान मतदान दलों के आगमन एवं उनके सुरक्षा के प्रबंध, हैलिपैड, सहित मतदान केन्द्रो में बुनियादि सुविधाएं बिजली, पानी, शौचालय सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। वहीं पुलिस एवं राजस्व विभागों के अधिकारियों से सुरक्षा संबंधी विषयों पर आवश्यक चर्चा एवं मार्गदर्शन दिए।

# पुलिस ने छापा मारकर अवैध शराब का जखीरा जब्त किया

**रायगढ़, 25 अक्टूबर।** आसन्न चुनाव शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने की दिशा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसने समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना, चौकी प्रभारियों को निर्देश दिये गये हैं । इसी कड़ी में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर घरघोड़ा पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की खरीदी-बिक्री और संग्रहण पर निगाह रखने मुखबीरों का जाल बिछा रखा है । आज दिनांक 23.10.2023 को थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चंद्रा को उनके सक्रिय मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम रायकेरा का शिव प्रसाद बेहरा द्वारा अवैध रूप से आसपास क्षेत्र में शराब की बिक्री करता है। सूचना पर एसडीओपी धररमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी



घरघोड़ा के नेतृत्व में पुलिस टीम तैयार कर टीम द्वारा देर शाम ग्राम रायकेरा में आरोपी के घर की घेराबंदी कर गवाहों के समक्ष रेड कार्यवाही किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के मकानए बाड़ी की विधिवत तलाश ली गई जिसमें आरोपी के कब्जे से 72 पाव देशी प्लेन, 279 अंग्रेजी शराब और 70 बियर की बोतल समेत जरीकन और प्लास्टिक बॉटल में भरी 101 लीटर महुआ शराब कुल 206 लीटर शराब कीमती 73000 का बरामद हुआ है। घरघोड़ा पुलिस पहले भी आरोपी शिव प्रसाद के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। अवैध शराब के भारी मात्रा में जप्त पर आरोपी शिव प्रसाद बेहरा पिता स्वण् समारू बेहरा उम्र 52 साल निववासी रायकेरा थाना घरघोड़ा के विरूद्ध आबकारी एक्ट की गैर जमानती धारा के तहत कार्यवाही की गई है। शराब रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चंद्रा, सहायक उप निरीक्षक राजेश मिश्रा, प्रधान आरक्षक राकेश राठौर, आरक्षक प्रहलाद भगत, सुमित उरांव, कन्हैया भगत, प्रदीप तिग्गा और महिला आरक्षक रश्मि तिर्की की सराहनीय भूमिका रही है ।

# मालवाहक ऑटो से 5 लाख रुपए से अधिक के अवैध पटाखें बरामद

**रायगढ़, 25 अक्टूबर।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उड़नदस्ता दल स्थैतिक निगरानी दल और पुलिस टीमों ने वाहन चेकिंग और तेज कर दिया गया है। दिनांक 23.10.2023 को रायगढ़-खरसिया ग्राम चपले के पास खरसिया पुलिस और उडनदस्ता दल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान अवैध पटाखों से भरी एक माल वाहक ऑटो को पकड़ा गया है, थाना खरसिया में वाहन चालक पर विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया है ।

एसएसपी सदानंद कुमार के दिशा.निर्देशन पर पुलिस टीमें क्षेत्र की फ्लाइंग स्क्वाड के साथ सामंजस्य बनाकर संदिग्ध रकम व मादक पदार्थों के परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है । इसी क्रम में आज खरसिया पुलिस और उडनदस्ता दल द्वारा ग्राम चपले के पास वाहन चेकिंग



के दौरान माल वाहक ऑटो में वाहन चालक को पटाखें परिवहन करते पकड़ा गया। वाहन के चालक दिनेश राठौर पिता घूनू राठौर उम्र 45 साल निवासी रतनमहका चौकी खरसिया ने वाहन में लोड पटाखों को खरसिया से रायगढ़ लेकर जाना बताया जिससे पटाखों के परिवहन संबंधी बिल/कागजात की मांग करने पर कोई बिल/दस्तावेज नहीं होना बताया। मौके पर थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक राकेश मिश्रा द्वारा वाहन समेत अवैध पटाकों एवं वाहन चालक को थाना खरसिया लाया गया। वाहन से जप्त पटाखों की कीमत 5 लाख रूपये से अधिक की बतायी जा रही है। एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल के मार्गदर्शन पर अवैध पटाखों की विधिवत जब्ती कर खरसिया पुलिस द्वारा वाहन चालक पर थाना खरसिया में विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है । थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक राकेश मिश्रा ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय एवं एसडीओपी खरसिया के मार्गदर्शन पर बिना लाइसेंस के पटाखे बेचने और रखने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही किया जावेगा। अवैध पटाखों से भरी एक माल वाहक ऑटो को पकड़ने में उड़नदस्ता दल प्रभारी डॉ. रमेश मनहर, टीआई खरसिया राकेश मिश्रा, एएसआई लक्ष्मी राठौर, आशिक रात्रे, आरक्षक विशोष सिंह, प्रदीप तिवारी तथा फ्लाइंग स्क्वॉड के प्रधान आरक्षक शम्भू खैरवार, आरक्षक चंद्रेश पांडे, वनरक्षक सिदार की अहम भूमिका रही है ।

## एक नजर

### अवैध शराब बेचने वाले पर थाना सिटी कोतवाली की कार्रवाई

**बलौदाबाजार 25 अक्टूबर।** जिले में अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही एवं त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र 843/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया नाम आरोपी चिंताराम यादव पिता मनहरण यादव उम्र 24 वर्ष साकिन नयापारा (डमरू) थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार मामला इस प्रकार है कि दिनांक 23/10/2023 को मुखबीर की सूचना मिलने पर आरोपी चिंताराम यादव पिता मनहरण यादव उम्र 24 वर्ष साकिन नयापारा (डमरू) थाना सिटी कोतवाली से अवैध शराब 52 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब किमती 10400/रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर आब. एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है तथा न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है । उपरोक्त कार्यवाही में प्रआर 243 अमोल सिंह कंवर, प्र.आर 143 आर 279 एवं 839 का विशेष योगदान रहा ।



### टक राम गांवों में घर-घर जा कर रहे जनसंपर्क



**तिल्दा नेवरा 25 अक्टूबर।** बलोदा बाजार विधान सभा में चुनाव प्रचार में टक राम वर्मा लगातार बलोदा बाजार ग्रामीण मंडल शुहेला मंडल हटबंद तिल्दा ग्रामीण मंडल के गावो में जनसम्प र्कद्अभियान के अंतर्गत गांव गांव में घर घर जा कर माताओं से लगातार आशीर्वाद ले रहे है बलौदाबाजार विधानसभा के ग्राम मानपुर, परसदा कोहाका और बोइरझिटी की जनता से बलौदाबाजार में कमल खिलाने हेतु आग्रह कर रहे है नवरात्रि पर्व पर पंडाल जा कर माता के भजन के माध्यम से जनता के नजदीक पहुंच रहे है।

### व्यय प्रेक्षक ने किया रानीतराई, रानाखुज्जी एवं जुन्नापानी चेकपोस्ट का निरीक्षण



**बालोद, 25 अक्टूबर ।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत बालोद जिले के जिले नियुक्त किए गए व्यय प्रेक्षक श्री श्रीकांत रेड्डी वाय (आई.आर.एस.) ने आज जिले के गुण्डरदेही विधानसभा के रानीतराई(रो) तथा डौण्डीलोहारा विधानसभा के रानाखुज्जी एवं जुन्नापानी चेकपोस्ट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से रानाखुज्जी चेकपोस्ट में अब तक की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने चेकपोस्ट में तैनात सभी अधिकारी-कर्मचारियों को पूरे समय मुस्तैदी के साथ कार्य करने तथा मार्ग से गुजरने वाले सभी वाहनों का अनिवार्य रूप से जांच करने के निर्देश दिए। जिससे कि निर्वाचन के दौरान अवैध रूप से नगदी, शराब अथवा अन्य कोई भी सामान जो कि मतदाताओं को प्रलोभन के लिए दिया जा सकता है उसकी रोकथाम सुनिश्चित की जा सकती है। इस दौरान महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र एवं व्यय अनुवीक्षण सेल के नोडल अधिकारी श्री सीआर टेकाम तथा सहायक नोडल अधिकारी श्री नेमेंद्र देशमुख सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कसडोल विधानसभा से संदीप साहू का विरोध

## जिन्होंने शकुंतला साहू को डुबाया , वे अब संदीप साहू के साथ हैं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल 25 अक्टूबर।** विधानसभा चुनाव 2023 के महा - मुकाबले में कांग्रेस पार्टी ने अपने सभी 90 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है वहीं भारतीय जनता पार्टी ने अभी तक 86 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है शेष 4 सीट के उम्मीदवार के नाम का इंतज़ार , लोग बेसब्री से कर रहे हैं ! छत्तीसगढ़ राज्य के सबसे बड़े विधानसभा क्षेत्र कसडोल विधानसभा क्रमांक 44 में रायपुर के रहने वाले संदीप साहू को कांग्रेस पार्टी ने अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है जिसका विरोध का स्वर अब सुनाई देने लगा है ! कुछ लोग उन्हें पैराशूट प्रत्याशी कह रहे हैं तो बाकी उनके आस-पास और साथ में घूमने वाले दागी कांग्रेसी नेताओं को देख रहे हैं जिनके नाम पर कसडोल पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज है ! कसडोल विधानसभा से संदीप साहू के विरोध का एक कारण यह भी है कि स्थानीय कांग्रेसी नेताओं ने भी प्रत्याशी बनने के लिए अपने आवेदन जमा किए थे और उन्हें विश्वास था कि सर्वे के आधार पर स्थानीय को ही टिकट दिया जाएगा ! ऐसे में स्वाभाविक है कि जिन प्रत्याशियों ने कांग्रेस पार्टी से कसडोल विधानसभा में अपनी उम्मीदवारी हाईकमान के समक्ष रखी और उनकी बात अनसुनी कर दी गई वह भीतरघात करेंगे ! कुछ लोगों का तो यहां तक कहना है कि अगर भारतीय जनता पार्टी किसी साहू उम्मीदवार को कसडोल विधानसभा से अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित करती है तो यह एक तरह से पूरी तरह वॉक ओवर होगा कांग्रेस पार्टी की तरफ से भाजपा उम्मीदवार को !

कसडोल की जनता अब जागरुक है , अपने क्षेत्र के विकास कार्यों को ले कर ! वह किसी भी कीमत पर , किसी भी राष्ट्रीय पार्टी के बाहरी प्रत्याशी को कसडोल विधानसभा से विजयी बनाने के लिए बाध्य नहीं है !

वैसे भी कसडोल के नागरिक अब अपने अधिकारों और क्षेत्र के विकास को लेकर बहुत ही अधिक जागरुक है ! इसीलिए कसडोल विधानसभा से कांग्रेस पार्टी को साहू प्रत्याशी घोषित करना पड़ा है , क्योंकि कसडोल विधानसभा में साहू वोटरों की भागीदारी , कुल वोटरों में लगभग 45 प्रतिशत से भी अधिक है !

कसडोल विधानसभा से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी संदीप साहू को क्षेत्रीय दल के प्रत्याशी भी चुनौती दे रहे है ! वे प्रत्याशी स्थानीय होने की वजह से कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाने का कार्य करेंगे ! जो कि एक तरह से कांग्रेस प्रत्याशी के पराजय का कारण बनेंगे ! राजनीति में कुछ भी स्थाई नहीं होता और राजनीति में दो और दो चार भी नहीं होते ! लेकिन पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार सर्व आदिवासी समाज की हमर राज पार्टी, पहले से कहीं और मजबूत हो कर उतरी है वहीं आम आदमी पार्टी , छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना की जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी जैसे कई दल के स्थानीय प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में हैं ! पिछले चुनाव में बसपा गठबंधन के साथ लगभग 12 फीसदी वोट हासिल करने वाली जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी तो मैदान में है ही ! सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी भले ही इनकी परवाह नहीं कर रही है लेकिन धरातल पर हकीकत यही है कि इनमें से अधिकांश , कांग्रेस पार्टी के वोट बैंक में ही सेंध लगाएंगे !

# जिले के विधानसभा के लिए 13 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिए

- अब तक कुल 25 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिए
- 1 अभ्यर्थी ने जमा किया नाम निर्देशन पत्र

**बलौदाबाजार,25 अक्टूबर।** बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत जिले के तीनों विधानसभा हेतु नाम निर्देशन पत्र की कार्यवाही जारी हैं। नाम निर्देशन पत्र के दूसरे दिन आज संयुक्त जिला कार्यालय में नाम निर्देशन पत्र हेतु बनाए गए कक्ष में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-44 कसडोल हेतु आज 4 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। जिसमें ग्राम गातापार से रामनारायण निषाद,ग्राम घुलघुल से शैलेन्द्र हिरवानी, रायपुरा तहसील सुरज सारंग एवं ग्राम पलारी से देवेश वर्मा का नाम शामिल है। इस तरह कसडोल के लिए अभी तक कुल 9 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिए है। इसी तरह आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-45 बलौदा बाजार हेतु आज 7 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। जिसमें ग्राम रवेली से गंगाराम शेर, ग्राम रावन से राजा दुलरवा यदु, ग्राम लोहारी से नरोत्तम दास बंजारे, ग्राम सोनपुरी से राजकुमार पात्रे, ग्राम रिसदा से तुलसीराम वर्मा, ग्राम बिलाड़ी तिल्दा राजूलाल शर्मा एवं बलौदाबाजार निवासी संतोष कुमार यदु ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए है। इस तरह बलौदाबाजार के लिए अभी तक कुल 10 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिए है।

इसी तरह आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-46 भाटापारा हेतु कुल 2 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। जिसमें ग्राम कुकदा से कृष्ण बंजारे एवं नेहरू वार्ड भाटापारा नगर से व्यासनारायण वर्मा शामिल है। इस तरह भाटापारा के लिए अभी तक कुल 6 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिए है।

इसके साथ ही आज भाटापारा के लिए एक नाम निर्देशन पत्र जमा भी किए है। इस तरह तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए आज दुसरे दिन 13 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। अब तक कुल 25 नाम निर्देशन पत्र लिए गए है।

# जुआ खेलने वालों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार 25 अक्टूबर।** जिले में अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी श्री अमित तिवारी के दिशा निर्देश में थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र 844/2023 धारा 13 जुआ एक्ट एवं छ.ग. जुआ प्रति. अधि. की 2022 की धारा 3(2) के आरोपीयों को गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया

मामले का विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 23.10.2023 को थाना सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम रिसदा मसान गढ्ढा तालाब के पास कुछ लोग ताश पत्ती से रूपये पैसे की हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं की सूचना पर रेड कार्यवाही किया जिसमें आरोपी 01. भुनेश्वर प्रसाद बंजारे पिता खोलबाहरा बंजारे उम्र 41 साल 02. रितेश कुमार घृतलहरे पिता जगजीवन दास उम्र 28 साल 03. विजय वर्मा पिता नरेश वर्मा उम्र 27 साल 04. पुनउ वर्मा पिता बृजलाल वर्मा उम्र 37 साल 05. तामेश्वर साहू पिता छेदीराम साहू उम्र 33 साल सभी निवासी ग्राम रिसदा थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार पकड़े गये आरोपीयों से कुल 6400/ रू एवं 52 पत्ती ताश जप्त कर आरोपीयों के विरूद्ध 13 जुआ एक्ट एवं छ.ग. जुआ प्रति. अधि. 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्यवाही किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में प्र आर अमोल कंवर, अंजोर मांझी, आरक्षक आर. 134, 839, 261, 634, 294 का विशेष योगदान रहा।

# विजयादशमी पर किया शस्त्र पूजन



**बलौदाबाजार 25 अक्टूबर।** रक्षित केंद्र बलौदाबाजार में विजया दशमी पर्व के शुभ अवसर पर शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दीपक कुमार झा द्वारा शस्त्रों का पूजन कर भगवान से सुख एवं शांति की मंगल कामना किया गया। श्री दीपक कुमार झा द्वारा समस्त जिले वासियों को विजयदशमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में सदैव पुलिस बल का सहयोग करने हेतु अपील किया गया। इस दौरान शस्त्र पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश कुमार यादव, श्री अनुज कुमार, श्री राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक, सुश्री सुशंता लकड़ा परि. उप पुलिस अधीक्षक, रक्षित निरीक्षक सुश्री उषा ठाकुर, निरीक्षक रितेश मिश्रा एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

# अवैध शराब मामले में पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर भेजा जेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 25 अक्टूबर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दीपक कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री राजेश श्रीवास्तव के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2023 को शांति पुर्ण सम्पन्न कराने हेतु जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, जुआ, सट्टा एवं गुण्डा बदमाशों पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है थाना प्रभारी कैलास चन्द्र दास द्वारा आज दिनांक 23.10.2023 को टीम गठीत कर अवैध शराब विक्रेताओं पर कार्यवाही करते हुये सर्चिंग अभियान चलाकर आरोपी मोतिलाल बारले पिता रामकुमार बारले उम्र 23 साल साकिन कठियापारा नगर पंचायत टुण्डरा के पास अवैध रूप से बिक्री हेतु रखे 16 लीटर हाथ भठ्ठी कच्ची महुआ शराब किमती ?3200 का मिलने पर एवं आरोपिया धानबाई पति विसम्भर गोड़ उम्र 28 साल साकिन वार्ड नंबर 01 नगर पंचायत टुण्डरा के पास अवैध रूप से बिक्री हेतु रखे 10 लीटर हाथ भठ्ठी कच्ची महुआ शराब किमती ?2000 का मिलने पर कुल 26 लीटर महुआ शराब किमती 5200 रूपया को जप्त किया गया एवं आरोपीयों के विरूद्ध क्रमशः अपराध क्रमांक 225/23, 226/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफतार कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया, एवं सर्चिंग अभियान के दौरान सबरिया डेरा घटमड़वा नाला के पास, एवं सबरिया डेरा भैसामुड़ा में 10 बोरी लगभग 1000 किलोग्राम महुआ लाहन को मौके पर नष्ट किया गया है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। संपुर्ण कार्यवाही में निरीक्षक कैलास चन्द्र दास, उप निरीक्षक रामाधर साहू, प्रधान आरक्षक मानिकराम बंजारे रामलाल कैवर्त, मिलन साहू, विजय मिलन, एवं सरस्वती नेटी का विशेष योगदान रहा।

### महिलाओं ने सुआ नृत्य की प्रस्तुती से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**बालोद, 25 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत बालोद जिले में निरंतर विभिन्न प्रकार के गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले में स्वीप गरबा महोत्सव, मतदाता जागरूकता रैली, नुक्कड़-नाटक की प्रस्तुति तथा दीवाल लेखन आदि विभिन्न प्रकार की गतिविधियां निरंतर आयोजित की जा रही है। जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के दल्लीराजहरा में आज महिलाओं के द्वारा सुआ नृत्य की प्रस्तुति के माध्यम से मतदाताओं एवं आम नागरिकों को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

# नवरात्रि में चैतन्य देवियों की झांकी का आयोजन ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने किया



**छुरा 25 अक्टूबर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र के द्वारा शहर के हृदय स्थल गांधी चौक पर आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी व चैतन्य देवियों की झांकी आयोजन किया गया।जिसमें ब्रह्मचारिणी ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा आध्यात्म रहस्य के गूढ़ संदेश को समझाया गया. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था से जुड़ी माताओं, बहनों और भाइयों का विशेष सहयोग काफी सराहनीय है।प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की जिला मुख्यालय गरियाबंद स्थित सेवा केंद्र की संचालिका बीके बिन्दु दीदी ने बताया कि चैतन्य देवियों की झांकी की प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है. इस झांकी में सभी कुंवारी कन्याओं के द्वारा मां का वेश धारण कर प्रदर्शनी दिखाया जा रहा है।प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा चैतन्य देवियों की अनूठी झांकी का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है।जिसका विधिवत उद्घाटन शहर के अधिकारियों,प्रतिष्ठित और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा कराया गया।संस्था के द्वारा नवरात्रि के अवसर पर चैतन्य देवियों के लिए कार्यक्रम आयोजित कर माता के 9 सजीव स्वरूपों को दिखाया गया है।जिसके माध्यम से ब्रह्मकुमारी बहनों द्वारा बताया जा रहा है कि नवरात्र के अवसर पर माता की मूर्तियां तो विराजती हैं, लेकिन चैतन्य देवियों की झांकी बहुत ही कम देखने को मिलती है।स्थानीय सेवा केंद्र के द्वारा आज़ादी के अमृत महोत्सव के तत्वाधान में आयोजित झांकी में ज्ञान गंगा, दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, काली, गायत्री, वैष्णव, उमा और फरिश्ता जैसी ब्रह्माचारिणी देवी के साक्षात दर्शन भक्तों द्वारा किया गया ।

## चोरी के प्रकरण का किया गया खुलासा

# थाना सिटी कोतवाली पुलिस को मिली सफलता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार 25 अक्टूबर।** शहर मे लगातार हो रही चोरी की वारदात पर अंकुश लगाने तथा अपराध की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र 829/23 धारा 457,380 भादवि के मामले का खुलाशा कर अपराध मे संलिप्त आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड मे भेजा गया है । नाम आरोपी - दुर्गेश मानिकपुरी पिता सुरेश मानिकपुरी उम्र 19 साल साकिन सिंधी कालोनी, पुराना बस स्टैण्ड बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 18/10/2023 को प्रार्थी आशीष पारवानी सिंधी कॉलोनी बलौदाबाजार ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 15/10/2023 के सुबह करीबन 08¬10 बजे घर में ताला लगाकर अपने दुकान नया बस स्टैण्ड चला गया था । मेरा भतीजा वंश पारवानी सुबह करीबन 09¬30 बजे मुझे फोन कर बताया कि घर में चोरी हुई है। फिर मैं अपने दुकान से अपने घर सिंधी कॉलोनी गया, तो देखा मेरे कमरे के लॉकर में रखे के सोने की अंगूठी एवं नगदी रकम ?8,000 नहीं थे, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है, की रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा कायम कर विवेचना में लिया गया।

दौरान विवेचना मुखबीर सूचना के आधार पर आरोपी से मेमोरण्डम कथन लिया गया है मेमोरेण्डम कथन अनुसार आरोपी दुर्गेश मानिकपुरी पिता सुरेश मानिकपुरी, उम्र 19 वर्ष साल सिंधी कॉलोनी, पुराना बस स्टैण्ड, बलौदाबाजार द्वारा सोने की अंगूठी एवं नगदी रकम ?8,000 चोरी करने में संलिप्त पाये जाने से चोरी किये हुए नगदी रकम में से ?7,900/- रू0 को खर्च कर देना और सोने की अंगूठी को अपनी ऊंगली में पहनकर पुराना बस स्टैण्ड दुर्गा पंडाल गया था जहां भीडभाड में कहीं गिर गया बताया है। चोरी गई रकम में से 100/- रू0 मुताबिक जप्ती पत्रक के समझ गवाहान जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है। आरोपी के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने से दिनांक 23/10/2023 के बजे 12:30 बजे विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।


### आम सूचना

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किल बैंक कैनरा बैंक राजनांदगांव शाखा के समक्ष प्रस्तावित ऋणी मेसर्स श्री शिवम इस्पात द्वारा लिये जा रहे ऋण हेतु प्रोपराईटर श्री विशाल यादव पिता श्री राजमणी यादव निवासी मकान न 23, यादव निवास शिवम स्टील इंडस्ट्रीज, तुमडीवोड, तह, डोंगरगढ़, जिला राजनादगांव के स्वामीत्य एवं आधिपत्य की परिवर्तित भूमि खसरा नं. 101 एवं 102, कुल रकबा 10550 वर्गफुट स्थित महर्षि वाल्मिकी वार्ड क्र. 28 ग्राम जोरा, प.ह.नं. 66. रा.नि.म. रायपुर-1, तह व जिला रायपुर को केनरा बैंक, राजनांदगाव शाखा में बंधक रखकर ऋण लिया जाना प्रस्तावित है। उक्त सम्पत्ति को पूर्व में श्री राजमणी यादव पिता श्री खुशीयाल यादव ने श्रीमती ममता कोरे पति श्री मनोहर कोरे से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 12.09.2000 के जरिये क्रय किया था। उक्त पूर्व मूल पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 12.09.2000, श्री विशाल यादव से उनके निवास स्थान शिवम स्टील इंडस्ट्रीज, तुमडीवोड, तह, डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव में कही गुम हो गया है और बहुत ढूंढने पर भी उन्हें नहीं मिल पायी है। इसीलिए हमारा मुवक्किल बैंक इस आम सूचना के माध्यम से आम एवं खास से उक्त संपत्ति की भारमुक्तता के विषय में आपत्तियां आमंत्रित करता है।

यदि मेसर्स श्री शिवम इस्पात द्वारा उक्त सम्पत्ति को हमारे मुवक्किल बैंक के पक्ष में बंधक रखकर ऋण लेने में किसी भी बैंक, साहूकार व्यक्ति, वित्तीय संस्था एवं शासन आदि को किसी प्रकार की उजर या दावा हो तो ऐसे उजर व दावे को इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिनों के अंदर दस्तावेजी साक्ष्य के साथ हमारे या हमारे मुवक्किल के समक्ष कार्यालयीन समय में लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद म्याद मेसर्स श्री शिवम इस्पात के ऋण आवेदन पत्र को उक्त पूर्व मूल दस्तावेज की प्रमाणित प्रतिलिपि के आधार पर स्वीकार किया जा सकता है। उक्त संपत्ति को हमारे मुवक्किल बैंक द्वारा बंधक रखे जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के विषय में किसी भी प्रकार के किये गए उजर या दावे अमान्य व अवैध होंगे जो हमारे मुवक्किचल बैंक पर एवं उक्त प्रस्तावित ऋणी मेसर्स श्री शिवम इस्पात पर बंधनकारी नहीं होंगे।

रायपुर (छ.ग.) जो सूचना जाने।
दिनांक 21.10.2023

एन.के. श्रीवास्तव (अधिवक्ता)
श्रीवास्तव एण्ड एसोसिएट्स, एडवोकेट्स
चेम्बर ऑफिस नं. एफ-33, हीरा आर्केड, पुराना बस स्टैण्ड, पण्डरी रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9826113956

### GENERL INFORMATION

The general public is hereby informed that the proprietor Mr. Vishal Yadav, father Mr. Rajmani Yadav, resident of House No. 23, Yadav Niwas Shivam Steel Industries, Tumdivod, for the loan being taken by the proposed borrower Gerari Mr. Shivam Ispat from our client bank Canara Bank Rajnandgaon branch. Khasra no. Maharishi Valmiki Ward No. 101 and 102, total area 10550 square feet. 28 Gram Jora, P.H.No. 66. N.N.M. It is proposed to take loan by keeping mortgage of Raipur-1, Teh and District Raipur in Canara Bank, Rajnandgaon branch.The said property was earlier purchased by Mr. Rajmani Yadav father Mr. Khushiyal Yadav from Mrs. Mamta Kore husband Mr. Manohar Kore through registered sale deed dated 12.09.2000. The above original registered sale deed dated 12.09.2000, from Shri Vishal Yadav, has gone missing somewhere at his residence Shivang Steel Industries, Tumdivod, Teh, Dongargarh, District Rajnandgaon and despite extensive searching, he could not find it. That is why our client bank, through this general notice, invites objections regarding the encumbrance of the said property in general and in particular.If M/s Shri Shivam Ispat has any kind of debt or claim against any bank, money lending person, financial institution and government etc. for taking loan by mortgaging the said property in favor of our client bank, then such debt and claim will be declared as per this general information. Of publication? (Submit in writing to us or our client during office hours along with documentary evidence within seven days, otherwise the loan application form of M/s Shri Shivam Ispat can be accepted on the basis of certified copy of the said original document. . After the said property is mortgaged by our client bank, any kind of loan or claims made regarding the said property will be invalid and illegal and will not be binding on our client bank and the said proposed borrower M/s Shri Shivam Ispat.

Raipur (CG) dated 21.10.2023
The information that is known.

**N.K. Srivastava (Advocate) Srivastava & Associates, Advocates Chamber Office No. F-33, Heera Arcade, Old Bus Stand, Pandari Raipur (Chhattisgarh) Mob.No. 9826113956**

## एक नजर

### अंतिम 4 सीटों पर भाजपा ने जारी की प्रत्याशियों की सूची

**रायपुर 25 अक्टूबर।** भाजपा ने बची हुई 4 सीटों बेमेतरा, कसडोल, अंबिकापुर और बेलतरा से अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है. चारों सीटों पर नए चेहरे को मौका दिया गया है. बेलतरा से भाजपा ने विधायक रजनीश सिंह की टिकट काटकर सुशांत शुक्ला को मैदान में उतारा है. वहीं अंबिकापुर से राजेश अग्रवाल, कसडोल से धनीराम धीवर और बेमेतरा से दीपेश साहू को उम्मीदवार बनाया गया है. बेमेतरा में साहू समीकरण को भाजपा ने साधा है. उन्होंने पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष दीपेश साहू को मैदान में उतारा हैं. वे पूर्व में शिक्षाकर्मी रह चुके हैं।

### भाजपा चुनाव प्रचार में कर रही मासूम बच्चों का दुरुपयोगः कांग्रेस

**रायपुर , 25 अक्टूबर।** कांग्रेस लगातार भाजपा पर धर्म के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाते आए है.वही कल की घटना के बाद कांग्रेस ने भाजपा पर तंज कसा है. जिसमे साजा विधान सभा में नाबालिग बच्चे को चुनाव प्रचार कराए जाने का आरोप लगाते हुए धर्म के नाम पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया है. वही कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा की छत्तीसगढ़ में बेहद दुर्भाग्य जनक है कि भारतीय जनता पार्टी अपने चुनाव प्रचार में मासूम बच्चों का दुरुपयोग कर रही भारतीय जनता पार्टी सांप्रदायिकता फैलाने की कोशिश कर रही है. जिस प्रकार से साजा विधानसभा क्षेत्र में मासूम बच्चों के माध्यम से सांप्रदायिकता की बातें भारतीय जनता पार्टी ने करवाया है भाजपा के प्रत्याशी ने उसको अपने ट्विटर हैंडल में डाला है भारतीय जनता पार्टी ने ट्विटर में डाला है देश के लोकतंत्र के लिए घातक है. कांग्रेस पार्टी इसकी शिकायत चुनाव आयोग से करेगी और हम मांग करेंगे कि भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए साथ ही बच्चों के दुरुपयोग करने के नाम पर बाल अत्याचार अधिनियम के तहत कार्रवाई भी होना चाहिए.

### अवैध रूप से शराब बेचते दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 25 अक्टूबर।** अवैध रूप से शराब बेचने वाले दो युवक पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। आरोपियों के कब्जे से 43 पाव शराब जब्त करते हुए आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। जब्त शराब की कीमत करीब 3800 रूपए है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सेजबहार थाना पुलिस ने अपने इलाके में मुखबीर की सूचना पर राकेश रात्रे पिता प्रकाश रात्रे 36 वर्ष निवासी ग्राम सलोनी मुजगहन को 22 पाव शराब के साथ पकड़ा है। इसी तरह माना थाना पुलिस ने नंद कुमार साहू पिता देवनारायण साहू 35 वर्ष निवासी माना को बनरसी तालाब के पास खुलेआम शराब बेचते हुए पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 21 पाव देशी शराब बरामद किया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है।

### राज्यपाल हरिचंदन ने विजयादशमी पर शस्त्र पूजन और हवन किया

**रायपुर, 25 अक्टूबर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन आज विजयादशमी के अवसर पर राजभवन में आयोजित शस्त्र पूजन और हवन में शामिल हुए और देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने राजभवन परिसर में विधिवत् शस्त्र पूजा की। उन्होंने राजभवन सचिवालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों को विजयादशमी और दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी। इस दौरान विशेष रूप से गायत्री परिवार को आमंत्रित किया गया। राज्यपाल श्री हरिचंदन ने इस अवसर पर कहा कि असत्य पर सत्य की जीत का यह त्योहार हमें अहंकार और अधर्म का नाश करने की सीख देता है। हमें दशहरे के इस पावन पर्व पर सत्य की राह में चलने का संकल्प लेना चाहिए।

### छत्तीसगढ़ में गुलाबी ठंड ने दी दस्तक

**रायपुर, 25 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में अचानक मौसम के मिजाज में बदलाव आ गया है। सप्ताह भर पूर्व तक चिपचिपी गर्मी से बेहाल लोगों को अब गुलाबी ठंड का एहसास हो रहा है। सुबह और शाम ढलने के बाद ठंड का असर आसानी से महसूस हो रहा है। छत्तीसगढ़ के अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान का ग्राफ अब गिर गया है। बात उत्तरी छत्तीसढ़ की करें तो यहां के कोरिया में न्यूनतम तापमान का आंकड़ा 14.9 डिग्री रिकार्ड किया गया है। इसी तरह बलरामपुर में 17.4, सरगुजा में 16.8, जशपुर में 17.8, रायगढ़ में 20.5, कोरबा में 17.8 डिग्री रिकार्ड किया गया है। इसी तरह बिलासपुर में 18.4, मुंगेली 17.3, जांजगीर-चांपा में 19.1, रायपुर 19.3, महासमुंद 17.5, दुर्ग 16.2, राजनांदगांव 17.2, धमतरी 15.7, कांकेर 15.2, नारायणपुर 14.2, बस्तर 18.4, दंतेवाड़ा 17.0 तथा बीजापुर में 17.5 डिग्री न्यूनतम तापमान रिकार्ड किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में की दिशा में बदलाव होते ही तापमान में और ज्यादा गिरावट आने की पूरी संभावना बनी हुई है।

विसर्जन...



**रायपुर 25 अक्टूबर। खारून नदी, महादेवघाट में आज भी बड़ी संख्या में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।**

## त्रिपुर सुंदरी मंदिर में एक हजार कन्याओं का पूजन

**रायपुर 25 अक्टूबर।** परमपूज्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के द्वारा स्थापित बोरिया कला रायपुर आश्रम में शारदीय नवरात्रि के पावन पुनीत पर्व पर पराम्बाभगवती राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी केश्रीयंत्र की पूजा की पूर्णता के अवसर पर सहस्त्राधिक कन्याओं का विधिवत पूजन संपन्न किया गया एक साथ हजारों की संख्या में कन्याओं का दर्शन दुर्लभ होता है आज हजारों की संख्याओं में उपस्थित कन्याओं का पूजन शंकराचार्य परिवार के सभी भक्तों ने किया विशाल भंडारे का आयोजन किया गया तथा आज सभी लोगों ने अपने व्रत का भी समापन किया डॉ इन्दुभवानन्द महाराज ने बताया कि कन्याओं के पूजन करने से कठिन से भी कठिन कार्य राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी के द्वारा संपन्न हो जाते हैं जिनका राज्य खो गया है, जिनको राज्य की प्राप्ति करनी है, जिनका सम्मान नष्ट हो गया है, जिनको राजकीय बड़ी बाधाहै, जिनका सामाजिक तिरस्कार हो गया है।

# भाजपा जुमलों की बारिश कर रही: श्रीनेत

**रायपुर 25 अक्टूबर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सोशल मीडिया चेयरमैन सुप्रिया श्रीनेत ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि आज जब छत्तीसगढ़ का चुनाव मुहाने पर है तो कांग्रेस सरकार अपने काम के दम पर, अपने रिपोर्ट कार्ड पर जनता से वोट माँग रही है और हमारी प्रतिद्वंदी भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर से जुमलों की बारिश कर रही है। और फेंकने में मोदी जी और उनके परम चेले अमित शाह जी का तो कोई जवाब ही नहीं है। पर इस चुनाव की सारी लड़ाई अंततोगत्वा - रेवड़ी और रबड़ी पर आ कर टिक गई है। हमने ग़रीबों शोषितों वंचितों आदिवासियों के लिए पूरी ईमानदारी से काम किया तो उसको मोदी जी रेवड़ी बताते हैं। उन्होंने अडानी के लिए दिन रात मेहनत की लेकिन उस रबड़ी पर चर्चा नहीं करते।

केंद्र सरकार ने सिर्फ़ और सिर्फ़ रोड़ा लगाने का काम किया। यहाँ तक कि हमारी सरकार की ज़्यादा दाम पर धान ख़रीदने की पहल को भी रोकने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई। लेकिन हम भी कम नहीं है, तू डाल डाल तो मैं पात पात। मोदी सरकार ने ऑर्डर निकाल कर कहा कि अगर कोई सरकार एमएसपी से ज़्यादा पर धान ख़रीदेगी तो केंद्र सरकार के पूल में वो नहीं ख़रीदा जायेगा, इसीलिए हमने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से सीधे किसानों के खाते में अतिरिक्त पैसा डाला।

लेकिन इस सरकार की कुत्सित हरकतों का अंदाज़ा आप इससे लगाइए कि केंद्र सरकार ने 86 मीट्रिक टन चावल ख़रीदने का वादा किया जिसको बाद में 61 मीट्रिक टन कर दिया गया- और यही वो लोग हैं जिन्होंने कर्नाटका की हमारी सरकार को 35 मीट्रिक टन चावल देने से मना कर दिया!

रेवड़ी रेवड़ी चीखने वाले अडानी के लिये लगातार रबड़ी परोसी है। बस्तर में एनएमडीसी के नगरनार स्टील प्लांट को अडानी जी को सौंपने की पूरी तैयारी के बावजूद अब कहा जा रहा है ऐसा नहीं होगा। तो फिर वित्त मंत्रालय की विनिवेश वेबसाइट पर अभी तक इसका नाम क्यों है। याद रखियेगा यह वही चुनावी जुमला है जिनकी बौछार करके प्रधानमंत्री जी खुद उनके बारे में अगले पल ही भूल जाते हैं!

रेवड़ी कह कर सरकार के दायित्वों और लोकहित की योजनाओं का अपमान करने वाले राजनैतिक छींटाकशी नहीं कर रहे बल्कि उन लोगों का तिरस्कार कर रहे हैं जिनके लिए हमारी सरकार ने ये काम किए हैं - और वो वोट देते समय इसका सूत समेत जवाब देंगे।

### तीन जगहों पर हुई चाकूबाजी

**रायपुर, 25 अक्टूबर।** राजधानी रायपुर में बीती शाम मामूली विवाद के चलते तीन अलग-अलग जगहों पर चाकूबाजी हो गई। तीनों ही मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि पहली घटना थाना खम्हारडीह का है। प्रार्थी त्रिभवन साहू ने शिकायत दर्ज कराया कि एकता चौक में आरोपी अजय पाल एवं सन्नी पाल घर के बाहर हुड़दंग कर रहे थे। इस पर प्रार्थी के पुत्र खिलेन्द्र साहू ने उन्हें मना किया तो आरोपी भड़क गए और दादागिरी करते हुए प्रार्थी के लड़के पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इसी तरह आजाद चौक थाना क्षेत्र में प्रार्थी राकेश निर्मलकर पिता मेहत्तर निर्मलकर निवासी ब्राम्हणपारा ने शिकायत दर्ज कराया कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपी बिटटू पाण्डे एवं अन्य युवकों ने मिलकर प्रार्थी के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चाकू माकर घायल कर दिया। वहीं पुरानीबस्ती थाना क्षेत्र में सामुदायिक भवन के बाहर बैठकर शराब पी रहे युवकों को मना करना एक युवक को महंगा पड़ गया। प्रार्थी टोमेन्द्र पटेल पिता हीराराम पटेल ने शिकायत दर्ज कराया कि बीती शाम सामुदायिक भवन के बाहर बैठकर आरोपी ओम धीवर, अभय एवं बाबू शराब पी रहे थे। इस पर प्रार्थी ने उनहें मना किया तो आरोपी तैश में आ गए और अपने पास रखे चाकू से हमला कर प्रार्थी को घायल कर दिया। पुलिस ने सभी मामलों में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

# कावड़िया रायपुर उत्तर के भाजपा चुनाव संचालक

**रायपुर 25 अक्टूबर।** प्रदेश भाजपा ने आज 31 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों के लिए चुनाव संचालक तय कर दिए हैं। भाजपा नेता लोकेश कड़िया को रायपुर उत्तर सीट का चुनाव संचालक बनाया गया। घोषणा होते वक्त लोकेश कावड़िया और पुरंदर मिश्रा साथ ही थे। इसके बाद पुरंदर मिश्रा ने कावड़िया को बधाई भी दी।

गौरतलब है कि लोकेश कावड़िया ने खुद भी रायपुर उत्तर से टिकट मांगी थी लेकिन पार्टी ने पुरंदर मिश्रा को उम्मीदवार बनाया है, कई भाजपा नेता भी नाराज हैं, इनमें से कईयों से पार्टी ने चुनाव संचालक बनने का आग्रह किया मगर अधिकांश ने मना कर दिया। अंततः लोकेश कावड़िया ने चुनाव संचालक



बनने पर हामी भर दी। दरअसल पार्टी कावड़िया की नेतृत्व क्षमता को जानती है इसलिए लोकेश कावड़िया को चुनाव संचालक बनाया गया है। श्री कावड़िया को गुजरात राजस्थान, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा मे हुए चुनावों के संचालन का अनुभव रहा है इस कारण पार्टी ने पूर्व प्रतिपक्ष नेता (नगर निगम, रायपुर) श्री कावड़िया को यह जिम्मेदारी दी है। आपको बताते चले कि इसके अलावा छत्तीसगढ़ में जांजगीर लोकसभा, कोरबा लोकसभा में चुनाव संचालन करते हुए क्रमशः कमला पाटले और करुणा शुक्ला को सांसद बनवाया था। इस प्रकार 17 बार चुनावी मैदान में चुउम्मीदवारों के लिये चुनाव संचालन किया है। श्री कावड़िया ने इसी तरह छत्तीसगढ़ की विधानसभा में बिंद्रनवगढ़, पाटन का संचालन कर पार्टी का उम्मीदवार जितवा चुके हैं। इससे जाहिर होता है कि कावड़िया को संगठन और पार्टी की नीति और रणनीति की गहरी समझ है बहरहाल अब उनकी अगली परीक्षा रायपुर उत्तर सीट है। श्री कावड़िया ने कहा कि पार्टी ने हमेशा मुझे जो भी जिम्मेदारी दी है मैंने उसे पूरी शिद्दत से निभाया है मुझे विश्वास है कि रायपुर उत्तर विधानसभा सीट भाजपा रिकार्ड मतों से जीतेगी श्री कावड़िया ने कहा कि कांग्रेस की तरफ से कितना भी मजबूत चेहरा आ जाए हमारा लक्ष्य इस सीट को जीतकर पार्टी को देना है।

# चुनाव में धर्म की आड़ लेना भाजपा की आदतः सैलजा

**रायपुर 25 अक्टूबर।** कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव में धर्म की आड़ लेना उसकी पुरानी आदत है। धर्म की आड़ लेते हैं ठीक है, पर धर्म निभाना तो सीखें। इसमें वे पूरी तरह से फेल हो चुके हैं। सैलजा जगदलपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक लेने के बाद मीडिया से चर्चा के दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के कवर्धा प्रवास के दौरान कुछ माह पूर्व सांप्रदायिक हिंसा पर दिए गए बयानों पर प्रतिक्रिया दे रही थीं।

उन्होंने कहा कि भाजपा केवल जुमलेबाजी और हवा की बातें करती है। धर्म है लोगों के प्रति विश्वास और विश्वास जीतना, केवल उसकी बातें करना नहीं। सैलजा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दौरों पर कहा कि पहले आते और यहां के लोगों को कुछ सौगात देते तो कोई बात होती, लेकिन अब आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि किसानों की मांग थी कर्ज माफी, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कर्ज माफी की घोषणा की। सैलजा आज जगदलपुर, कोंडागांव, नारायणपुर, कांकेर में पदाधिकारियों से मिलेंगी। 15 साल के कुशासन को जनता ने नकारा- सैलजा ने कहा जनता ने पिछले चुनाव में भाजपा के 15 वर्षों के कुशासन को नकारा था। इतने वर्षों में उन्होंने जो किया था, उसी के कारण बाहर का रास्ता दिखाया था। मोहला मानपुर में हुई हत्या को टारगेट किलिंग का आरोप लगाकर भाजपा के निर्वाचन आयोग में शिकायत पर कहा, चुनाव में पार्टी अपनी बात रखती है। हमने पहले भी कहा जो क्राइम है वह क्राइम है और क्राइम का राजनीतिकरण बीजेपी कर रही है तो एक अलग बात है।

### आपसी रंजिश पर जानलेवा हमला, युवक गंभीर

**रायपुर 25 अक्टूबर।** कोतवाली क्षेत्र के दयालबंद में युवक पर पड़ोसी ने पुरानी रंजिश पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में घायल के गले में गंभीर चोट आई है। पीड़ित ने घटना की शिकायत कोतवाली थाने में की है। इस पर पुलिस ने हत्या के प्रयास कर लिया है। दयालबंद में गुरु नानक स्कूल के सामने रहने वाले रजक शंकर मकान में लिपाई पोताई का काम करते हैं। सोमवार की रात 11 बजे वे दुर्गा पंडाल में भोग प्रसाद बांटने के लिए गए थे। भोग प्रसाद बांटने के बाद वे घर लौट रहे थे। रास्ते में मोहल्ले में रहने वाला चप्पू सोनकर खड़ा था। उसने पुरानी रंजिश पर उसने रजक से गाली-गलौज की। इसका विरोध करने पर उसने अपने पास रखे चाकू निकालकर रजक के गले में वाह कर दिया। हमले में सांस नली के पास कट गया। घायल ने घटना की शिकायत कोतवाली थाने में की है।

### गरबा नृत्य के विजेता पुरस्कृत



**रायपुर 25 अक्टूबर।** इंद्रप्रस्थ कॉलोनी बेटी बचाओ मंच ने कॉलोनी में आयोजित गरबा उत्सव अवसर पर श्रेष्ठ परिधान तथा गरबा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया। श्रृंगार में प्रथम रिमझिम कश्यप, द्वितीय पूजा छुरा, तृतीय श्वेता वर्मा तथा नर्मदा पाढी रहे ।जूनियर ग्रुप में प्रथम भाविका शर्मा तथा द्वितीय आरना एवं रुद्राक्ष। वही गरबा प्रतियोगिता में श्रेष्ठ धैर्य शर्मा, रीना त्रिपाठी , लीला शर्मा, प्रियंका खरे पुरस्कृत हुए। श्रेष्ठ कार्यकर्ता के रूप में चंद्रशेखर प्रसाद तथा सुनील त्रिपाठी सम्मानित हुए। विजेताओं को मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने प्रशस्ति पत्र तथा आकर्षक गिफ्ट देकर सम्मानित किया।

### वृद्धाश्रम निर्माण के लिए दान देने वालों का सम्मान

रायपुर 25 अक्टूबर। शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा रायपुर के वृंदावन हॉल सिविल लाइंस रायपुर में 28 अक्टूबर दिन शनिवार को अर्पण सेवा सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है यह सम्मान समारोह संस्था द्वारा बनाए जा रहे वृद्धाश्रम निर्माण सहयोग के लिए चैरिटी सम्मान समारोह है इसमें उन सभी दानदाताओं का सम्मान किया जाएगा जो वृद्ध आश्रम के निर्माण में अपना सहयोग दे रहे हैं पंजीयन अभी भी आरंभ है आप शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ से संपर्क करें संस्था द्वाराबुजुर्गों के लिए कुम्हारी के पास पहंदा गांव में आश्रम का निर्माण किया जा रहा है इसके मुख्य अतिथि डॉ राजाराम त्रिपाठी दंतेश्वरी हर्बल समूह अध्यक्ष व राष्ट्रीय संयोजक अखिल भारतीय किसान महासंघ कोंडागांव बस्तर , अध्यक्षता डाक्टर श्रीमती प्रियाक्षी शर्मा दंत व हेयर रोग विशेषज्ञ रायपुर ,विशिष्ट अतिथि डॉक्टर मानसी गुलाटी वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ दुर्ग , सम्माननीय अतिथि डॉक्टर पलक जायसवाल संस्थापिका वह अध्यक्ष द विसडम ट्री फाउंडेशन बिलासपुर सम्माननीय अतिथि श्रीमती रेखा गुल्ला जी समाजसेवी व्याख्याता बिलासपुर है।

# सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं कांग्रेस के लिए ब्रह्मास्त्र : दीपक बैज

**रायपुर, 25 अक्टूबर।** इस राज्य में एक बार फिर से कांग्रेस की सरकार बन रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि चुनाव में कांग्रेस सरकार के काम और जनकल्याणकारी योजनाएं कांग्रेस सरकार का ब्रह्मास्त्र होगी। भाजपा के पास कांग्रेस का मुकाबला करने के लिए कोई मुद्दा नहीं है। भाजपा हवाहवाई और काल्पनिक मुद्दों पर प्रदेश में राजनीति करना चाह रही जिसके कारण वह जनता से और दूर होते जा रही है। 2018 के विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाने के बाद कांग्रेस के प्रति जनता का भरोसा और बढ़ते गया, 5 उपचुनाव, नगरीय निकाय चुनाव, पंचायत चुनावों में जनता ने भाजपा को नकार दिया है। भाजपा कार्यकर्ताओं में हताशा है, कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है। इस चुनाव में छत्तीसगढ़ के किसान, युवा, आम आदमी की और बेहतरी तथा पिछले पांच सालों में किये गये कामों को आगे बढ़ाना कांग्रेस का लक्ष्य है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर हर वर्ग को सुविधा पहुंचाने योजनाओं का विस्तारीकरण किया जायेगा तथा लोगों की उन्नति के लिये योजनायें बनाई जायेगी तथा नई योजनाओं का विस्तारीकरण भी होगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने हर वर्ग के लिये काम किया है। तेंदूपत्ता का मानक दर 2500 रु से बढ़ाकर 4000 रु प्रति बोरा किया गया, 65 वनोपज की समर्थन मूल्य में खरीदी की गई, चरणपादुका खरीदने नगद राशि दी गई, बस्तर में मक्का प्रोसेसिंग प्लांट लगाया गया। 24827 व्यक्तिगत 20,000 से अधिक सामुदायिक व 2200 वन संसाधन पट्टे वितरित किए गए, 16 लाख से अधिक हेक्टर भूमि आदिवासी वर्ग को वितरित किया गया है। 4,38,000 से अधिक व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र वितरित किया गया। 44,300 से अधिक सामुदायिक वन अधिकार पत्र वितरित किया गया। 2175 से अधिक वन संसाधन अधिकार ग्राम सभा को प्रदान की गई। मिलेट मिशन शुरू किया गया और बस्तर के वनोपज को देश-विदेश तक पहुँचाया गया। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से धान, गन्ना, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी, मक्का, दलहन-तिलहन, फलदार वृक्ष, सब्जी लगाने वाले आदिवासी किसानों को 10,000 रू. प्रति एकड़ इनपुट सब्सिडी दी जा रही है। इन कामों से राज्य की तस्वीर बदली है तथा कांग्रेस के प्रति भरोसा बढ़ा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि चुनाव में कांग्रेस सरकार के पांच सालों के कामों ही हमारा चुनावी मुद्दा है। भाजपा चुनाव में जनता के मुद्दों पर बात करने से घबरा रही है। वह सांप्रदायिकता और तनाव फैलाकर चुनाव लड़ना चाह रही।

# मसीही सम्मेलन में युवक-युवतियों ने दिया परिचय

**रायपुर 25 अक्टूबर।** राजधानी में मंगलवार को मैग्नेटो मॉल में अंतरराष्ट्रीय मसीही युवक - युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक व छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी थे। विशेष अतिथि सेंट पॉल्स कैथेड्रल के पादरी सुनील कुमार, समाजसेवी जॉन राजेश पॉल व सालेम स्कूल की वाइस प्रिंसिपल रूपिका लॉरेंस थीं।

तेरा साथ संस्था की संचालक मेरी सिंह व किरण सिंग ने बताया कि सम्मेलन में सवा सौ से अधिक उम्मीदवारों ने अपना परिचय देकर जीवन साथी चुनने की इच्छा जताई। इनमें सरकारी कर्मचारी, व्यापारी, इंजीनियर, कारपोरेट व निजी संस्थानों



में कार्यरत युवक -युवतियों के अलावा घर संभालने वाले भी शामिल थे। ज्यादातर की पसंद थी कि उनका जीवन साथी लविंग, केयरिंग, समझदार तथा उनका व परिवार का साथ निभाने वाला हो। लंदन, न्यूयॉर्क के अलावा छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश से भी उम्मीदवारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। संचालन सम्मलेन में विशेष रूप से निशांत दयाल, रूथ दास, अनिल सिंग, सभी डिनॉमनेशन के मसीही आदि भी शामिल हुए। सस्था का यह चौथा सम्मेलन था।

पादरी सुनील कुमार ने बाइबल में उल्लेखित से चट्टान पर घर का संदर्भ देते हुए कहा कि मूर्ख ने बालू पर घर बनाया और बारिश में उसका घर ढह गया। उसी तरह बुद्धिमान ने चट्टान पर घर बनाया और घर बारिश में भी स्थिर रहा। चट्टान भरोसे व विश्वास की प्रतीक है। आपको ऐसा जीवन साथी चुनना है जिसमें आप दोनों को एक - दूसरे पर भरोसा व विश्वास हो। तभी आपका परिवार विपत्तियों में भी खुशहाल व स्थिर रहेगा। सुंदरानी ने कहा कि जीवन व परिवार में सामंजस्य बेहद जरूरी है। एक -दूसरे की समझदारी व सामंजस्य से ही पति - पत्नी व परिवार प्रसन्न रह सकता है। रूपिका लॉरेंस ने कहा कि जीवन साथी चुनते वक्त सूरत नहीं पर सीरत का ध्यान रखें। भावी जीवन साथी में सुंदरता नहीं पर आंतरिक गुणों को पहचानें। पॉल ने कहा कि पहले दिन से ही पारिवारिक जीवन में 24 घंटे में कम से कम आधा घंटा ईश्वर की संगति में बिताएं। इससे आपका घराना प्रभु के नजदीक रहेगा।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23